खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 06°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 22 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 341 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के लघु व सीमांत किसानों को मिलेगा मात्र छह प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण पेज 2





अंडर-19 एशिया कपः पाकिस्तान टीम ने भारत को 191 रनों से हराया खेल टाइम्स



खुद ही मिट जाएंगे महात्मा गांधी को मिटाने वाले सम्पादकीय



उस्मान हादी हत्या मामलाः बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम पेज 12

# वीबी-जी राम जी विधेयक बना कानून

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है।

इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। बता दें, इस बिल पर देर रात तक संसद में चर्चा चली थी। इस मामले में विपक्ष का कहना था कि सरकार जानबूझकर मनरेगा का नाम बदल रही है, मनरेगा में महात्मा गांधी का भी नाम आता था, इसीलिए भाजपा इस नाम को हटाने के लिए ये बिल लाई। वहीं, सरकार का कहना था कि पहले की योजना में लोगों को 100 दिन का काम दिया जाता था, लेकिन अब इस कानून के तहत अब कम से कम 125 दिन काम देना अनिवार्य है। इस बहस के दौरान ही कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था।

**■ राष्ट्रपति ने दी बिल को मंजूरी, रोजगार गारंटी को अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन किया**



### मनरेगा खत्म करने के विरोध में कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सरकार के मनरेगा की जगह वीबी जी-राम-जी विधेयक पारित करने के खिलाफ कांग्रेस ने रविवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन किया और इस पर उसकी आगे की रणनीति तय करने के बारे में 27 दिसम्बर को यहां पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में विचार किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है और रोजगार गारंटी के इस अधिकार को अनुग्रह में बदल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा मनरेगा का काम करने का एक कानूनी अधिकार था, न कि कोई कल्याणकारी योजना। इसकी निधि सीमित और नियंत्रण केंद्रीकृत कर इसकी मांग- आधारित प्रकृति को बदलकर, भाजपा ने इस अधिकार को बजट पर निर्भर योजना में बदल दिया है।



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में चिल्लई कलां के पहले दिन ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी घाटी से वाहन गुजरने का खूबसूरत नजारा।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंत्रालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रक्षा मंत्रालय में पोस्टेड आर्मी अफसर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु की एक कंपनी से 3 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई ने शर्मा के घर से 2.36 करोड़ रुपये भी जब्त किए हैं। सीबीआई ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। तलाशी के दौरान काजल के घर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। काजल, डिवीजन ऑर्डिनेंस यूनिट (डीओयू) श्रीगंगानगर (राजस्थान) में कमांडिंग ऑफिसर हैं। इस मामले में बिचौलिया विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों 23 दिसम्बर तक सीबीआई की हिरासत में रहेंगे। यह मामला 19 दिसम्बर को मिली सूचना के आधार पर दर्ज किया गया।

### गुवाहाटी प्रिंटिंग प्रेस मालिक धनशोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुवाहाटी के पूर्बाश्री प्रिंटिंग हाउस के मालिक प्रियांशु बोइरागी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। एजेंसी के गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। यह गिरफ्तारी बोइरागी के ठिकानों पर तलाशी अभियान के बाद हुई। एक विशेष पीएमएलए अदालत ने बोइरागी को पांच दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इस धनशोधन मामले की जांच असम के मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अलग-अलग धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी से शुरू हुई है।

### दिल्ली में AQI 'गंभीर' श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में रविवार सुबह भी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' श्रेणी में बनी रहा। शहर के कई प्रमुख इलाकों में सुबह के समय एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, अक्षरधाम, आईटीओ, गाजीपुर और आनंद विहार इलाकों में एक्यूआई 438 दर्ज हुआ।

# महंगा हुआ रेल का सफर

**लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे**

**नई दरें 26 दिसम्बर से प्रभावी होंगी, उपनगरीय-मासिक सीजन के टिकट के दामों में कोई बदलाव नहीं**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रेलवे ने यात्री किराए के ढांचे में बदलाव करने का निर्णय लिया है, जिसके कारण लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किमी एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे। नई दरें 26 दिसम्बर से प्रभावी होंगी।



**■ वातानुकूलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर यात्रियों को मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे**

रेलवे की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि 215 किमी से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मासिक सीजन टिकट की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे के मुताबिक 215 किमी से ज्यादा के सफर पर साधारण श्रेणी के किराए में प्रति किमी एक पैसा किमी की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, मेल/एक्सप्रेस में गैर वातानुकूलित श्रेणी दो पैसा प्रति किमी किराया बढ़ाया जाएगा। इसके साथ एसी श्रेणी में भी दो पैसा प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह से गैर वातानुकूलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर यात्रियों को कुल मिलाकर मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे। रेलवे के मुताबिक इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आमदनी होगी। रेलवे ने 215 किमी से कम के सफर पर किराए में वृद्धि नहीं की है। यानी कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही रहेंगी। इसके अलावा, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है। रेलवे ने उपनगरीय ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट (एमएसटी) की टिकटों के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक टिकटों के दामों में बढ़ोतरी परिचालन लागत में हो रही वृद्धि और अवसंरचना विकास परियोजनाओं के लिए राशि की पूर्ति के लिए जरूरी है। रेलवे लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने, नई ट्रेनें चलाने और स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम कर रहा है। बीते 10 वर्षों में नेटवर्क और ट्रेनों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। सुरक्षा और बेहतर संचालन के लिए रेलकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है, जिनकी सैलरी और भत्ते का खर्च भी बढ़ा है।

# यूपी में कोल्ड-डे, कई शहरों में तापमान सात डिग्री से कम

## कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में बर्फबारी

**नई दिल्ली।** भारत के मध्य और उत्तरी हिस्सों में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का दौर जारी है। मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, उप्र, छत्तीसगढ़ समेत देश के 18 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश में सर्दी अपने चरम पर है।

इस सर्दी सीजन में पहली बार शनिवार को तापमान 3 डिग्री से नीचे पहुंच गया। शहडोल के कल्याणपुर में 2.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में लगातार एक हफ्ते से तापमान 7 डिग्री से कम है। यूपी और बिहार में कोल्ड-डे के हालात हैं। सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। दिन और रात के समय एक जैसी सर्दी पड़ रही है। ज्यादातर शहरों में धूप के दर्शन ही नहीं हो रहे हैं। ओस की

**■ मौसम विभाग ने यूपी सहित 18 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट किया जारी**

बूंदें रिमझिम बारिश की तरह पड़ रही हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। यूपी में शिमला और नैनीताल से ज्यादा सर्दी है। रविवार सुबह बरेली, कानपुर समेत कई शहरों का तापमान 7 डिग्री या उससे कम रिकॉर्ड किया गया। कानपुर में सबसे कम, 6.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। शिमला में शनिवार को तापमान 11 डिग्री और नैनीताल में 10 डिग्री रहा। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में करीब दो इंच बर्फ जमी है। सोनमर्ग में सुबह से बर्फबारी जारी है।

### कोहरे के कारण दिल्ली में 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण रविवार को 80 से ज्यादा उड़ानें अब तक रद्द हो गई हैं। हवाई अड्डे पर शनिवार रात आठ बजे के बाद ही घने कोहरे के कारण कम दृश्यता की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ी जो रविवार सुबह तक जारी रही। एयरपोर्ट की ओर से सोशल मीडिया पर बताया कि अब परिचालन सामान्य है। दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट के अनुसार रविवार को 40 से अधिक प्रस्थान की उड़ानें और लगभग इतनी ही आने वाली उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा कई उड़ानों में देरी भी हुई।





डिब्रूगढ़ : असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड के 10,601 करोड़ रुपये के ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया संयंत्र की आधारशिला रखने के अवसर पर पीएम मोदी व अन्य।

# बांग्लादेशी घुसपैठिए कांग्रेस ने ही बसाए: मोदी

**डिब्रूगढ़।** असम दौरे के दूसरे दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ में अमोनिया-यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन होगी। यह यूनिट 2030 तक चालू हो जाएगी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं। जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया।

इसलिए मुझे एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ रही है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया है और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। एसआईआर का विरोध कर रही है।

**■ कहा: उन्हें बचा भी रही, SIR का विरोध**
**■ डिब्रूगढ़ में यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया**

तुष्टिकरण और वोट बैंक के इस कहर से हमें असम को बचाकर रखना है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर खड़ी है। इससे पहले पीएम ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर 25 बच्चों के साथ करीब 45 मिनट परीक्षा पे चर्चा भी की। मोदी ने नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कार्प लिमिटेड के मौजूदा परिसर में नए फर्टिलाइजर यूनिट की आधारशिला रखी। पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा के बाद शहीद स्मारक पहुंचे। जहां 1985 में अवैध प्रवासियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने शहीद खरगेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। छह साल तक चले आंदोलन के 860 शहीदों की याद में यहां एक दीया हमेशा जलता रहता है। 170 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्मारक में पानी के कुंड, ऑडिटोरियम, प्रेयर रूम, साइकिल ट्रैक और साउंड एंड लाइट शो जैसी सुविधाएं हैं, जो असम आंदोलन और राज्य के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगा।

### अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क का खुलासा, पाकिस्तान कनेक्शन भी मिला

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने एलएसी के पास चीनी सेना की मौजूदगी व संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है। गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों व अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे।

# बांग्लादेशी मीडिया दुष्प्रचार से बाज आए: विदेश मंत्रालय

## बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा में कोई चूक नहीं, लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने यहां स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा के बारे में बांग्लादेशी मीडिया में किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि उच्चायोग की सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई है और लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के सामने शनिवार को हुए प्रदर्शन के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में रविवार को कहा कि भारत वियना कन्वेंशन के अनुसार अपने क्षेत्र में विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी मीडिया इस बारे में दुष्प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस घटना पर बांग्लादेशी मीडिया के कुछ हिस्सों में गुमराह करने वाला दुष्प्रचार देखा है। सच यह है कि 20 दिसम्बर को नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के सामने लगभग 20-25 युवा इकट्ठा हुए और उहोंने मैमनसिंह में दीपू चंद्र दास की भयानक हत्या के विरोध में नारे लगाए, साथ ही बांग्लादेश में सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की भी मांग की। किसी भी समय बाड़ तोड़ने या सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने कुछ ही मिनटों में ग्रुप को तितर-बितर कर दिया। इन घटनाओं के विज़ुअल सबूत सभी के देखने के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

**■ कहा : भारत विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध**



# सहारनपुर में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर/बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शनिवार और रविवार की रात बुलंदशहर और सहारनपुर जिले में अलग-अलग मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश को मार गिराया, जबकि एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही भी घायल हुआ है।

सहारनपुर में घायल बदमाश सिराज अहमद की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था, जबकि बुलंदशहर में ढेर बदमाश जुबैर उर्फ पीटर के सिर पर 50 हजार रुपये का इनाम था।

**■ बुलंदशहर में एक अन्य बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसटीएफ मुख्यालय को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने थाना गंगोह क्षेत्र, जनपद सहारनपुर में घेराबंदी की। सूचना थी कि सुल्तानपुर का वांछित अपराधी सिराज अहमद पुत्र मंसूर अहमद निवासी लोलेपुर, जनपद सुल्तानपुर, जिस पर हत्या के मुकदमे सहित 1,00,000 रुपये का इनाम घोषित है, किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से क्षेत्र में मौजूद है। घेराबंदी के दौरान सिराज अहमद ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अपराधी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, 30 और 32 बोर की दो पिस्टल, भारी मात्रा में जिंदा व खोखा कारतूस, चार मोबाइल फोन, दो वाई-फाई डोंगल, एक बैग और आधार समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार सिराज अहमद के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और रासुका -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में खुला सरकारी नौकरी का पिटारा

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने सरकारी नौकरी का पिटारा ही खोल दिया है। यह सभी नौकरियों के लिए लोक सेवा आयोग के जरिए भर्ती होंगी। इसके लिए आयोग ने भी वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) पोर्टल खोल दिया है। इस पोर्टल पर सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटे अभ्यर्थी 22 दिसंबर से अपना ओटीआर करा सकते हैं। संबंधित विज्ञापन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने साफ कर दिया है कि इन नौकरियों के लिए आवेदन केवल ओटीआर के जरिए ही होगा। इसके अलावा किसी माध्यम से आए आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग के मुताबिक इसी पोर्टल पर सभी नौकरियों का ब्यौरा उपलब्ध करा दिया गया है। इसी के साथ रजिस्ट्रेशन शुल्क का विवरण भी है। इच्छुक अभ्यर्थी 22 जनवरी 2026 से पहले ओटीआर कराते हुए आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। आयोग ने अपने विज्ञापन में 2 हजार से अधिक पदों के लिए आवेदन मांगे हैं।

### पीएम मोदी के दौरे से पहले यूपी बीजेपी की बड़ी बैठक

**लखनऊ।** लखनऊ में पीएम नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम को लेकर बीजेपी कार्यालय में रविवार को एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी के लखनऊ आगमन और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा करना था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रदेश आगमन की तैयारियों के लिए यह बैठक की गई है, ताकि कार्यक्रम ऐतिहासिक और सफल हो।

# भारतीय परम्पराएं करती हैं दुनिया का मार्गदर्शन



■ 'विश्व ध्यान दिवस' पर आयोजित समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को 'विश्व ध्यान दिवस' के मौके पर कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरायें विश्व का मार्गदर्शन करती हैं। राधाकृष्णन ने तेलंगाना के कान्हा शांति वनम में 'विश्व ध्यान दिवस' के मौके पर आयोजित समारोह में मन की शांति, भावनात्मक कल्याण तथा सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में ध्यान की शाश्वत प्रासंगिकता पर विशेष बल दिया।

राधाकृष्णन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान एक सार्वभौमिक पद्धति है, जो सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक सीमाओं से परे है। उन्होंने इसे मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और आंतरिक परिवर्तन के मार्ग के रूप में वर्णित किया और इस बात पर जोर दिया कि 'विश्व ध्यान दिवस' आधुनिक जीवन में चिंतन के बढ़ते महत्व को पहचानने का एक अवसर देता है। श्री राधाकृष्णन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव को सह-प्रायोजित करने में भारत की भूमिका का उल्लेख किया, जिसके तहत 21 दिसंबर को 'विश्व ध्यान दिवस' घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि विश्व ध्यान दिवस से मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने में ध्यान की शक्ति को वैश्विक मान्यता मिली है। उन्होंने ध्यान के अभ्यास को विश्व भर में फैलाने के लिए 'दाजी' के योगदान की सराहना की और कहा कि ध्यान, योग और आध्यात्मिक खोज की अपनी सदियों पुरानी परंपराओं के साथ भारत आज भी विश्व को शाश्वत ज्ञान प्रदान कर रहा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का फिक्र करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश में ध्यान को हमेशा से मन और आत्मा का एक प्राचीन विज्ञान माना गया है, जिसे ऋषियों-मुनियों ने आगे बढ़ाया है। उन्होंने भगवदगीता और तमिल के महान ग्रंथ 'तिरुमंथिरम' की सीख का उदाहरण देते हुए कहा कि ध्यान के जरिए मन पर काबू पाने से ही इंसान को आंतरिक शांति मिलती है, वह खुद को बेहतर ढंग से समझ पाता है और एक अच्छा जीवन जी पाता है।

# एक देश, एक कारोबारी एजेंडा देश के लिए घातक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ भाजपा का सिद्धांत अब 'एक का धंधा, एक से चंदा' बन चुका है: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वह देश को 'एक देश, एक कारोबारी' की दिशा में ले जाने के गोपनीय एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सिद्धांत अब 'एक का धंधा, एक से चंदा' बन चुका है, जिसके तहत देश के हर बड़े कारोबार को गिने-चुने हाथों में समेटने की कोशिश की जा रही है।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नेतृत्व चंदे की सुविधा के लिए अलग-अलग जगह न जाकर, पूरे आर्थिक तंत्र को कुछ चुनिंदा लोगों के नियंत्रण में देना चाहता है। अपने पैसों की 'महाभूख' को पूरा करने के लिए सरकार और संगठन में ऐसे लोगों को बैठाया गया है, जो बिना किसी सवाल-जवाब के हर फैसले पर हामी भरते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी देश के लिए एकाधिकार की भावना घातक होती है चाहे वह राजनीतिक हो, आर्थिक हो या सामाजिक। आज भाजपा सरकार जिस तरह से नीतियों और नियम-कानूनों में बदलाव कर अन्य औद्योगिक घरानों को कमजोर कर रही है और आर्थिक गतिविधियों को चुनिंदा समूहों तक सीमित कर रही है, उससे देश एक गंभीर और खतरनाक स्थिति की ओर बढ़ रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इसका अगला परिणाम अनियंत्रित मुनाफ़ाखोरी, महंगाई और अंततः महा-भ्रष्टाचार के रूप में सामने आएगा। एकाधिकारवादी कंपनियों के फायदे के लिए नियम बदले जाएंगे, उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली होगी और श्रमिकों का 'कम धन-अधिक श्रम' के उत्पीड़नकारी फार्मूले के तहत शोषण किया जाएगा। न

### अखिलेश ने 'अरावली बचाओ' अभियान में शामिल होने की अपील की

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली के निवासियों से 'अरावली बचाओ' अभियान में शामिल होने की भावुक अपील की है। यादव ने चेतावनी दी है कि अरावली पर्वतमाला के विनाश का शहर के पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और जीवन की गुणवत्ता पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि अरावली पर्वतमाला दिल्ली का प्राकृतिक सुरक्षा कवच और इसकी पारिस्थितिक जीवनरेखा है। अगर हमने अरावली को नहीं बचाया, तो दिल्ली रहने के लायक नहीं रहेगी। यहां की हवा सांस लेने लायक नहीं होगी, पानी पीने लायक नहीं रहेगा।

## लघु व सीमांत किसानों को मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा तोहफा

# छह प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा ऋण: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ एलडीबी से उपलब्ध कराया जाएगा, युवा सहकार सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु और सीमांत किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (एलडीबी) से किसानों को मात्र 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत शेष ब्याज का वहन राज्य सरकार करेगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में रविवार को युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में एलडीबी की ब्याज दर लगभग साढ़े 11 प्रतिशत है, जो किसानों पर अतिरिक्त बोझ डालती है। सरकार इसे कम कर किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने इसे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'सहकार से समृद्धि' के अनुरूप केंद्र सरकार ने पहली बार सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। देश के पहले सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयां मिली हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया जाना भारत की सहकारिता शक्ति का प्रमाण है। योगी ने कहा कि भारत में 8.44 लाख से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनसे 30 करोड़ से ज्यादा सदस्य जुड़े हैं। सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक समता और आत्मनिर्भरता की मजबूत गारंटी है। बीते 11 वर्षों में डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और तकनीक के उपयोग से सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। उन्होंने बताया कि एम-पैक्स (मल्टीपर्पज प्राइमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसायटी) के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाकर लाखों नए सदस्यों को जोड़ा गया है। इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। आज जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक खाते हैं और 550 करोड़ रुपए से अधिक की जमा राशि है। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय कई जिला सहकारी बैंक डिफॉल्टर हो चुके थे, लेकिन सरकार के प्रयासों से आज सभी को-ऑपरेटिव बैंक स्वस्थ हैं और किसानों की समृद्धि में योगदान दे रहे हैं। पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' पनपता था, जिसके कारण सहकारिता क्षेत्र बर्बाद हो गया था और किसानों की हजारों करोड़ रुपए की पूंजी फंस गई थी।

### 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक' की दिशा में ठोस कदम बढ़ाएं : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' पनपता था, जिसके कारण सहकारिता क्षेत्र बर्बाद हो गया था और किसानों की हजारों करोड़ रुपए की पूंजी फंस गई थी। उन्होंने बताया कि जिन 16 कोऑपरेटिव बैंकों के लाइसेंस जब्त हो गए थे, उनमें फंसे 4700 करोड़ रुपए किसानों को धीरे-धीरे वापस कराए गए। अब समय आ गया है कि 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक' की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जाएं। रविवार को लखनऊ में आयोजित युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ।

# योगी सरकार जल्द लॉन्च करेगी आयुष एप, घर बैठे मिलेगी सुविधाएं

**लखनऊ, वार्ता**

■ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सहयोग से विकसित किया जाएगा

आयुष चिकित्सा पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। योगी सरकार जल्द ही आयुष एप लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को घर बैठे आयुष से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह एप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सहयोग से विकसित किया जाएगा।

इस एप के जरिए मरीजों को ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण और अपॉइंटमेंट की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही आयुष विभाग से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। सरकार के इस कदम से न केवल आयुष चिकित्सा पद्धतियों को व्यापक पहचान मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि आयुष चिकित्सा पद्धतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। इसी उद्देश्य से आयुष एप विकसित करने को लेकर आईआईटी कानपुर से बातचीत चल रही है। एप के लॉन्च होने के बाद मरीजों को आयुष अस्पतालों और केंद्रों में ओपीडी पंजीकरण के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मरीज अपने मोबाइल फोन से घर बैठे ही डॉक्टर से मिलने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और अस्पतालों में भीड़ भी कम होगी। इस सुविधा से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# अहमदाबाद हादसे से इंडिगो संकट तक

**नई दिल्ली, वार्ता**




■ भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए चुनौतियों भरा रहा पूरा साल

भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए साल 2025 बेहद चुनातीपूर्ण रहा। साल के पूर्वार्द्ध में जहां एयर इंडिया विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया, वहीं अंतिम महीने में 'इंडिगो संकट' लाखों यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना और विमान सेवा कंपनियों के प्रति उनके विश्वास को कमजोर किया।

विमानन क्षेत्र के लिए मार्च तक सब कुछ काफी अच्छा चल रहा था। साल के पहले तीन महीने में यात्रियों की संख्या भी 10.35 प्रतिशत बढ़कर 4.32 करोड़ पर पहुंच गयी थी और उम्मीद की जा रही थी कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान पहली बार यात्रियों की मासिक संख्या डेढ़ करोड़ के पार पहुंच जाएगी। इसके बाद 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ और लोगों ने जम्मू-कश्मीर की टिकट रद्द करनी शुरू कर दी। फिर मई की शुरुआत में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद सीमा पर संघर्ष शुरू हो गया। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए और भारत ने पाकिस्तानी विमान सेवा कंपनियों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिए, जो अब तक जारी हैं। इसका असर भारतीय विमानन क्षेत्र पर पड़ना शुरू हो गया। कई मार्गों पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और कई अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर घूमकर जाने से यात्रा का समय और एयरलाइंस की लागत बढ़ गई। ऊपर से विमान ईंधन की कीमतों में इजाफे के कारण मुनाफा कमाने के लिए पहले से संघर्ष कर रही विमान सेवा कंपनियों की वित्तीय स्थिति और खराब हो गयी। मई में हवाई यात्रियों की संख्या में सालाना आधार पर महज 1.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि माह- दर-माह लगातार दूसरी गिरावट दर्ज की गयी। देश ने जून महीने में अपने विमानन इतिहास से सबसे बुरे हादसों में से एक का समाना किया। एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 ने गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे से 230 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों के साथ लंदन के गैट्विक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी। टेकऑफ के तुरंत बाद विमान ऊंचाई हासिल करने में असफल रहा और बीजे मेडिकल कॉलेज के होस्टल से टकरा गया और उसमें आग लग गयी। देखते ही देखते विमान आग के गोले में तबदील हो गया। चमत्कार के रूप में विश्वासकुमार रमेश नामक एक यात्री मामूली जख्मों के साथ खुद चलता हुआ मलबे से बाहर निकलने में कामयाब रहा। विमान में सवार अन्य सभी 241 लोगों की मौत हो गई। जमीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 67 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। एयर इंडिया हादसे की प्राथमिक जांच रिपोर्ट में पायलट की गलती को इसकी मुख्य वजह बताया गया है।

### उद्योगों के आंकड़ों वैश्विक कारकों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर उद्योगों के आंकड़ों और वैश्विक कारकों पर रहेगी। आने वाले सप्ताह में सोमवार को आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा वैश्विक कारकों पर भी निवेशकों की नजदीकी नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 338.30 अंक (0.40 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 80.55 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 25,966.40 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.06 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक पूरे सप्ताह के उतार-चढ़ाव से होता हुआ सपाट रहा।

# चावल, गेहूं मजबूत, चीनी दालें नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। ग्राहकी आने से गेहूं में भी तेजी रही। वहीं चीनी और दालों में गिरावट रही, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 71 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,827 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं 10 रुपए चढ़कर 2,858.33 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा 3,305.69 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 16 रुपए और सोया तेल 15 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति 55 रुपए और सरसों तेल 49 रुपए मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल में 37 रुपए और पाम ऑयल में पांच रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 59 रुपए और उड़द दाल की 58 रुपए प्रति क्विंटल उतर गयी। मसूर दाल 24 रुपए और मूंग दाल 19 रुपए सस्ती हुई। चना दाल 14 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी 27 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7778.81 रुपए, मसूर काली 8098.20 रुपए, मूंग दाल 10077.20 रुपए, उड़द दाल 10331.02 रुपए, तुअर दाल 10474.97 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2858.33 रुपए और चावल 3826.69 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.80 रुपए और गुड़ 4999.87 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17648.52 रुपए, मूंगफली तेल 17687.78 रुपए, सूरजमुखी तेल 15790.00 रुपए, सोया तेल 13770.86 रुपए, पाम ऑयल 12486.45 रुपए और वनस्पति 14454.29 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# आगरा में भरभराकर गिरी बेसमेंट की दीवार, दो की मौत

**आगरा।** आगरा जिले के बाह थाना क्षेत्र के बटेश्वर पास में स्थित गांव बिजकौली में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट की दीवार ढहने से अलाव ताप रहे सात लोग दब गए। इसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे के समय बेसमेंट में मिट्टी का भराव हो रहा था।

सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद सभी की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उनको आगरा रेफर कर दिया। आगरा ले जाते समय हीरालाल और योगेश की रास्ते में मौत हो गई। लोगों ने दो घंटे तक मशक्कत के बाद मलबे में बदे सभी सात लोगों को बाहर निकाला और पास अस्पताल में ले गए। वहां से हालत गंभीर होने पर सभी एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डीसीपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि दीवार और बेसमेंट के मलबे में दबे दो घायलों की उपचार के दौरान मौत हो गई है।

बाकी पांच घायल का उपचार चल रहा है। गांव बिजकौली में जोर सिंह प्रजापति के निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में रविवार सुबह 11 बजे कुछ लोग अलाव पर ताप के साथ ही कुछ लोग ताश भी खेल रहे थे। रविवार को बेसमेंट में काम चल रहा था, उसमें मिट्टी डाली जा रही थी। इसके साथ ही पानी भी भरा हुआ था, मिट्टी के दबाव और पानी की वजह से दीवार ढह गई। इससे अलाव ताप रहे और ताश खेल रहे लोग दीवार के मलबे में दब गए, मौके पर चीख पुकार मच गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सहारनपुर में...**

सहित करीब 30 आपराधिक मुकदमे विभिन्न जनपदों में दर्ज हैं। वहीं दूसरी घटना जनपद बुलंदशहर की है, जहां थाना कोतवाली देहात और गुलावठी पुलिस टीम की 50,000 रुपये के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आजाद उर्फ जुबैर उर्फ पीटर (35 वर्ष) निवासी उमर गार्डन कॉलोनी, थाना श्यामनगर लिसाड़ी गेट, मेरठ पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी घायल होने की सूचना है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत बदमाश के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, जिदा व खोखा कारतूस और बिना नंबर की एचएफ-डीलक्स बाइक बरामद की गई है।

# महात्मा गांधी की दूसरी बार कर दी गई हत्या

**चेन्नई, वार्ता**



■ वीजीरामजी बिल विवाद पर बोले कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने संसद में पास हुए वीरामजी बिल को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस स्कीम में बदलाव करके महात्मा गांधी की दूसरी बार हत्या की गई है। यह न तो सही इंग्लिश है और न ही इंडियन, बल्कि सिर्फ इंग्लिश अक्षरों में लिखे हिंदी शब्द हैं, जिन्हें मंत्रियों को भी समझना मुश्किल लगता है।

तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पी चिदंबरम कहा कि नई स्कीम पूरे देश में लागू नहीं होगी। केंद्र सरकार तय करेगी कि किन जिलों और इलाकों में काम मिलेगा। इसमें कहा गया है कि यह स्कीम साल में 60 दिन लागू नहीं की जा सकती, बिना यह बताए कि कौन से 60 दिन? पी चिदंबरम ने कहा कि अगर किसी जिले को 'कोई काम नहीं' वाला घोषित कर दिया जाता है, तो लोग नौकरी की मांग भी नहीं कर सकते। नए कानून में कई गंभीर कमियां हैं, यह अब कोई एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम नहीं रही, इसमें कोई गारंटी नहीं है और सबसे ज्यादा नुकसान गरीबों को होगा। उन्होंने कहा कि साल में 100 दिन की मजदूरी वाली रोजगार गारंटी स्कीम 12 करोड़ परिवारों के लिए लाइफलाइन थी, ताकि यह पक्का हो सके कि घर का कोई भी सदस्य भूखा और उदास न सोए। यह गरीबों, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए एक वरदान थी, जिनके पास रेगुलर रोजगार नहीं था। इसने घर की महिलाओं के हाथों में पैसे दिए, जिससे उन्हें इतनी आजादी मिली, जो उनकी पुरखों को नहीं मिली थी। इसने गरीबों के लिए एक सुरक्षा जाल बनाया, यह बिल इन फायदों को बेरहमी से छीन रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के पहले बजट (2004-05) में उन्होंने कहा था कि हमारी योजना में गरीबों का पूरे प्लान फंड पर पहला हक होगा। नेशनल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट पर काम शुरू हो गया है। इसका मकसद हर गरीब घर में एक काबिल व्यक्ति को साल में 100 दिन के रोजगार की गारंटी देना है, लेकिन वर्तमान स्कीम राज्य-विशिष्ट होगी और लागत केंद्र और राज्य 60-40 के अनुपात में बांटेंगे। केंद्र सरकार हर राज्य को फंड का एक नॉर्मेटिव एलोकेशन करेगी, एलोकेशन से ज्यादा खर्च राज्य उठाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी मामलों में आर्बिटर होगी, जिससे बिल संघीय व्यवस्था के खिलाफ है।

# विश्वविद्यालय परिसरों में आवारा कुत्तों की रोकथाम अनिवार्य, नोडल अधिकारी नियुक्त करने होंगे

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश और निवास को रोकने के लिए तत्काल एवं प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट के 7 नवंबर 2025 के आदेश के अनुपालन में जारी किए गए हैं, जिसमें संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई गई थी।

यूजीसी के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके तहत सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को चार प्रमुख कदम अनिवार्य रूप से लागू करने होंगे। पहला, प्रत्एक शिक्षण संस्थान अपने परिसर की स्वच्छता और देखरेख के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करेगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि आवारा कुत्ते परिसर में प्रवेश न करें या निवास न करें। नोडल अधिकारी का विवरण मुख्य द्वार पर प्रदर्शित किया जाएगा और स्थानीय नगर निकाय को भी सूचित किया जाएगा।

दूसरा, छात्रों और कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जानवरों के आसपास सुरक्षित व्यवहार, कुत्ते के काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार और तत्काल रिपोर्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। तीसरा, स्टेडियमों और खेल परिसरों में चौबीसों घंटे सुरक्षा या ग्राउंड-कीपिंग कर्मियों की तैनाती की जाएगी, ताकि आवारा कुत्तों की आवाजाही पर निगरानी रखी जा सके। चौथा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप अन्य सभी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

# दीवार से टकराई कार, एक की मौत, दो गंभीर

## जौली चौकी के सामने हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र की जौली चौकी के सामने अनियंत्रित होकर कार दीवार से टकरा गयी। जिसमें सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। एंबुलेंस द्वारा घायलों को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहांचिकित्सक ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। दो घायलो को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आगरा जिले के फतेहपुर सीकरी निवासी रिजवान उर्फ राजा पुत्र शमसुद्दीन आईआईटी ग्लोबल फैक्ट्री नोएडा में सुपरवाइजर के पद पर तैनात था। शुक्रवार की रात 11 बजे लगभग वह अपने प्रोडक्शन मैनेजर शिवम को टेक्सी कार चालक विनोद कुमार के साथ उत्तराखंड हरिद्वार जिले के भगवानपुर में अपनी ससुराल जा रहे थे जैसे ही वह नहर पटरी मार्ग पर जोली चौकी के पास पहुंचे तभी कार अनियंत्रित होकर कर दीवार से टकरा गई जिसमें बैठे चालक विनोद कुमार, शिवम व रिजवान उर्फ राजा गंभीर रूप से घायल हो गए तथा वेगर आर कार संख्या यूपी 16 डीएफ 4277 क्षतिग्रस्त हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को भोपा सीएचसी भिजवाया जहां चिकित्सक ने रिजवान उर्फ राजा को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत के चलते घायल शिवम व चालक विनोद कुमार को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# फैक्ट्री में करंट लगने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** एक युवक की फैक्ट्री में बिजली के करंट लगने से मौत हो गई। फैक्ट्री मालिक से मिले मुआवजे के 13 लाख रुपए मृतक के पिता व पुत्रों ने हड़प लिये। मृतक की पत्नी को कुछ नहीं दिया गया। पीडिता ने उनके विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मुआवजा राशि व उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

छपार के मजरा जयभगवानपुर निवासी दीप अंशुल गांव मेदपुर स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था उसकी आठ अगस्त को बिजली का करंट लगने से मौत हो गई थी फैक्ट्री मालिक ने मृतक के पिता को बच्चों के भरण पोषण के लिए 13 लाख रुपए दिये। मृतक की पत्नी साक्षी का आरोप है कि उसके ससुर रविन्द्र व उसके तीन पुत्रों ने उसे कुछ नहीं दिया जबकि उसके दूधमुंहे दो बच्चे हैं उसने रुपए मांगे तो जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीडिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके ससुर के पास 12 बीघा जमीन व घर ओर घेर है उसे उनमें से हिस्सा व मुआवजा की रकम दिलाई जाये जिससे वह अपने बच्चों का पालन पोषण कर सके ओर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाये।

# प्रतिबंधित दवाई पकड़ी, थाने पर भीड़

## जनपद में दूसरे राज्यों की टीम कई बार कर चुकी बड़े खुलासे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद कभी नशीली दवाई तो कभी नकली दवाई के मामले में चर्चाओं में रहता है जनपद की प्रसिद्ध मार्किट में हरियाणा, पंजाब आदिराज्यों की पुलिस कई बार छापेमार कार्यवाही भी कर चुकी है। इतना हीं नहीं नगरमें छापे के दौरान कई नाम चिन्ह चेहरे नकली व नशीली दवाई बेचने के लिए उजागर भी हो चुके है। जनपद पुलिस कई व्यापारियों को प्रतिबंधित दवाई बेचने के आरोप में जेल भी भेज चुकी है, लेकिन इसके बाद भी नकली दवा व नशीलीदवाईयों का काराबार खत्म नहीं हो रहा है। रविवार को भी एक ऐसा ही मामला चर्चाओं में आया जहां जिला परिषद मार्किटसे चंद कदम दूरी पर एक मेडिकल स्टोर पर छापेमार कार्यवाही केदौरान नशीली दवाई बरामद होने की चर्चाए जोरो पर है, हालांकि सरकार प्रतिबंधित दवाई बेचने वालोंपर कडी कार्यवाही के आदेश दे रही है, लेकिन सरकार की गाइडलाइन को कुछ मेडिकल संचालक पलीता लगा रहे है।

आज मेडिकल स्टोर स्वामी को संबंधित थाने की पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया, लेकिन उसको छुडाने के लिए कुछ बड़े-बड़े नेताओं के फोन पुलिस अफसर पर गुंजते रहे। जानमारी मिली है कि सूचना के आधार पर पुलिस ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में नशीली दवाईयों का जखीरा पकडा और संचालक को पूछताछ के लिए थाने लाया गया जिसके बाद मार्किट व अन्य मेडिकल स्टोरों पर हडकंप मच गया।

कुछ देर बाद ही सिविल लाइन थानो पर सिफारिश करने वालों का जमावडा लग गया था। बता दे कि इससे पहले भी सिविल लाइन क्षेत्र और मडी क्षेत्र में प्रतिबंधित दवाईयों और नकली दवाईयों का भारीमात्रा मे जखीरा पकडा गया और बाहर की नार्कोटिक्स टीम और पुलिस की छापेमार कार्यवाही में बड़े-बड़े खुलासे हुए हजारों, लाखों नहीं करोडो रूपयें की नकली दवाई बेचने के कारोबार का खुलासा हुआ, लेकिन सवाल यही उठता है कि आखिर जनपद में दोबारा किस के इशारे पर नकली व नशीली दवाईयों का कारोबार शुरू होता है। अगर गौर किया जाए तो लोकल ड्रग्स विभाग उस वक्त हरकत में आता है जब बाहर की टीम जनपद में आकर कार्यवाही करती है। कुछ लोग तो सीधे-सीधे स्थानीय विभाग पर ऊंगली उठा रहा है। उधर सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की शाम तक छानबीन चलती रही और इस मामले में अधिकारी भी संज्ञान लेते रहे।

# प्रदूषित कचरा जलाने वाली उन्नीस पेपर मिलों को नोटिस



## पुलिस ने सीज किए कूड़े से लदे दस ट्रक

**मुजफ्फरनगर।** प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी गितेश चन्द्रा ने विभगीय टीम की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्नीस पेपर मिलों को आरडीएफ की आड में प्रतिबंधित कचरा जलाने पर नोटिस जारी किए है। गौरतलब है कि कल जनपद में बढ़ते प्रदूषण के विरूद्ध भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) द्वारा शनिवार को भोपा रोड पर शुरू हुआ आंदोलन के बाद कार्यकर्ताओं ने पानी से भरे ट्रकों को शहर में प्रवेश होने से रोक दिया। और प्रदूषण फैलाने वाली इकाईओं के विरूद्ध धरना दिया गया, लेकिन चल रहा धरना प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही के बाद धरना समाप्त कर दिया है। किसानों ने बताया कि जनपद में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है जिससे लोगों को सांस फूलना, दम घूटने की बीमारी के साथ आंखों की रोशनी पर भी फर्क पड़ रहा है। भीड़ ने बताया कि इसका असर पूरे जनपद में फैल रहा है। भाकियू नेताओं ने बताया कि मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। धरना दे रहे कार्यकर्ताओं ने पेपर मिल स्लग यूनिट और अन्य औद्योगिक इकाईओं पर यह आरोप लगाया कि फैक्ट्री ईंधन के नाम पर बाहर से कचरा मंगाकर जला रही है जिससे दिल्ली समेत अन्य शहरों से आरडीएफ के नाम पर म्युनिसिपल कचरा मंगाया जा रहा है। इसमें कैमिकल के गीले कपडे, रबड, टायर, हैवी मैटल और मृत पशु को भी जलाया जा रहा है। जिससे जनपद में प्रदूषण बढ़ रहा है। कुल मिलाकर बढ़ते प्रदूषण को लेकर शुरू हुए धरने को स्थगन होने के बाद देर रात करीब एक बजे राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने यह भी साफ किया कि आंदोलन का स्थगन है। आंदोलन समाप्तनहीं हुआ अगर दोबारा आरडीएफ के नाम पर कचरा जलाया गया तो आंदोलन इससे भी बड़ा होगा। उन्होने कहा कि जानसठ रोड, जोली, भोपारोड, और नरा जडोदा औद्योगिक क्षेत्र में भी प्रदूषण बड़े स्तर पर पहुंच चुका है।



मुजफ्फरनगर: सेल्टर हाउस का निरीक्षण करते अपर स्वास्थ्य निदेशक।

### शाह टाइम्स पर ईएसआईसी का चिकित्सा शिविर आज

**मुजफ्फरनगर।** ईएसआईसी कर्मचारी राज्य बीमा कॉरपोरेशन बीमा योजना का लाभ लेने वाले श्रमिकों और उनके परिजनों के लिए 22 दिसंबर को सुज्डू चुंगी के निकट शाह टाइम्स समाचार पत्र के कार्यालय में एक कैंप लगाने जा रहा है।

प्रात: 10 बजे शुरू होगा, जिसमें इस योजना में पंजीकृत श्रमिक एवं उनके परिजनों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा उन्हें जो भी बीमारियां होंगी उनका समुचित इलाज किया जाएगा। जिन श्रमिकों को इलाज के लिए टेस्ट करने की आवश्यकता होगी उनके टेस्ट भी किए जाएंगे। दवाइयां भी दी जाएंगे।

# वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान से ही सुरक्षित है भारत की अस्मिता: नरेंद्र कश्यप

## 195वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कई जिलों से आए हजारों लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय रुड़की रोड स्थित दीपक पैलेस में 'वीरांगना झलकारी बाई कोरी एकता मंच' एवं समस्त कोरी/भुईयार समाज द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना झलकारी बाई की 195वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। 'क्रान्ति की झलक-झलकारी' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वत्तंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप जी ने उपस्थित जनसमूह में जोश भर दिया।

**इतिहास के पन्नों में झलकारी बाई का स्थान अतुलनीय:** नरेंद्र कश्यपमुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि झलकारी बाई कोरी केवल एक समाज की गौरव नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की धरोहर हैं। उन्होंने कहा: जब-जब भारत की आजादी का इतिहास लिखा जाएगा, वीरांगना झलकारी बाई का नाम स्वर्ण अक्षरों में चमकता रहेगा। उन्होंने जिस वीरता के साथ अंग्रेजों का मुकाबला किया और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के प्राणों की रक्षा करते हुए स्वयं को बलिदान कर दिया, वह बलिदान अद्वितीय है। आज देश की बेटियों को झलकारी बाई के चरित्र से आत्मबल और साहस की शिक्षा लेनी चाहिए।

**विकास और सशक्तिकरण पर जोर:** मंत्री ने समाज के पिछड़ेपन को दूर करने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान की डबल इंजन सरकार वीरांगना झलकारी बाई के सपनों का भारत बना रही है। उन्होंने कहा कि कोरी और भुईयार समाज ने सदैव राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँच रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा के हथियार से अपनी गरीबी और पिछड़ेपन को मात दें।

**कार्यक्रम की भव्यता और मुख्य अतिथि:** कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना झलकारी बाई, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संत शिरोमणि रविदास जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। कश्यप ने आगे कहा कि झलकारी बाई ने साबित किया कि वीरता किसी खास परिवार या वर्ग की बपौती नहीं होती।

**हजारों की संख्या में उमड़ा समाज:** विचार गोष्ठी में मुजफ्फरनगर के साथ-साथ सहारनपुर, शामली, मेरठ, बिजनौर और बागपत से हजारों की संख्या में समाज के लोग जुटे। मंच के पदा. धिकारियों ने मंत्री नरेंद्र कश्यप जी को गदा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन और आयोजन श्वीरांगना झलकारी बाई कोरी एकता मंचश द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश कोरी, इंद्रजीत कोरी, राजपाल भुईयार, सुखबीर कोरी एडवोकेट, नीरज धानिया, रीता भुईयार, सुमेध भुईयार सहित भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में अपर निदेशक ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण

■ जिला चिकित्सालय में हर प्रकार की सुविधा मुहैय्या कराने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सहारनपुर मंडल के अपर निदेशक डॉ. रामानंद द्वारा आज जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय में संचालित रैन बसेरों एवं इमरजेंसी सेवाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया भी उनके साथ उपस्थित रहे।

वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर को ध्यान में रखते हुए अपर निदेशक द्वारा विशेष रूप से रैन बसेरो की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां ठहरने वाले मरीजों एवं तीमारदारों के लिए उपलब्ध कंबल, बिस्तर, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि ठंड के मौसम में रैन बसेरो में किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाएं। जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी सेवाओं के निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक डॉ. रामानंद ने मरीजों के त्वरित उपचार, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता, दवाओं की स्थिति, उपकरणों की कार्यशीलता तथा स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि ठंड के मौसम में बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह सतर्क एवं सुदृढ़ रखी जाएं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने अपर निदेशक को अवगत कराया कि शीतलहर को देखते हुए जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं और रैन बसेरो में व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अपर निदेशक द्वारा दिए गए निर्देशों के शीघ्र अनुपालन का आश्वासन भी दिया।

निरीक्षण के अंत में अपर निद. ेशक डॉ. रामानंद ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कड़ाके की ठंड में आमजन, मरीजों एवं उनके परि. जनों को सुरक्षित एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठंड के मौसम को देखते हुए इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और जनहित में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी बनी रहें।

# नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के आवास पर वोटर पंजीकरण कैम्प

## घर से ही वोटर पंजीकरण की पहल, खुद बैठकर बनवाए नागरिकों के वोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत नगर में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप पटेलनगर नई मंडी में मतदाता पंजीकरण कैम्प का शुभारंभ किया गया, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने आकर अपने वोट बनवाने का काम किया। पालि. काध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने स्वयं बैठकर नागरिकों का मार्गदर्शन किया और उनके वोट बनवाए। कैम्प का उद्देश्य नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना तथा नागरिकों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना रहा।

रविवार को पटेलनगर में अपने आवास पर शुरू किये गये वोटर पंजीकरण कैम्प के दौरान नगरपा. लिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप स्वयं उपस्थित रहे और कैम्प में आए नागरिकों के बीच बैठकर वोट बनवाने की प्रक्रिया को नजदीक से देखा। उन्होंने मौके पर मौजूद युवाओं, महिलाओं एवं पहली बार मतदान करने वाले पात्र नागरिकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई और फार्म भरवाने में सहयोग किया। इस अवसर पर नागरिकों को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए बताया गया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना लोकतंत्र में भागीदारी का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। अधिक से अधिक लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए घर से ही वोटर पंजीकरण जैसी सुविधा उपलब्ध कराना इस अभियान की विशेषता रही।

नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। नए मतदाताओं को जागरूक करना और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। घर-घर और मोहल्लों में इस प्रकार के कैम्प लगाकर हम लोकतांत्रिक सहभागिता को और मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे आगे आकर न केवल अपना वोट बनवाएं, बल्कि अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। देश और प्रदेश के विकास में प्रत्येक मतदाता की भूमिका अहम होती है। ऐसे कैम्प लोगों को सुविधा देने के साथ-साथ उन्हें यह एहसास भी कराते हैं कि उनका एक वोट लोकतंत्र की दिशा तय कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जाना चाहिए ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। बताया कि यह कैम्प निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन अनुसार तय समयावधि तक चलाया जायेगा। यहां नागरिक अपना एक फोटो, आधार कार्ड के साथ आकर वोटर पंजीकरण करा सकता है।

इस दौरान मुख्य रूप से युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, मौहम्मद खालिद, मोहित मलिक, समाजस. ेवी अनिल ऐरन के अलावा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और नागरिकों का मार्गदर्शन किया। कैम्प में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली और बड़ी संख्या में नए मतदाताओं ने अपना पंजीकरण कराया। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों ने भी सराहना व्यक्त की और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की।




मुजफ्फरनगर: नई वोट बनवाने के लिए नई मंडी में दिखा मतदाताओं में उत्साह।

### कैमरे की मदद से एलईडी चोर पकड़ा

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद एलईडी चोर को कुछ ही समय बाद गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि सिविल लाइन क्षेत्र के अंसारी रोड की कामधेनू मार्किट के व्यापारी पुलकित तायल पुत्र मुल. चंद ने पुलिस को सूचना देकर बताया था कि चोर ने एलईडी चोरी कर ली है। पुलिस ने सीसीटीवी चैक की और बदमाशों तक पहुंचने के लिए काफी भागदौड की। कुछ घंटे बाद ही पुलिस को सफलता मिली जहां पुलिस ने महमूदनगर निवासी साहिल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई एलईडी भी बरामद कर ली है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।




मुजफ्फरनगर: जयंती उत्सव में मंचासीन अतिथि।

# शराबी चालकों की तलाश में पुलिस ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गत रात्रि को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण में तथा पुलिस उपाधीक्षक यातायात रविंद्र प्रताप सिंह एवं यातायात प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष रात्रि चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान यातायात पुलिस मुजफ्फरनगर द्वारा थाना छपार पुलिस के सहयोग से छपार टोल प्लाजा पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से सघन चेकिंग की गई। इस चेकिंग अभियान में लगभग 1000 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 12 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाए गए। सभी के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान की कार्यवाही करते हुए कुल 24,000/- का जुर्माना अधिरोपित किया गया।



इसके अतिरिक्त हाईवे पर स्थित होटल/ढाबों के सामने सड़क किनारे खड़े वाहनों, जिनसे दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है, उन्हें भी मौके से हटवाया गया। यातायात पुलिस जनपदवासियों से अपील करती है कि अपने वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, कोहरे के मौसम में दुर्घटनाओं से बचाव हेतु अपने वाहन में आगे-पीछे अच्छी गुणवत्ता के रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाएं।

# सीएम योगी के चिंतन से दुर्घटनाओं में आएगी कमी!

**लापरवाही पर जब्त होगे लाइसेंस, सीज किए जाएगे वाहन**

**सलाउद्दीन अब्बासी/नसीम कुरैशी**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ये कथन कि सड़क इंजीनियरिंग की कमियां भी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। खराब साइनेज, अव्यवस्थित कट, अंधे मोड़ व गलत तरीके से बने स्पीड ब्रेकर दुर्घटनाओं को बढ़ाते हैं शायद अब अधिकारियों का इस और ध्यान दिलवाकर दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने का काम करेगा ऐसी उम्मीद जगी है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी अन्य संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि समय बद्ध तरीके से सुधार कार्य सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर ही बनाए जाएं व सब सड़कों का नियमित रोड सेफ्टी ऑडिट कराया जाए। दुर्घटना के बाद समय पर इलाज न मिलने से कई लोगों की जान चली जाती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि त्वरित एम्बुलेंस सेवाएं, बेहतर ट्रॉमा सेंटर और अस्पतालों की तैयारी सुनिश्चित हो। एम्बुलेंस सेवाओं की नियमित जांच व मॉनिटरिंग हो। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि 2025 में नवंबर तक प्रदेश में 46 हजार से ज्यादा दुर्घटनाए हुई। इनमें 24 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। इन आंकड़ों पर गहरी चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये स्थिति स्वीकार्य नहीं और इसे हर हाल में बदलें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जनवरी के पहले हफ्ते में प्रत्येक जिले, तहसील, ब्लॉक व सब प्रमुख मुख्यालयों पर सड़क सुरक्षा से जुड़ी जागरुकता सामग्री अनिवार्य रूप से लगाई जाए साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे संगठनों की सक्रिय भागीदारी को भी सुनिश्चित किया जाए।

**मुजफ्फरनगर जिले में हैं कई डेंजर पाइंटसः** अगर देखा जाए तो समूचे जनपद मुजफ्फरनगर में भी ऐसे कई प्वाइंट हैं जहां पर हर दसवें दिन कोई ना कोई बड़ी दुर्घटना होनी ही होनी है। बस एक दो दिन हो हल्ला रहता है उसके बाद कोई भी संबंधित अधिकारी हमेशा के लिए कुछ भी ऐसा प्रबंध करता दिखाई नहीं देता कि जिससे दोबारा दुर्घटना ना हो। इसके लिए अगर गंभीर चिंतनघ पहली दुर्घटना पर ही हो जाए तो वास्तव में दूसरी दुर्घटना होए ही नहीं और लोग अपने गंतव्य सही सलामत पहुंचें।

**नाबालिगों के हाथ में भी रहता है स्टेयरिंगः** अगर देखा जाए तो सड़क दुर्घटना में नाबालिग भी मौत के मुंह में समाते हैं। अक्सर देखा जाता है कि या तो परिजनों की आंखों में धूल झोंककर उनके चिराग सड़कों पर पूरी रफ्तार से दौड़ते हैं तो कुछ के परिजन वाहनों को अपने नाबालिग बच्चों को खुद देकर शायद अपनी शान ही समझते हैं कि देखो कम उम्र में भी उनका चिराग कैसे सड़कों पर तेज रफ्तार वाहन दौड़ाता है। शायद वे इसे काम्पीटिशन ही समझते हैं और अपने घर के चिराग को खो देते हैं। ये खतरनाक प्रतिस्पर्धा बच्चे सड़कों पर वाहन ले जाकर अपने से आगे जाने वाले को पीछे छोड़ने के लिए तेज रफ्तार वाहन चलाकर भी जिंदगी दांव पर लगाने का जोखिम भरा काम करते हैं। स्कूल में जाने वाले सैंकड़ों बच्चों के हाथों में वाहन का स्टेयरिंग रहता है और फिर छट्टी के बाद जल्दी घर पर जाने की होड़ भी जिंदगी पर भारी पड़ती है।

**यातायात नियम बताने को रोड पर निकलती है रैलियां:** लोगों को यातायात के नियमों को समझाने के लिए समय समय पर किसी ना किसी संगठन के द्वारा स्कूली बच्चों को साथ लेकर रोड पर रैलियां भी निकाली जाती हैं लेकिन इसका फायदा कहीं पर भी नजर नहीं आता। इन रैलियों के निकलने के बाद भी दुर्घटनाओं पर किसी भी तरह का अंकुश लगता नहीं दिखता। मुजफ्फरनगर जनपद में किसी ना किसी थाना क्षेत्र में छोटी बड़ी घटनाएं होना रोजाना अब आम बात हो चली है। यातायात पुलिस भी पूरे जोर लगाती है और वे गांधीगिरी को अपनाते हुए वाहन चालकों को सिर पर हैल्मेट रखने के लिए बोलते हैं। वाहनों की रफ्तार कम करने को कहते हैं लेकिन अमल करने को कोई भी तैयार नहीं होता। बस सभी को अपने अपने गंतव्यों पर जल्दी से जल्दी पहुंचने की होड़ जो रहती है वही कभी ना कभी मौत का ही कारण बनती है और फिर परिवारों में कोहराम ही मचता है।

**एम्बुलेंस व स्कूल वाहनों की हो विशेष जांचः** एम्बुलेंस सेवाओं और स्कूल वाहनों की फिटनेस की विशेष जांच के लिए भी पूरे जिला मुजफ्फरनगर में अभियान चले। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहनों और एम्बुलेंस संच. ालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो तो काफी हद तक दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। एक्सप्रेस वे और हाइवे के किनारे लंबे समय तक खड़े वाहनों, डग्गामार वाहनों और भारी ट्रकों को भी हटाने का काम हो तो ये भी दुर्घटनाओं में भारी कमी लाने का काम कर सकता है। आदतन यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई हो।

ड्राइविंग लाइसेंस जब्त हो और वाहन सीज हो। ब्लैक स्पॉट सुधार, नियमित रोड सेफ्टी ऑडिट, एम्बुलेंस व स्कूल वाहनों की फिटनेस की जांच हो तो शायद इससे भी दुर्घटनाओं में कमी आए। कुल मिलाकर अगर मुख्यमंत्री के आज के सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन हो वास्तव में सड़क दुर्घटनाओं में बहुत कमी आएगी ऐसी उम्मीद है।

## तीन मकान मे चोरी की घटना से ढांसरी गांव मे हड़कंप



**मोरना।** क्षेत्र के गांव में बंद पड़े मकानों में चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है। चोरो ने मकान मे घुसकर सोने चांदी के ज़ेवरात चोरी कर लिये। पीडित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी लोकेश ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह छत्तीसगढ़ राज्य मे गन्ना कोल्हू मे मजदूरी करने के लिए परिवार के साथ गया हुआ था। शुक्रवार को उसके पड़ोसी मोंटी ने कॉल कर बताया कि उसके पडोसी नरेश व देवेंद्र के मकान से ताले तोड़कर चोरी की गई है। रविवार को लोकेश ने घर के सामान को खुर्दबुर्द देखा चोरो ने घर मे रखे दो सोने के कुंडल , दो सोने के ओम, गले का चांदी का सेट,दो जोड़ी पाजेब,दो सोने की लोंग चोरी कर लिये।पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। नरेश व देवेन्द्र का अभी छत्तीसगढ़ से नहीं आये हैं। थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया की मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। पुलिस जांच मे जुटी हुई है।

## समाजसेवी ने जलवाए अलाव



**बुढ़ाना।** ग्राम प्रधान भयंकर सर्दी में भी अलाव नहीं जलवा रहा। ग्रामीण ग्राम प्रधान के इस कार्यकाल को कोस रहे हैं और कह रहे हैं गांव के प्रधान ने सरकारी रुपये की बंदरबांट कर अपना विकास तो पर लिया लेकिनघ गांव में जगह जगह गंदगी, क्षतिग्रस्त खड़ंजे से गांव के लोग बेतहाशा परेशान हैं। कोई भी अधिकारी ग्रामीणों की सुध लेने वाला नहीं है। भयंकर सर्दी में भी अलाव कोई और ही जलवाकर ग्रामीणों को राहत देने का काम कर रहा है। इसी के चलते गांव मंदवाड़ा में प्रधान पद के प्रत्याशी एडवोकेट नफीस अहमद ने पूरे गांव के हर एक चौराहे पर अलाव जलाने का प्रबंध किया है। जिसका लुप्त ग्रामवासी उठा रहे हैं और इस विषय को लेकर पूरे गांव में चर्चा बनी हुई है और पूरे गांव में नफीस अहमद एडवोकेट का लोग शुक्रिया करते नहीं थक रहे। नफीस अहमद एडवोकेट से बात हुई तो उन्होंने कहा की यह अलाव पूरे गांव में ऐसे ही जलते रहेंगे जब तक सर्दी रहेगी। ठंड का चरम अभी आना बाकी है लेकिन अभी से ही सर्दी का सितम जारी हो गया है। लोग सर्दी से बचने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे हैं वहीं गरीब के लिए तो अलाव ही एकमात्र सहारा होता है। यहां गांव में पड़ रही हाड़ कंपाऊ ठंड को देखते हुए समाजसेवी ने अलाव की व्यवस्था कराई है। उनके उस पुनीत कार्य की स्थानीय लोगों ने खास प्रशंसा की है। नफीस अहमद ने गांव में अलाव की व्यवस्था की है। ये एक बहुत ही सराहनीय कदम है।

## खम्बे हटाने को सांसद से ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**मोरना।** मीरावाला से दरियापुर राजबाह पटरी मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बने बिजली के खम्भों को हटवाने के लिए किसान रविवार को क्षेत्रीय सांसद चंदन चौहान से मिले। किसानों ने सांसद को ज्ञापन देकर खंभे हटवाने के लिए अपनी मांग रखी। पीड़ित किसान काफी समय से समस्या के समाधान के लिए प्रदर्शन कर मांग कर रहे हैं। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव मीरावाला निवासी डॉ संजय प्रधान, जसवीर सिंह, देवेंद्र नागर, विनोद कुमार, अर्जुन सिंह, दरियापुर निवासी बबलू प्रधान, अरुण कुमार, लीलू सिंह, खरपौड़ निवासी सोनू, अजय, सुमित कुमार ने रविवार को बिजनौर सांसद चंदन चौहान से मिलकर अपनी समस्या बताई। किसानों ने बताया कि मीरावाला गांव से दरियापुर तक उन्होंने अपने ख्रषि भूमि देकर रास्ता चौड़ा कराया है। ताकि उनके गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्राली, बुग्गी गुड़ कोल्हु, चीनी मिलों व गन्ना तौल सेंटर तक पहुंच सके। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए सड़क उखाड़कर पत्थर भी डाल दिए गए हैं। परंतु सड़क निर्माण में बीच खड़े बिजली के खंभे बाधा बने हुए हैं। इन खंभों पर 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन लगी है। पीड़ित किसान पिछले कई महीनो से खंभे हटवाने की मांग कर रहे हैं।

## पुराने हाईवे की टूटी सड़क कभी भी बन सकती है दुघर्टना का सबब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** पुराने हाइवे पर पुरानी घास मंडी से लेकर सूली वाला बाग तक सड़क का एक टुकड़ा काफी चर्चा में है! यह सड़क कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के सहयोग से पीडब्लू डी ने निर्माण की है सड़क बनने के एक माह बाद से ही वह सड़क धसने से कई बार टूटकर बन भी चुकी है लेकिन अभी भी सरकारी पानी की टंकी के निकट टूटी सडक किसी बडे हादसे का सबब बन सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकदार द्वारा सडक निर्माण मे घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है तभी यह सड़क बार बार टूट रही है। इसकी शिकायत कैबिनट मंत्री अनिल कुमार से भी की गई थी, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कैबिनेट मंत्री को बदनाम करने में लगे हुए है ऐसा लग रहा है कि जानबूझ कर बात को नजर अंदाज किया जा रहा है! आखिर कब तक इस सड़क की बार बार मरम्मत करनी पड़ेगी! क्या अभी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किया जा रहा है । डिवाईडर की दायी ओर टूटी सडक गडढे मे परिवर्तन होता जा रहा है मगर इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

टूटी सडक से दो पहिया वाहन चालक कई बार गिरकर चोटिल भी हो गय है । घने कोहरे के चलते कभी भी कोई बड़ा सडक हादसा हो सकता है । जनहित मे शासन और प्रशासन इस ओर उचित कदम उठाये ।

## पैग़ाम-ए-इंसानियत की पहल, राष्ट्रीय खिलाड़ी को मिला अंतर्राष्ट्रीय जैवलिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फ़रनगर।** कहते हैं कि लाल गुदड़ी में भी चमकता हीरा छिपा होता है। इस कहावत को ग्राम खतौला निवासी युवा खिलाड़ी आवेश बालियान ने साकार कर दिखाया है। आवेश जैवलिन थ्रो (अंडर-17) के एक होनहार और प्रतिभावान खिलाड़ी हैं, जिन्होंने उत्तर प्रदेश स्तर पर दो बार प्रथम स्थान तथा राष्ट्रीय स्तर पर एक बार प्रथम स्थान प्राप्त कर न सिर्फ अपने गांव बल्कि पूरे जनपद मुज़फ्फ़रनगर का नाम रोशन किया है।



राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयोग होने वाले जैवलिन की कीमत 1,00,000 से अधिक है, जिसे आवेश के लिए खरीद पाना उनके परिवार के लिए संभव नहीं था। इस स्थिति को गंभीरता से समझते हुए पैग़ाम-ए-इंसानियत संस्था ने एक मानवीय और प्रेरणादायी पहल की। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ़ राही ने युवा खिलाड़ी की प्रतिभा और संघर्ष को देखते हुए उसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का जैवलिन हंगरी से मंगवाकर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया।

इस मौके पर विधायक पंकज मलिक ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों और उचित मार्गदर्शन के अभाव में कई प्रतिभाएं दबकर रह जाती हैं। इस मौके पर आवेश के पिता आबिद अली ने विधायक पंकज मलिक एवं पैग़ाम-ए-इंसानियत संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका बेटा लंबे समय से इस अवसर के लिए संघर्ष कर रहा था, जो आज संस्था के सहयोग से साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौहर सिद्दीकी, दिलशाद पहलवान, महबूब आलम एडवोकेट, इकराम कस्सार, इसरार अहमद, दिलशाद अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने आवेश बालियान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और पैग़ाम-ए-इंसानियत संस्था की इस सराहनीय पहल की खुले दिल से प्रशंसा की।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता एवं प्रतिभागी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मिल मन्सूरपुर स्थित एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज में छात्रों को सम्मानित किया गया जिसमें मानव कुमार ने कक्षा 5 में, आदित्य गुप्ता ने कक्षा 6 में, वंशी मलिक ने कक्षा 7 में, आयुष राठी ने कक्षा 8 में, मानवी ने कक्षा 9 में एवं नंदिनी 11 ने कक्षा 11 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस खुशी में विद्यालय प्रांगण में इन विद्यार्थियों को अंगवस्त्र, माल्यपर्ण एवं पुरस्कार भेंट कर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ प्रबन्धक सन्दीप कुमार एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय द्वारा मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यर्पण और दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा पॉच कक्षा से सना, नेवी, अनन्या, काव्या पाल, वसुन्धरा चौधरी, जय , परी, अनाया, शौर्य, शाद, अरनव राठी, आरव कुमार, मानव, अर्जून चौधरी, वंश, कृष्णा, देवांश, कार्तिक राठी, आरव, आलोक, अक्षित, कक्षा छः से आराध्या गौड, काव्या सिंह, अदिति गुप्ता, अदिति राठी, वीरा, गुरूबानी, अवनी राठी, दीप्ति, प्रियांशु, दिव्यांश, वरदान शर्मा, वैभव गुप्ता, सिद्धान्त कुमार, आदित्य गुप्ता, अनस अंसारी, शौर्य राठी, कक्षा सात से अराध्या चौहान, वंशी मलिक, सफिया, अनिक्षा चौधरी, राधिका, अराध्या यादव, अंशुल कपासिया, वंशिका शर्मा, अराध्य राठी, आर्यन, शौर्य, आर्यवीर, जीत सिंह, अभय चौधरी, आर्यन सैनी, अनन्त कुमार, वंश, आदित्य राणा, लक्ष्य, हर्षित कुमार, कक्षा आठ से खुशी, मानसी, रोहिणी, परी, वाणी राठी, कनिका, अनन्या राठी, दीप्ति धीमान, जीविका, श्रद्धा, दिया मलिक आदि मौजूद रहे।

## युवक से मारपीट से तनाव

**भोपा।** क्षेत्र के गांव गादला मे साईकिल मे बाईक की टककर लगने के बाद बाईक चालक युवक के साथ दर्जनों व्यक्तियों ने मारपीट कर घायल कर दिया व बाईक को भी आरोपियों ने अपने घर मे खड़ा कर लिया पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।मामला दो सम्प्रदाय से जुडा होने व जारी युवती प्रकरण को लेकर तनाव की आशंका व्याप्त हो गयी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव गादला निवासी सलमान ने तहरीर देकर बताया कि रविवार की शाम वह अपने भाई को गांव जट मुझेड़ा में बाइक से छोड़कर वापस लौट घर रहा था कि जैसे ही वह गादला गांव में स्थित टेंट हाउस के सामने पहुंचा तभी गांव के ही पिता पुत्र ने उसे आवाज लगाई। सलमान ने बाइक को मोड़कर आवाज लगाने वालों से जानक. ारी करनी चाही इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाईक वहां खड़ी एक साइकिल से टकरा गयी। साइकिल वहां मौजूद एक व्यक्ति के उपर गिर गयी जिससे व्यक्ति के मुँह पर हल्की चोट आ गयी।सलमान का आरोप है की इसके बाद आवाज लगाने वाले पिता पुत्र अपने दर्जनों साथियो संग आये और उसपर हमलावर हो गये तथा बाईक से चाबी को निकालकर उसके साथ मारपीट की। जिससे उसे गंभीर गुम चोट आई हैं। आरोपियों ने उसकी बाईक को भी अपने घर मे ही खड़ा कर लिया है। सलमान ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई पीड़ित का आरोप है की आरोपियों के परिवार के सदस्य ने उसकी चचेरी बहन को बहका फुसलाकर कहीं ले जाकर गायब किया हुआ है।

### संक्षिप्त समाचार

## खतौली में मनाया गया श्री श्याम जन्मोत्सव

**खतौली।** नगर के बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा में शनिवार को श्री श्याम जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री श्याम दीवानों द्वारा श्री श्याम संकीर्तन एवं जन्मोत्सव के तत्वावधान में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। **विधिवत पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभः** शाम के समय मंदिर प्रांगण में आयोजित भजन संध्या का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन से हुआ। भक्तों ने बाबा खाटू श्याम की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात कलाकारों ने भगवान गणेश और मां शारदा की वंदना से संकीर्तन की शुरुआत की। **प्रसिद्ध भजनों पर झूमे भक्तः** भजन संध्या में दिल्ली से वर्षा गर्ग, ग्वालियर से मनोज शर्मा, खतौली के आशु प्रणामी और सोनीपत से जतिन भाई ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कलाकारों ने 'आजा हारे के सहारे', 'गजब खाटू वाले', 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा' जैसे प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर भक्त झूमते नजर आए। भजनों के दौरान भक्तों ने नृत्य कर बाबा के प्रति अपनी आस्था और उल्लास प्रकट किया। **भक्ति में डूबी रही पूरी रातः** भावपूर्ण गायन और मधुर संगीत के बीच श्रद्धालु देर रात तक बाबा के भजनों में लीन रहे। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। **केक काटकर मनाया गया बाबा का जन्मोत्सवः** भजन संध्या के उपरांत ठाकुरद्वारा परिसर में विशाल केक काटकर बाबा खाटू श्याम का जन्मदिन मनाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में रामपाल जैन, वैभव जैन, शिवम अग्रवाल, अमित गोयल, हिमांशु सिंघल, यश छाबड़ा, पंकज गुप्ता, निर्भीक अग्रवाल, नीरज गोगिया, शिवम वर्मा, पंकज कुमार, सुमित गुप्ता, सुरेश चंद्र जैन, अभय जैन, राहुल जैन, चिराग जैन, गणेश पालीवाल, दीपक गर्ग, ललित अरोरा, संदीप अग्रवाल, हरिओम टंडन, शुभम सिंघल, सुनील वर्मा, अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बुढाना में मनाया द्वितीय विश्व ध्यान दिवस

**बुढ़ाना।** डीएम, सीडीओ के निर्देशन व बीएसए के मार्ग दर्शन में वर्ल्ड मेडिटेशन डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉक्टर राजीव कुमार ने आयोजित किया।

डॉक्टर राजीव कुमार ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को वर्ल्ड मेडिटेशन-डे तथा मेडिटेशन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया गया। 21 दिसंबर 2024 को प्रथम विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। जैसे योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है जो कि सबसे साल का सबसे लंबा दिन माना जाता है। इसे ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं। उसी तरह ध्यान दिवस 21 दिसंबर को मनाने का विशेष कारण है। 21 दिसंबर साल की सबसे लंबी रात होती है और अंधेरे से प्रकाश की ओर बदलाव का प्रतीक है। इस दिन को शीत संक्रांति भी कहते हैं। विश्व ध्यान दिवस मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर जोर देता है। तनाव, चिंता और बैचेनी का सामना करने के लिए प्रेरित करता है। ध्यान एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। मेडिटेशन का वैज्ञानिक महत्व है। ध्यान केवल प्राचीन अभ्यास नहीं रहा बल्कि ब्विवविद्यालयों और वैज्ञानिकों ने इसके महत्व की पुष्टि की है। ध्यान से तनाव कम किया जा सकता है। ध्यान कोर्टिसोल को नियंत्रित करता है। ध्यान करने से एकाग्रता बढ़ती है उक्त आयोजन में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बुढाना से पूनम शर्मा और सविता स्वामी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## देर रात तक चली जीएसटी जांच, साढ़े सात लाख रुपये की टैक्स चोरी उजागर

**मीरापुर।** राज्य कर प्रवर्तन विभाग (जीएसटी) की टीम ने मीरापुर कस्बे में बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटखा व्यापारी के प्रतिष्ठान सुमन ट्रेडर्स पर छापेमारी कर टैक्स चोरी का खुलासा किया है। यह कार्रवाई डिप्टी कमिश्नर मनोज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में की गई, जो देर रात तक चली। जांच के बाद जीएसटी टीम ने व्यापारी से लगभग साढ़े सात लाख रुपये की जीएसटी राशि सरकारी खाते में जमा कराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएसटी टीम ने कस्बे के गुटखा व्यापारी पुनीत कुमार के प्रतिष्ठान सुमन ट्रेडर्स पर शनिवार सुबह करीब 8 बजे तक गहन जांच की। छापेमारी के दौरान टीम को गोदामों में बड़ी मात्रा में गुटखा बिना जीएसटी भुगतान के रखा हुआ मिला। अधिकारियों ने दस्तावेजों की गहन जांच की, जिसमें टैक्स चोरी की पुष्टि हुई।

सूत्रों के मुताबिक व्यापारी के गोदामों में लगभग 30 लाख रुपये मूल्य का गुटखा बिना कर अदा किए रखा गया था।

जांच के दौरान सामने आई अनियमितताओं के आधार पर जीएसटी अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से साढ़े सात लाख रुपये की जीएसटी राशि जमा कराई, जबकि शेष टैक्स देयता के लिए विभाग द्वारा अलग से डिमांड नोट जारी किया जाएगा। कस्बा मीरापुर में जीएसटी विभाग की इस प्रकार की सख्त और बड़ी कार्रवाई पहली बार देखने को मिली है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय व्यापारियों में हड़कंप और दहशत का माहौल बना हुआ है।

कई व्यापारियों ने एहतियातन अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। कार्रवाई में असिस्टेंट कमिश्नर योगेंद्र प्रसाद सिंह, राज्य कर अधिकारी संतोष कुमार वर्मा एवं राजेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। जीएसटी विभाग ने स्पष्ट किया है कि टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पीडीए प्रहरी बनकर करें वोट की रक्षा : जोशी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** समाजवादी पार्टी ने मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर पूरी सतर्कता बरतने का आह्वान किया है। रविवार को जानसठ रोड स्थित रजवाड़ा फार्म पर सपा के बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) और मतदान केंद्र प्रभारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने की, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद हरेंद्र मलिक तथा जिला एसआईआर प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. भुवन जोशी रहे। प्रो. भुवन जोशी ने बीएलए और मतदान केंद्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से कटने न पाए। प्रदेश सचिव इलम सिंह गुर्जर और पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में बीएलए की भूमिका और अधिक जिम्मेदारीपूर्ण हो गई है। जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रत्येक बूथ पर निगरानी रखें और घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच करें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने लो. कतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बालम. ुकुंद ग्रेड, इरशाद गुर्जर, इमरान सिद्दीकी, हाजी यूसुफ, पंकज सैनी, गजेंद्र प्रधान, अब्दुल्ला कुरैशी, फिरोज अंसारी, नीरज शर्मा, शमशाद मलिक, इरफान काजी, मास्टर सत्तार, आफाक पठान, अभिषेक गोयल एडवोकेट, अरशद खान, तेग सिंह, इकराम प्रधान, असजद सैफी, फैजान खेड़ी, मुबशिर काजी, शकील पूर्व सभासद, हसनुद्दीन अब्बासी, दानिश काजी, तेजवीर सिंह, शादाब परदेशी, खिजर काजी, नईम मलिक, सौरभ वर्मा, उमेश शर्मा, विनय आर्य सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विवाहिता ससुराल के बाहर धरने पर बैठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पति व ससुराल के लोगों पर दहेज उत्पीडन का आरोप लगाकर एक विवाहिता ससुराल के बाहर ही बैठ गई। पीड़िता ने बताया कि ससुराल के लोगों ने उसके तीन बच्चे छीन लिए है और पति अपने परिजनों के दबाव में है। पीड़िता ने पुलिस परभी कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है।

जनपद सहारनपुर के देवबंद निवासी महिला का कहना है कि उसकी शादी 29 जून 2020 को मंडी क्षेत्र के मौहल्ला अवध विहार निवासी नितिन के साथहुई थी आरे.प है कि शादी के कुछ दिन बाद सेही अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोग उसको प्रताडित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि पति और ससुराल के लोगों ने कई बार उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि पति अपने परिजनों के दबाव में है और उनके तीन बच्चों को भी छिन लिया गया। पीड़िता का कहना है कि पति काफी समय से उससे बात नहीं करता है और वह कई बार नई मंडी कोतवाली में न्याय के लिए जा चुकीहै, लेकिन पुलिस ने उसकी कोई मदद नहीं की। ससुराल के बाहर गेट पर बैठी महिला ने बताया कि उसके पिता विजय पाल ने भी कई बार पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई, लेकिन अभी तक इसकी बेटी को न्याय नहीं मिला। यह भी बताया कि शादी में बेटी के खाते में तीन लाख की नगदी छह तोले सोना और ढाई किलो चांदी दी थी, लेकिन इसके बाद भी ससुराल के लोग दिए गए दहेज से संतुष्ठ नहीं हुए। शाम तक पीडिता ससुराल के बाहर ही बैठी रही।

## ओवरलोडिंग वाहनों के किए चालान

**रामराज।** गन्ना सीजन के दौरान ओवरलोडिंग वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए रामराज पुलिस ने रविवार को सख्त अभियान चलाया। गन्ना मिलों में गन्ना ढुलाई करने वाले ट्रक व ट्रॉले निर्धारित क्षमता से अधिक गन्ना भरकर मिलों तक पहुंच रहे हैं। ओवरलोडिंग के कारण सड़क पर संतुलन बिगड़ने, ब्रेक फेल होने और वाहनों के पलटने जैसी कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। इन घटनाओं को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने बताया कि वाहन मालिकों और चालकों को ओवरलोडिंग न करने के लिए पूर्व में कई बार चेतावनी दी जा चुकी है, बावजूद इसके नियमों की अनदेखी लगातार की जा रही है। इसी के चलते पुलिस को सख्त कदम उठाने पड़े। रामराज पुलिस ने स्पष्ट किया कि आगे भी ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## ट्रेफिक पुलिस ने खोया हुआ फोन मालिक को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महावीर चौक पर तेनात ट्रैफिक सबइंस्पेक्टर महेश कुमार, ट्रैफिक कांस्टेबल हितेश वर्मा व शकील खान ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बरामद हुए अज्ञात फोन पर उसके मालिक खालापारी निवासी सलीम के सुपुर्द कर दिया। ऐसे ही सराहनीय कार्य ट्रैफिक पुलिस पहले भी कर चुकी।



## होली एंजेल्स के बच्चों ने कारागार में किया सांस्कृति कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** होली एंजेल्स कान्वेंट स्कूल, मुजफ्फरनगर से आये बच्चों द्वारा क्रिसमस के आगामी त्योहार के उपलक्ष्य में जिला कारागार, मुजफ्फरनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। कारागार में निरुद्ध बंदियों से रूबरू हुए। बच्चों ने बंदियों के समक्ष कार्यक्रम की गयी प्रस्तुति के माध्यम से अपराध जगत से दूर होने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के आयोजन के लिए कारागार प्रशासन की प्रशंसा करते हुए सिस्टर जूली, प्रिंसिपल, होली एंजेल कान्वेंट स्कूल मुजफ्फरनगर ने कहा कि कारागार में उक्त प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन बंदियों के मानसिक तनाव को कम करने के साथ ही आदर्श कारागार स्वरूप बंदियों में सुधार लाने की दिशा में अच्छी पहल है। जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी ने कहा कि ऐसे



कार्यक्रम से बंदियों में मानसिक तनाव की कमी आयी है तथा बच्चों द्वारा बंदियों को अपराध छोड़ने का दिलाया गया संकल्प सराहनीय है। कार्यक्रम में स्कूल की ओर से कमलाकान्त शर्मा, अनुज अग्रवाल, मिस उमा सलमा, मिस निरूपम राजपूत, आदि उपस्थित रहे। यहां पर मुख्य रूप से जेलर नीरज कुमार वास्तव, दीपक सिंह, हेम. राज सिंह, अंकित कुमार, यषकेन्द्र यादव डिप्टी जेलर एवं कर्मचारीगण तथा बंदीगण उपस्थित रहे।

**Name Change**

My Son (Abu Umama). His father's name is listed as (MOHAMMAD SHAHNAWAAZ QURESHI). in his school record and in his 10th class Marksheet Where as his father's real name is (MOHD SHAHNAWAZ QURESHI). He will be known by this name in Future.
ABU UMAMA S/O
MOHD SHAHNAWAZ
QURESHI
TOWN KHATAULI
DISTRICT-
MUZAFFARNAGAR.

# फोन हैक कर ग्रुपों में वायरल की अश्लील फोटो

**कपड़ा व्यापारी ने पुलिस को दी अज्ञात में तहरीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के एक प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी को आज रविवार के दिन उस समय जबरदस्त झटका लगा जब उनके मोबाइल नंबर से उनके शुभचिंतकों, पडोसियों, मेहमानों और आगंतुकों के मोबाइल फोन पर अश्लील फोटो गये। लोगों के बताने पर वे जबरदस्त शर्मसार हुए और पुलिस में शिकायत करते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई। पीड़ित इकबाल पुत्र जमशेद राइन निवासी मौहल्ला काजीवाडा बुढ़ाना के पुत्र मौहम्मद बिलाल ने बताया कि बुढ़ाना कस्बे के छोटा बाजार में उनकी कपड़े की दुकान है। आज शाम मेरे पिता का मोबाइल फोन हैक हो गया। कोई उनके व्हाट्सएप अकाउंट का गलत इस्तेमाल करके अश्लील तस्वीरें डाउनलोड कर रहा है और अश्लील संदेश भी भेज रहा है। वो अश्लील तस्वीरें और संदेश मेरे परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों को भी भेज रहा है। जिससे मेरे पिता की संपत्ति को भी भारी नुकसान हो रहा है। कस्बे के एक ज्योतिषाचार्य का भी फोन हेक कर अज्ञात तत्व ने अश्लील फोटो वायरल कर दिए थे।

## लाख टके का सवाल, कौन बनेगा नामित सभासद

**चरथावल।** नगर पंचायत चरथावल सहित प्रदेश मे नामित सभासदो की घोषणा कब होगी इस घड़ी का इंतजार भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता मुंहबाय देख रहे हे उत्तर प्रदेश मे भाजपा की सरकार बने हुए करीब चार साल होने को हे लेकिन अभी तक पुरे प्रदेश मे भाजपा सरकार द्वारा नगर पंचायतो व नगर पालिकाओं सहित अन्य निगमो मे नामित सभासदो की घोषणा न करना चर्चा का विषय बना हुआ हेस क्योंकि नगर पंचायतो व पालिकाओं मे छोटे कार्यकर्ताओ को नामित सभासद बनाकर पार्टी द्वारा उनकी मेहनत का फल दिया जाता हे नगर पालिकाओं मे पांच और पंचायतो मे करीब तीन सभासदो की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती हे वही चरथावल मे यह सवाल चप्पे चप्पे पर गूंज रहा हे की वह कौन मुकद्दर का सिकंदर होंगे जिनके सर पर चरथावल मे नामित सभासदो का सेहरा बंधेगा हरित क्रांति के क्षेत्र मे अग्रहणी कस्बा चरथावल पश्चिम उत्तर प्रदेश मे अपनी अलग ही पहचान रखता हेस नगर पंचायत चरथावल हिन्दू मुस्लिम साम्प्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिशाल हे यहां के भाईचारे की मिशाल आज भी दूर दूर तक दी जाती हे नगर पंचायत की आबादी करीब तीस हजार हे नगर पंचायत चरथावल पुराने शासनकाल से नगर पंचायत चली आ रही हे और यहां के भाईचारे की मिशाल दूर दूर तक दी जाती हेस इस समय जहाँ नगर पंचायत के नामित सभासदो को लेकर चर्चाओ का बाजार गर्म हे वही भाजपा के अनेको कार्यकर्ता अपने अपने नामों को लेकर दावे करते नजर आ रहे हे वही कह रहे हे अनेको भाजपा कार्यकर्ता यह कहते नजर आ रहे है।

# जेसीबी मशीन चालक पर हुआ जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** चार युवकों ने एक राय होकर किसी बात पर एक जेसीबी मशीन के चालक को मारपीट कर अधमरा कर दिया और फरार हो गये। पुलिस ने भी त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन हमलावरों को दबोचकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार आज रविवार को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला मे जेस. ीबी चालक अहसान अली पुत्र इस्तकार निवासी ग्राम भनवाडा थाना रतनपुरी के साथ बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मन्दवाडी के रहने वाले चार व्यक्तियो द्वारा जान से मारने की नीयत से हमला करके मारपीट की गयी। जिसमे अहसान को काफी गम्भीर चोटें आयी। जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने बुढाना सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने घायल अहसान को मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया। उधर घायल अहसान के भाई उम्मीद के द्वारा बुढाना कोतवाली में पहुंचकर पुलिस को एक तहरीर दी गयी। जिसके आधार पर बुढ़ाना पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर तीन नामजद आरो. पियों इस्तिकार उर्फ भूरा व ताज मौहम्मद पुत्रगण इदरीश और नवाब पुत्र जमशेद निवासीगण ग्राम मन्दवाडा को अरेस्ट कर जेल भेज दिया जबकि एक अज्ञात में है। इन नामजद आरोपियों को बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज ललित कसाना ने हैड कांस्टेबल मनोज कसाना, कांस्टेबल मौहम्मद इस्फाक व केतन सिंह की मदद से मुखबिर की खास सूचना पर चौधरी चरण सिंह तिराहे से गिरफ्तार किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बुढ़ाना।** पुराली से भरे हुए एक अवर लोडिंग तेज रफ्तार ट्रेक्टर ट्राले की जोरदार टक्कर लग जाने से मोटर साइकिल पर सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। उधर ट्रेक्टर चालक घटना को अंजाम देकर मौके पर ट्रेक्टर को छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी ट्रेक्टर चालक की तलाश शुरु कर दी। मिली जानकारी के अनुसार आज रविवार की देर रात लगभग 08 बजे लगभग 24 साल का सनव्वर पुत्र ग्यासू अली अपनी मोटर साइकल पर सवार होकर बुढ़ाना से अपने गांव में किसी कार्य को निपटाकर जा रहा था। जब वह गांव गढ़ी सखावतपुर में रामनिवास की टबूबवेल के पास आया तो विपरित दिशा से तेज रफ्तार से पुराली से भरे एक अवर लोडिंग ट्रेक्टर ने सनव्वर अली की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सनव्वर टक्कर लगते ही मौके पर मर गया जबकि ट्रेक्टर चालक भाग जाने में सफल रहा। घटना की सूचना गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर आते जाते लोगों ने दी तो पुलिस ने एंबुलेंस को फोन किया लेकिन पूर्व की भांति काफी देर बाद भी एंबुलेंस नहीं आयी तो सूचना पर पहुंची डायल नंबर ।12 ने सनव्वर को सीएचसी बुढ़ाना में भतह कराया। जहां पर चिकित्सकों ने सनव्वर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर आए तो सनव्वर को मृत देखकर रुलाई फूट पड़ी थी।

### देवर ने भाभी को बुरी नीयत से दबोचकर की अश्लील हरकतें

**बुढ़ाना।** एक कलयुगी देवर ने घर में अपनी भाभी को अकेली देखकर उसको बुरी नीयत से दबोचकर उसके साथ अश्लील हरकतें की। भाभी के शोर मचाने पर आरोपी देवर फरार हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक एक महिला ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसका विवाह लगभग छह साल पहले कस्बा बुढ़ाना के एक मौहल्ले के रहने वाले एक युवक से हुआ था। बीती 18 दिसम्बर की देर शाम जब वह अपनी ससुराल में अपने पति की गैर मौजूदगी में छत के उपर वाले कमरे में लेटी हुई थी। तभी वहां पर उसका देवर नीरज आया तो उसने उसके साथ अनैतिक सम्बन्ध बनाने पर पूरा जोर दिया। जब उसने उसे ऐसा करने से साफ मना कर दिया तो उसने उसके साथ गलत नीयत से अश्लील छेडखानी करनी शुरू कर दी। जब उसने शोर मचाया तो उसने उसके साथ मारपीट की और मोके से फरार हो गया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आई मौहल्ले की कई महिलाओं को उसने पूरी घटना से अवगत कराया। यह बात अगले दिन उसने अपने पति को बताई तो वे सदमे में रह गये। पीड़िता ने हिम्मत कर अपने पति संग बुढ़ाना कोतवाली में जाकर बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपी देवर के विरुद्ध छेड़खानी की शिकायत की तो पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी नीरज की तलाश शुरु कर दी है।

### जंगली चोरों ने चार ट्यूबवैलों पर किया हाथ साफ

**मोरना।** क्षेत्र में जंगली चोरों का आतंक लगातार जारी है जंगली चोर टड्ढूबवैलों को निशाना बना रहे हैं। शनिवार की रात चौरावाला के जंगल मे तीन टड्ढूबवैलों पर चोरी की घटना से पुनरू हड़कंप मच गया है।घटना को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी किसान बिट्टू , तौसीफ, उत्तम व करहेड़ा निवासी किसान शेखर कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह जब वह खेतों में पर पहुंचे तो चोरों ने टड्ढूबवैल के कमरे के ताले तोड़कर वायर केबल व अन्य कीमती सामान चुरा लिया चोरी की घटना से किसानों में रोष फैल गया। किसानों ने नलकूपों पर चोरी की घटना के खुलासे की मांग पुलिस से की है।

### खतौली में गुर्जर पटेल भवन निर्माण को मिली गति

**खतौली।** पटेल जागृति सेवा समिति के निर्देशन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को बिजनौर के लोकप्रिय सांसद माननीय चंदन सिंह चौहान से मिला और गुर्जर पटेल भवन, खतौली के निर्माण हेतु सहयोग का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को बताया कि खतौली में समाज के लिए एक बहुउद्देश्यीय सामुदायिक भवन की अत्यंत आवश्यकता है, जहां समाज के निर्बल वर्ग के लोग अपने बच्चों के विवाह जैसे सामाजिक कार्यक्रम संपन्न कर सकें, वहीं छात्र-छात्राएं वहां आवासीय कोचिंग की सुविधा भी प्राप्त कर सकें। समिति के संरक्षक सत्येंद्र आर्य ने सांसद को अवगत कराया कि पटेल जागृति सेवा समिति द्वारा भवन निर्माण के लिए 300 गज भूमि का क्रय किया जा चुका है। भवन का नक्शा तैयार हो चुका है तथा इसका निर्माण सफेदा रोड, खतौली पर प्रस्तावित है। सांसद चंदन सिंह चौहान ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि फरवरी के पहले सप्ताह में भवन की आधारशिला रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सामाजिक कार्य में क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के जनपदों के लोग भी बढ़-चढ़कर सहयोग करेंगे। बहुत शीघ्र एक भव्य एवं उपयोगी भवन बनकर तैयार होगा, जिससे समाज की अनेक आवश्यकताओं की पूर्ति संभव हो सकेगी। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सुशील गुर्जर, अमरेश गुर्जर, सेवा निवृत्त एसपी रमेश चंद, पूर्व स्टेशन अधीक्षक राजेंद्र खारी, अशोक शर्मा (अध्यक्ष, कौमी एकता कमेटी), संतर पाल प्रधान, लीलू गुर्जर, कमल कुमार (इंजीनियर), सोनू गुर्जर, रविंदर पाल, महाराज सिंह, शिव कुमार नंबरदार, डॉ. विकास कुमार छोकर, सुशील कुमार, प्रणव आर्य सहित सत्येंद्र आर्य (संरक्षक, पटेल जागृति सेवा समिति) उपस्थित रहे।

### राजा रत्न चन्द्र जयंती मुख्य संयोजक बने शल्भ गुप्ता

**मीरापुर।** राजवंशी धर्मशाला में अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा रजी. की केंद्रीय कार्यकारणी की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप कंसल तथा संचालन संजीव ऐरन एवं शिवम राजवंशी के द्वारा संयुक्त' रूप से किया गया। मीरापुर सभा के मंत्री शिवम राजवंशी द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया उसके पश्चात मीरापुर के अध्यक्ष अमित बंसल के द्वारा केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप कंसल ,केंद्रीय महामंत्री संजीव ऐरन ,केंद्रीय उपाध्यक्ष परवीन मित्तल,दिनेश गुप्ता महिला उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता द्वारा मां कुलदेवी लक्ष्मी,महाराजा अग्रसेन जी महाराज ,अमर शहीद राजा रत्न चंद्र जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित किया गया।शिवम राजवंशी द्वारा आगे का संचालन केंद्रीय महामंत्री संजीव ऐरन को सौंपा गया 'केंद्रीय कोषाध्यक्ष द्वारा निर्मित केंद्र का आय व्यय का ब्यौरा सबके समक्ष रखा गया। व्यापक चर्चा के पश्चात सभी सभाओं के सहमति से इस वर्ष राजा रत्न चंद्र जयंती का मुख्य संयोजक मुजफ्फरनगर सभा के महामंत्री शलभ गुप्ता को बनाया गया और सह संयोजक की जिम्मेदारी शिवम राजवंशी मीरापुर सभा मंत्री को दी गई शलभ गुप्ता ने कहा' कि जो जिम्मेदारी हमें केंद्रीय सभा ने सौंपी है हम उसे पूर्ण रूप से करने का प्रयास करेंगे जयंती को भव्य रूप देने के साथ साथ ज्यादा से ज्यादा युवाओं को समाज से जोड़ने का कार्य करेंगे हर सभा में एक नई शुरुआत करेंगे हर सभा से एक प्रति. निधि को साथ में कनिष्ठ संयोजक बनाएंगे जिस से ज्यादा से ज्यादा संख्या में राजवंश बंधु जयंती में भागेदारी कर सके। केंद्रीय महामंत्री संजीव ऐरन' ने सभा की रिपोर्ट पढ़ कर सबको सुनाई और निष्क्रिय सभाओं को एक्टिव करने के लिए शीघ्र अति शीघ्र रणनीति बनाई जाएगी मीटिंग को राजेंद्र प्रसाद गर्ग,अनीता राजवंशी,शलभ गुप्ता,परवीन मित्तल,मनोज मवाना,पंकज राजवंशी,नजीबाबाद मंत्री द्वारा अपने विचार रखे गए। यहां पर कुलदीप कंसल ,संजीव ऐरन,अमित बंसल,राजीव गर्ग,दिनेश गुप्ता ,परवीन मित्तल,सरिता गुप्ता ,राजेंद्र प्रसाद गर्ग, शलभ गुप्ता, शिवम राजवंशी, आशुतोष राजवंशी, अचल गोयल,पुलकित गुप्ता, शुभम गुप्ता, सरिता रानी, अनीता राजवंशी, गुंजन गर्ग,दीपा गुप्ता,चांदनी गुप्ता, शिवानी, आंशिक गुप्ता, सुधीर राजवंशी, अभय गुप्ता,पंकज राजवंशी, अजय कुमार, आर के गोयल,मनोज गोयल आदि मौजूद रहे।

# जग्गाहेड़ी टोल प्लाजा पर भाकियू (तोमर) का जोरदार प्रदर्शन

**दो कर्मचारी बर्खास्त सीओ व नयाब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जग्गाहेड़ी टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों द्वारा किसानों के साथ किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर के आ]वान पर कार्यकर्ताओं ने टोल प्लाजा का घेराव कर प्रदर्शन किया। भारी प्रशासनिक दबाव और लंबी वार्ताओं के बाद, संगठन ने 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है।प्रशासनिक हलचल और मैराथन वार्ता आंदोलन की घोषणा के बाद से ही जनपद मुजफ्फरनगर का प्रशासन 'एक्टिव मोड' में दिखा। 20 दिसंबर की सुबह से ही सीओ फुगाना, कोतवाल तितावी और कोतवाल छपार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर से संपर्क साधना शुरू कर दिया था। देर शाम संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय पर पुलिस अधिकारियों और टोल मैनेजरों के साथ करीब 1 घंटा 45 मिनट तक मैराथन वार्ता चली। हालांकि, अधिकारियों ने भविष्य में सुधार का आश्वासन दिया, लेकिन चौधरी संजीव तोमर ने पूर्व निर्धारित शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रद्द करने से इनकार कर दिया। घेराव और मुख्य मांगें जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जग्गाहेड़ी टोल पर धरना दिया। इस दौरान क्ड और ब्ब को सौंपे गए 17 सूत्रीय ज्ञापन में संगठन ने निम्नलिखित मुख्य मांगें रखीं। सड़क नहीं तो टोल नहींरू पहले खराब सड़कों को सुधारा जाए, उसके बाद ही टोल वसूला जाए। ट्रैक्टरों की मुक्ति किसानों के ट्रैक्टरों से किसी भी स्थिति में टोल न लिया जाए। अपराधिक रिकॉर्ड की जांचरू टोल पर तैनात कर्मियों का पुलिस वेरिफिकेशन हो और अपराधिक इतिहास वाले कर्मियों को तुरंत हटाया जाए। बुनियादी सुविधाएं। टोल क्षेत्र की सड़कों पर लाइट और वृक्षारोपण की समुचित व्यवस्था की जाए।मौके पर हुई कार्रवाई और चेतावनी प्रदर्शन का असर यह हुआ कि संगठन के उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र के साथ अभद्रता करने वाले दो टोल कर्मियों को तत्काल प्रभाव से नौकरी से निकाल दिया गया और प्रबंधन ने अपनी गलती स्वीकार की। अंत में, जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी ने कड़े लहजे में चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर सभी मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो संगठन दोबारा महापंचायत करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि अगली बार स्थिति बिगड़ती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी टोल प्रशासन और मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रति. निधि पवन त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष महबूब बालियान, पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष रिहान, युवा प्रभारी हसीर भंडूरा, दीपक तोमर, सोनू चौधरी, साजिद अल्वी, नौशाद अल्वी और आकिर राणा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एआईएमआईएम नेता सैय्यद बाबर ने सौंपे पत्र

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक मीटिंग आज रविवार की सुबह बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 में स्थित आजाद टेलर के आवास पर आयोजित की गयी।

जिसमें पार्टी के मुखिया सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया गया और पार्टी का प्रचार डोर टू डोर करने की बात भी कही गयी। यहां पर जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के वार्ड नंबर 20 से सदस्य पद का चुनाव लड रहे पार्टी के उम्मीदवार सैय्यद बाबर ने कहा कि मुजफ्फरनगर जिला पंचायत सदस्य और बुढाना नगर पंचायत सदस्य पद पर पार्टी काबिल और मेहनती उम्मीदवारों को चुनाव लड़ाएगी। इसलिए आप सभी अपने अपने वार्डों में ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने का काम करें जो पार्टी से चुनाव लड़े और पार्टी को भी मजबूत करने का काम करे।

सैय्यद बाबर ने कहा कि वे भी जिला पंचायत मुजफ्फरनगर सदस्य पद का चुनाव वार्ड 20 से लड रहे हैं और रात दिन अपने वार्ड में लोगों के बीच पहुंचकर अपने लिए भी वोट मांग रहे हैं और पार्टी का प्रचार प्रसार भी कर रहे हैं।

यहां पर मुस्तफा टेलर को बुढ़ाना विधानसभा सचिव ओर आजाद टेलर को बुढ़ाना ब्लॉक सचिव बनाया गया। मीटिंग में जिला महासचिव आजम फारूकी, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अब्दुल रहीम और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कोषाध्यक्ष राशिद अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बैंक मैनेजर-कर्मचारी के विरुद्ध पुलिस ने नहीं ली तहरीर

## दोनों ने महिला को आत्महत्या करने पर किया था मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक बैंक के प्रबंधक और कर्मचारी के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस ने मृतक महिला के देवर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की बल्कि आरोप के मुताबिक यह कहकर कोतवाली से बैरंग कर दिया कि वे किसी का भी नाम ना लिखकर अज्ञात में ही तहरीर दें तब रिपोर्ट दर्ज होगी। पुलिस का पीड़ितों को दिया गया यह फरमान क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। तहरीर में बैंक मैनैजर व एक कर्मचारी पर एक महिला को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने का खुला आरोप है। आमिर खान पुत्र साजर निवासी चन्धेडी रोड बुढाना ने बताया उसकी भाभी नाजमीन की आईडी पर भारत फाइनैंस बैंक की बुढाना शाखा के कर्मचारी नाथीराम प्रजापति पुत्र जयपाल निवासी चन्धेडी रोड बुढाना व भारत फाईनेन्स बैंक के मैनेजर ने सांठ गांठकर 30 हजार रुपये का एक फर्जी लोन पास किया जबकि उसकी भाभी को लोन की कोई जानकारी नही थी।

उसकी भाभी को लोन की जानकारी नाथीराम व भारत बैंक के मैनेजर अंकित कुमार ने बीते 18 दिसम्बर को उनके घर पर आकर दी। किस्त नही भरने पर गाली गलौच भी की। अगले दिन दोनों ने फिर घर पर आकर किस्त नही भरने पर भाभी को घर से उठाने की धमकी दी और गाली गलौज की। उसके बाद उसकी भाभी नाथीराम के घर गयी मगर नाथीराम ने उसकी भाभी के साथ फिर गाली गलौच की और आज ही किश्त भरने को कहा। तब तंग होकर भाभी ने बीते दिन की प्रथम रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसमें भाभी की मौत का जिम्मेदार नाथीराम व बैंक मैनेजर को बताया गया है। अब पीड़ित को न्याय मिले या ना मिले और पुलिस कार्यवाही करे या ना करे, लेकिन एक महिला ने तो जान गवाह दी है।

# जीटी रोड पर ई-रिक्शा चालकों में भिड़ंत

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली के सामने जीटी रोड पर रविवार को लगे जाम के दौरान दो ई-रिक्शों की आपसी टक्कर के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया और दोनों ई-रिक्शा चालकों के बीच बीच सड़क पर जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में एक चालक घायल हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक लगे जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इसी दौरान दो ई-रिक्शों की भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों चालकों में विवाद हुआ, जो कुछ ही पलों में लात-घूंसे चलने तक पहुंच गया। बीच सड़क पर हो रही मारपीट से राहगीरों और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। मारपीट में साजिद निवासी भूड़ घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं पुलिस ने हमलावर चालक मेहताब को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। घटना के कुछ समय बाद दोनों पक्षों के परिजनों और स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से आपसी समझौता हो गया था। जिसके बाद मामला शांत हुआ। पुलिस के अनुसार, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और यातायात को सुचारू रूप से चालू करा दिया गया है।

# गांव बिराल के 9 होनहार युवक बने अग्निवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव बिराल में पहली बार 9 युवक अग्निवीर परीक्षा में सफल हुए। सफल युवाओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया। जिन्होंने परीक्षा के लिए तैयारी करवाने में उनकी काफी मदद की। गांव बिराल के इन सभी अग्निवीरों के नाम अभिनव ठाकुर, आदित्य ठाकुर, अक्षय शर्मा, जोनी शर्मा, ठाकुर कार्तिक, निखिल ठाकुर, रोहन पाल, साहिल ठाकुर और शिवांश ठाकुर है। इन सभी युवाओं के अग्निवीर बनने पर गांव में खुशी का माहौल है और इसकी चर्चा गांव के गली गलियारे में जोरों शोरों से हो रही है। इनमें 6 अग्निवीर तो ठाकुर समाज से, 2 अग्निवीर ब्राह्मण समाज से एक अग्निवीर पाल समाज से है।

गांव के ये 9 युवा अंतिम लिखित परीक्षा में सफल हुए। अब ये प्रशिक्षण से गुजरेंगे। सेना किस प्रकार स्थानीय युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ रही है। यह प्रक्रिया सेना और स्थानीय लोगों के बीच एक सकारात्मक बंधन को दर्शाती है। अग्निवीर योजना युवाओं के लिए सशस्त्र बलों में चार वर्ष के लिए शामिल होने के लिए शुरू की गई थी। इसमें युवा स्नातक की डिग्री के साथ चार साल की छोटी अवधि के लिए सेवा कर सकते हैं। चार साल की समाप्ति पर उनके पास दूसरी पारी शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और अनुभव होगा। गांव प्रधान मन्नू ठाकुर, अंकुश ठाकुर, संदीप ठाकुर, गौरव, सुधीर, अनुज, मोनू ठाकुर ने सभी युवाओं के परिजनों को बच्चों की सफलता पर मुबारकबाद दी।


# चिंता से नहीं, चिंतन से संवरता है जीवन व मोक्ष का पथः मुनि प्रतीक

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, पिस्नोपाड़ा में आयोजित धर्मसभा में विराजमान मुनि 108 प्रतीक सागर जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा कि समाज चिंता में उलझा रहता है, जबकि गुरु चिंतन के माध्यम से जीवन को दिशा देते हैं।

मुनि ने मोक्ष के विषय में कहा कि मोक्ष किसी को दान में नहीं मिलता, बल्कि जो व्यक्ति अपने भीतर सकारात्मक परिवर्तन करता है, उसी के लिए मोक्ष का द्वार खुलता है। उन्होंने इच्छाशक्ति को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प वाला व्यक्ति ही लक्ष्य तक पहुंचता है। जैन तीर्थंकरों के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि माता द्वारा देखे गए सोलह स्वप्नों को साकार करने के लिए बालक तीर्थंकरों ने अद्भुत इच्छाशक्ति का परिचय दिया, जिसके फलस्वरूप वे सिद्धालय में विराजमान हुए।

प्रवचन में भोजन और विचारों के संत. ुलन पर भी विशेष बल देते हुए मुनि ने कहा कि जब भोजन संयमित होगा, तभी विचार भी संयमित होंगे, जिससे समाज में एकता, सद्भाव और नैतिकता का विकास होगा। उनका उद्बोधन आत्मचिंतन, आत्मसंयम और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देने वाला रहा। कार्यक्रम का संचालन अरुण जैन (नंगली वाले) ने किया। दीप प्रज्वलन जैन्साम के कार्यकारी अध्यक्ष रामकुमार जैन द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट विनोद जैन, विजय सराफ एवं मुकेश आढ़ती द्वारा की गई। धर्मसभा में सतेंद्र जैन (बस वाले), सुरेंद्र जैन, प्रवीण जैन, सतीश प्रवक्ता, सुनील ठेकेदार, अंकुर, अधिक तिहाई, आलोक (ब्रेड वाले), कुलदीप जैन (बैंक वाले), अतुल सराफ, अविरल, उपेंद्र, मनीष मुखिया सहित जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# ब्रह्मकुमारीज आश्रम मे की गई योग साधना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ शुकतीर्थ स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय मे रविवार को विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। जहां योग साधना का प्रशिक्षण दिया गया व ज़रूरतमंदो को कंबल का वितरण भी किया गया।

सेंटर की संचालिका बी के प्रवेश दीदी ने कहा की हम राजयोग मेडिटेशन के द्वारा परम् पिता का ध्यान कर सब दुखो से मुक्ति पा सकते हैं। संसार के काम करते हुए परमात्म योग भी जरूरी है। जिससे हम देवीय गुणों को धारण कर सकते हैं। ध्यान योग से हम स्वयं भी सुखी रहेंगे और दूसरों को भी सुख प्रदान करेंगे। परमात्मा शिव ही हमारा सच्चा साथी है और जीवन की नै"या को पार लगाने वाले है। परमात्मा की याद से आत्मा के सात गुणों की जागृति होती है। त्याग, तपस्या, मानव सेवा ही सच्चा धर्म है। बी के जगपाल



भाई,साध्वी राजयोग नंदनी व साध्वी पूजा, ब्रह्माचारी रामफल महाराज ने परम् ध्यान को तपस्या साधना का मूल बताते हुए कहा की जीवन मे सुख शान्ति आनन्द ध्यान के द्वारा ही सम्भव है। कार्यक्रम के दौरान सेंकड़ो श्रमिकों को कंबल व फल प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर चन्द्रमा ब्रह्माच. ारी, बीके श्रवण कुमार भाई, बीके प्रियांशी परी दीदी, बीके सतबीर, बीके संजय, बीके आरती, बीके कमल बहन,बीके कृष्णा, बीके अजीत उदयवीर आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन पर ईश्वरीय सौगात प्रदान की गयी।

# महाराजा सूर्यवंशी शूर सैनी की स्मृति में ऐतिहासिक शोभायात्रा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सैनी समाज ने अपने गौरवशाली इतिहास और पूर्वजों की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को महाराजा सूर्यवंशी शूर सैनी की भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन किया। सूर्यवंशी सैनी युवा समिति के तत्वावधान में निकाली गई इस शोभायात्रा का शुभारंभ गंगनहर परिसर से हुआ, जिसे पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में भगवान राम के अनुज शत्रुघ्न के पुत्र एवं सैनी वंश के प्रवर्तक महाराजा सूर्यवंशी शूर सैनी की प्रतिमा को भव्य रथ पर विराजमान किया गया। यात्रा में समाज के सैकड़ों युवक-युवतियां, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। गंगनहर से आरंभ होकर



शोभायात्रा जीटी रोड, जानसठ तिराहा होते हुए सैनी नगर स्थित सैनी धर्मशाला पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और सजे-धजे वाहन शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाते नजर आए। युवा वर्ग डीजे की धुन पर धार्मिक भजनों व सामाजिक गीतों पर झूमता रहा, वहीं जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सैनी धर्मशाला में आयोजित समापन कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने महाराजा सूर्यवंशी शूर सैनी के जीवन, त्याग और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से अपने इतिहास से जुड़कर एकजुट रहने का आ]वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने कहा कि इस प्रकार की शोभायात्राएं समाज की नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल का इतिहास वीरता, सम्मान और संस्कारों से परिपूर्ण रहा है, जिसे जानना और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। शोभायात्रा में समिति के पदाधिक. ारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिनमें राधे प्रणामी (प्रदेश सचिव), सूर्यवंशी अनुज सैनी (संस्थापक), सचिन सैनी (युवा अध्यक्ष), एडवोकेट आकाश सैनी (कोषाध्यक्ष), हरीश सैनी (महामंत्री), ललित सैनी (आईटी सेल प्रभारी), प्रदीप सैनी, श्यामलाल बच्ची सैनी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। समिति की ओर से समाज के सभी वर्गों से भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के गांव साल्हापुर के जंगल में पुलिस और अंतर्राज्ईय ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जबकि दो अन्य बदमाश स्विफ्ट कार से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस को रात्रि करीब साढ़े दस बजे सूचना मिली थी कि गांव साल्हापुर के निकट बंद पड़े भठे के पास जंगल में ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गिरोह के बदमाश छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेरा. बंदी की। पुलिस टीम की अगुवाई थानाध्यक्ष वीरेंद्र कसाना कर रहे थे।रात्रि करीब ग्यारह बजे पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में





तालिब खान निवासी मुरादनगर, गाजियाबाद तथा इकबाल निवासी उज्जवल गार्डन, मेरठ के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके से चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर



फरार हो गए। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 2 तमंचे,3 जिंदा कारतूस, 2 खोखे कारतूश, हथौड़ा, खैनी सहित अन्य सामान बरामद किया है।

................................

मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाश शातिर अपराधी हैं। सभी का आपरा.



धिक इतिहास रहा है। दो बदमाश गोली लगने से घायल हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। फरार बदमाशों की तलाश जारी है।

**सुमित शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक, शामली**

## एक नजर

### छह महीने बाद प्रभुजी का परिवार से मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 1.12.2025 को गुरुद्वारा शामली से एक पुरुष प्रभुजी को लावारिस एवं असहाय स्थिति में सूचनादाता हरदीप सिंह की सूचना के आधार पर अपना घर आश्रम शामली की रेस्क्यू टीम द्वारा आश्रम में भर्ती किया गया था प्रभुजी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी प्रभुजी ने अपना नाम अरिंदम भट्टाचार्य बताया एवं प्रभुजी अपने विषय में कोई जानकारी नहीं दी। प्रभुजी का इलाज मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण रॉय के परामर्श से किया गया। उपचार एवं सेवा से प्रभुजी की मानसिक स्थिति में अल्प समय में ही सुधार होने लगा एवं काउंसलिंग करते समय प्रभुजी ने अपने घर जाने की इच्छा जताई एवं अपना पता गांव स्वेदिनपुर, जिला बीरभूम, वेस्ट बंगाल बताया प्रभुजी द्वारा बताए गए पते पर नेट पर सर्च करने पर वहां के थाने का नम्बर हमें मिला उनसे सपंर्क करने पर प्रभुजी की पूरी जानकारी उनको दी गई एवं उनसे विनती की गई कि प्रभुजी की जो भी जानकारी उनको प्राप्त हो कृपया हमें बताएं। लगभग 1 घंटे बाद उन्होंने प्रभुजी के पिताजी सुभाष भट्टाचार्य जी से हमारा संपर्क कराया प्रभुजी के प्रभुजी के पिताजी ने बताया कि वे बहुत जल्दी अपने बेटे अरिंदम भट्टाचार्य को लेने अपना घर आश्रम शामली आएंगे और कल 20.12.2025 को प्रभुजी के पिताजी सुभाष भट्टाचार्य एवं प्रभुजी के जीजा राजन चक्रवर्ती प्रभुजी को लेने अपना घर आश्रम शामली आए। प्रभुजी के पिताजी ने बताया कि अरिंदम प्रभुजी 6 महीने पहले घर से बिना बताए निकल गए थे एवं बहुत खोजने पर भी नहीं मिले प्रभुजी के पिताजी ने बताया कि उन्होंने अरिंदम प्रभुजी की मिसिंग कंप्लेन भी थाने में दी है एवं अखबार में भी इश्तहार दिया एवं गुमशुदगी के पम्पलेट भी दीवारों पर लगवाए फिर भी प्रभुजी की कही कोई जानकारी नहीं मिली आश्रम द्वारा आए फोन कॉल से उनको अरिंदम प्रभुजी की जानकारी प्राप्त हुई एवं जैसे ही उनको पता चला कि प्रभुजी सकुशल अपना घर आश्रम शामली में है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सुभाष भट्टाचार्य जी ने कार्यालय कार्रवाई पूर्ण की एवं अपने बेटे अरिंदम भट्टाचार्य प्रभुजी को अपने साथ अपने गांव स्वेदिनपुर जिला बीरभूम वेस्ट बंगाल ले गए।

### चौसाना पुलिस ने वाहन चोर पकड़ा, चोरी की बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चौसाना।** क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए चौसाना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है, जो बिना नंबर प्लेट की थी। चौसाना पुलिस चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक को रोका गया। पूछताछ और जांच में उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। सख्ती से पूछने पर आरोपी ने बताया कि उसने यह बाइक हरियाणा के करनाल क्षेत्र से चोरी की थी और उसे बेचने की फिराक में घूम रहा था।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकम्मिल पुत्र हसन निवासी ग्राम नया कुंडा, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी किसी अन्य वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है या नहीं। चौसाना चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र में वाहन चोरी पर लगातार नजर रखी जा रही है। गश्त और चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। वाहन चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### खेड़ी खुसनाम में शिवसेना की बैठक,



### नीरज कुमार जिला महासचिव नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के गांव खेड़ी खुसनाम में शिवसेना की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन नीरज कुमार के आवास पर किया गया। बैठक का नेतृत्व बालिष्टर छांचियान मंडल महासचिव सहारनपुर ने किया, जबकि अध्यक्षता अशोक कुमार ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई नई नियुक्तियां की गईं। सर्वसम्मति से नीरज कुमार को शिवसेना शामली का जिला महासचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा रामनाथ को तहसील सचिव ऊन, आशीष कुमार को उप-ब्लॉक प्रमुख ऊन, तथा रूपेश को कस्बा मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

साथ ही अन्य कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न पदों पर नियुक्त कर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया गया। इस अवसर पर बालिष्टर छांचियान ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि शिवसेना समाज के हर वर्ग की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और संगठन का विस्तार गांव-गांव तक किया जाएगा। अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। बैठक में योगिंदर कुमार, रामकुमार, कपिल, वंश, रामेश्वर, संदीप खोखर, नितिन, रूपेश, सौरव, मुकेश सागर सहित अनेक वरिष्ठ पदा. धिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर शिवसेना को मजबूत करने और संगठन के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## समिति सदस्यों को अशपब्द कहे जाने पर दुख प्रकट किया

**शामली।** अखिल भारतीय योगीनाथ उपाध्याय सेवा समिति की एक बैठक समिति के कार्यालय पर आयोजित की गई। जारी प्रेसनोट में बताया गया कि बैठक में संस्थापक बाबूराम उपाध्याय ने कहा कि कुछ लोगों की वजह से समिति अपने मूल उददेश्यों से भटक गई है। कार्यकारणी अध्यक्ष द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए अन्य धर्म व जाति के लोगों को समिति में सम्मलित कर समाज को धोखा दिया जा रहा है। समिति के अन्य सदस्यों को अपशब्द कहे जा रहे है। जिससे समिति को क्षति पहुंची है। उन्होने कहा के कार्यकारणी अध्यक्ष सुभाष जोगी को समिति से निष्कासित किया जाता है। इस अवसर पर सचिव राकेश कुमार, फेरू सिंह, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

## विवाद में दो युवकों के साथ हुई मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी एक युवक के साथ उसकी भाभी ने डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरी और कस्बा निवासी एक युवक ने अपने भाई पर मारपीट करने का आरोप लगाया पुलिस ने दोनों शिकायतों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी महिला हनीफा पत्नी शरीफ ने बताया कि उसकी पुत्र वधू ने उसके पौत्र के साथ डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पूर्व में भी उसकी पुत्रवधू मारपीट कर चुकी है। दूसरी ओर कस्बा निवासी विशु ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर उसके भाई सुमित ने उसके साथ मारपीट की गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आश्वासन देते हुए जांच शुरू कर दी है।

## चौ. चरण सिंह की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आर्य जाट महासभा की कार्यकारिणी की बैठक भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में आयोजित की गई।




बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री व किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसंबर को मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बताया कि निर्णय लिया गया है कि 23 दिसंबर को प्रातः 10 बजे जाट भवन में यज्ञ-हवन का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही चौधरी चरण सिंह के जीवन पर आधारित स्कूली छात्र-छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें जनपद के कई माध्यमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

महासभा के सौजन्य से विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई हैं, जिनमें चयनित प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में बाबूराम पंवार, रामपाल सिंह देशवाल, नरेश मलिक, विपिन गोहरनी, कंवरपाल सिंह, ओमपाल सिंह, दिव्य प्रभाकर, विश्वदेव पंवार, अभय दीप राणा, अनिरुद्ध मलिक मौजूद रहे।

## शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी सहजानंद महाराज का आगमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शाकुम्भरी देवी माता शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी एवं कान्हा काउ फीडिंग फाउंडेशन के संरक्षक परम पूज्य सहजानंद महाराज का आज शामली नगर में शुभ आगमन हुआ। उनके आगमन पर नगर के श्रद्धालुओं एवं गौ सेवकों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

सहजानंद जी महाराज ने उपस्थित भक्तजनों को माता शाकुम्भरी देवी के जन्मोत्सव के पावन पर्व हेतु आमंत्रण पत्र प्रदान किए। उन्होंने बताया कि माता शाकुम्भरी देवी का जन्मोत्सव शाकुम्भर धाम में 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक श्रद्धा, भक्ति एवं विधि-विधान के साथ मनाया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु सहभागिता करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान महाराज जी ने सनातन संस्कृति, गौ सेवा एवं धार्मिक परंपराओं के संरक्षण पर अपने विचार साझा किए और भक्तों को धर्म एवं सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। इस गरिमामय अवसर पर कान्हा काउ फीडिंग फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे, जिनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम गर्ग, राष्ट्रीय महासचिव आशीष गर्ग, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनिल गर्ग, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बसंत गर्ग, राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला विंग) श्रीमती पूजा बंसल, जिला अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार बंसल, संगठन मंत्री मुकेश वर्मा सहित अनेक गौ सेवक एवं श्रद्धालु सम्मिलित रहे। सभी उपस्थितजनों ने सहजानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर माता शाकुम्भरी देवी के जन्मोत्सव में सहभागिता का संकल्प लिया।

## गन्ने के ओवरलोड ट्रकों पर नहीं लग पा रही लगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे में गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रकों का संचालन लगातार जारी है, लेकिन इन्हें रोकने या इनके खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर प्रशासन पूरी तरह उदासीन नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं।

ओवरलोड ट्रकों की वजह से कस्बे में आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कस्बे से होकर गुजरने वाले मुख्य मार्गों पर गन्ना से लदे ट्रक निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक भार लेकर फर्राटा भरते दिखाई दे रहे हैं। कई बार तो ट्रकों में गन्ना इस कदर भरा होता है कि वह सड़क के दोनों ओर फैल जाता है, जिससे अन्य वाहनों के निकलने में दिक्कत होती है।खासकर सुबह और शाम के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं। स्कूली बच्चे, मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस और दुपहिया वाहन चालकों को जाम में फंसकर इंतजार करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड ट्रकों के कारण न केवल जाम की समस्या बढ़ रही है, बल्कि सड़कें भी तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इसके अलावा हादसों की आशंका भी बनी रहती है। कई बार ट्रकों से गन्ना गिरने के कारण बाइक सवार और पैदल चलने वाले लोग फिसलकर चोटिल हो चुके हैं।नागरिकों का आरोप है कि परिवहन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। चेकिंग के नाम पर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है, जबकि नियमों का खुला उल्लंघन जारी रहता है। लोगों ने मांग की है कि गन्ना सीजन के दौरान विशेष अभियान चलाकर ओवरलोड ट्रकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि जाम की समस्या से राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।



## सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** बतीसा खाप की पंचायत का आयोजन कस्बा में जय सिंह चौपाल पर किया गया जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तथा खाप संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया तथा हर महीने की 21 तारीख को खाप पंचायत का आयोजन करने का फैसला किया गया। कस्बा ऊन में बतीसा खाप की पंचायत का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता चौधरी सेवाराम ऊन ने की। पंचायत में वक्ताओं ने ब्रह्म भोज ,नशाखोरी ,दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर करने की मांग रखी ब्रह्म भोज, लड़की द्वारा माता पूजने पर आयोजित भोज पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने नशाखोरी रोकने के लिए प्रत्एक गांव में समिति गठित करने तथा खाप संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर महीने पंचायत का



आयोजन करने तथा बतीसा खाप के गठन करने वाले बाबा जय सिंह धाम पर विशाल पंचायत करने की मांग भी वक्ताओं ने रखी। वक्ताओं के विचारों के बाद पंचायत में फैसला लिया गया जिसे खाप के मंत्री बाबा देवेंद्र सिंह ने सुनाया उन्होंने कहा कि सबसे पहले कस्बा ऊन में समिति का गठन किया जाएगा उसके बाद प्रत्एक गांव में समिति का गठन होगा जो सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रयास करेगी तथा खाप को मजबूत बनाने के लिए सभी थाबेदार व कमेटी प्रयास करेगी तथा हर महीने की 21 तारीख को खाप पंचायत का आयोजन किया जाएगा। सिलावर के चौधरी धीर सिंह ने अगली पंचायत सिलावर में रखने की मांग की जिसे सभी ने सर्वसम्मति से मान लिया तथा अगली पंचायत 21 जनवरी को गांव सिलावर में आयोजित की जाएगी।बतीसा खाप के चौधरी बाबा शौकिन्द्र सिंह ने कहा कि खाप द्वारा सभी सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लिया किसान आंदोलन में भी खाप का बड़ा योगदान रहा आगे भी सब एकजुट होकर खाप को मजबूत बनाएं उन्होंने मौजूद लोगों से आपसी झगडो से दूर रहकर तथा आपस में बैठकर हल करने तथा सामाजिक एकता पर बल दिया उन्होंने घटती जनसंख्या पर बोलते हुए कहा कि नौजवानों को इस ओर ध्यान देना चाहिए तथा कम से कम दो बच्चे अवशय होने चाहिए। पंचायत का संचालन देवराज पहलवान ने किया पंचायत में चौधरी ओमपाल सिंह कैल मनोज कुमार धनेना अनिल कुमार यारपुर संजय गागोर देवेंद्र प्रधान गागोर पवन चौधरी नयागांव सच्चू प्रधान पवन सिंह काजीपुरा रविंद्र सिंह मुंडेट खादर भोपाल सिंह सापला कपिल खाटियान मास्टर जयपाल उस्मानपुर सचिन तोमर नौनागली विकास चौधरी मालैण्डी अनिल कुमार पुर माफी योगेंद्र सिंह जहांगीरपुर अकुज चेयरमैन गढी पुख्ता राजेंद्र सिंह उन दीपक सभासद सौदान सिंह ओमवीर सिंह यशपाल सभासद सुरेश कुमार आदि शामिल रहे।

## घायल होने के बाद पकड़े गए वांछित

**शामली।** गत 20 दिसंबर 2025 को शहर के कैराना रोड के पास थ्री व्हीलर में प्रतिबंधित पशु मांस के साथ गौतस्कर राजेंद्र को गिरफ्तार किया गया था। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने गोवध अधिनियम के अंतर्गत राजेंद्र सहित अन्य अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। एसपी के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने चलाए चेकिंग अभियान में देर रात्रि फरार अभियुक्त शरीफ पुत्र मुस्तकीम निवासी हाजीपुरा नाला पटरी तथा साहिल पुत्र शब्बीर निवासी मोहल्ला पंसारियान को मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया। पकडे गए दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए सीएचसी शामली भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## अलग-अलग शिविर में 357 मरीजों की निःशुल्क जांच और परामर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विज्ञप्ति, सर्व सेवा सम्मान समिति और मेदांता हॉस्पिटल नोएडा द्वारा निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन विधायक प्रसन्न चौधरी जी ने आरोग्यम्म हॉस्पिटल देहली रोड़ शामली मे फीता काट कर किया मेदांता हॉस्पिटल से आए डॉक्टर अरूण गिरि कार्डिलॉजिस्ट, विशेषज्ञ, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुजा वास्तव, हड्डी रोग विशेषज्ञ गौरव कुमार जी, डॉक्टर शुभम, मोनू लोहान जी, दीपक लोहान, सुमित कुमार, आनंद कुमार, कुमारी अंजलि, सचिन कुमार, नितिन शर्मा, पराज नवाब, इन सभी डॉक्टरों ने लगभग 150 से भी



अधिक मरीजों को देखा और हर संभव मदद कि, संस्थापक अध्यक्ष गिरधारी लाल नारंग,अध्यक्ष मनुज कांबोज, सचिव भूपेन्द्र खन्ना,कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद , देविंद्र धानिया,अनिल कुमार, भोरी लाल, सुरेंद्र बंसल, आशू गर्ग, सचिन अरोरा, अजय गर्ग, सरदार मनजीत सिंह, नीरज गोयल, संदीप विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा , सुशील अग्रवाल , राजेश जैन, रो. बिन गर्ग, सभी ने इतनी सर्दी के बावजूद भी सुबह 9 बजे से ही मिलकर तन, मन, धन, से सेवा कर धर्म लाभ उठाया नामदेव समाज कि शोभा यात्रा का फूलों कि वर्षा कर,लड्डू का भोग लगाकर भव्य स्वागत किया।

**शामली।** जैन मिलन शामली के तत्वावधान में रविवार को एमएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल करनाल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन जैन धर्मशाला में किया गया। जिसमें हॉस्पिटल से पहुंची चिकित्सकों की अनुभवी टीम ने 207 मरीजों की जांच कर उनको परामर्श दिया। रविवार को शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आलोक जैन ने किया। शिविर में कुल 207 मरीजों ने विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया।

इस अवसर पर एमएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल करनाल से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें न्यूरोलॉजिस्ट एवं लेजर सर्जन डा. संदीप चौधरी, लेप्रोस्कोपिक जनरल सर्जरी डा। हरिकृष्ण राठी, स्त्री रोग एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डा. आरती आईसीयू विशेषज्ञ डा. निखिल भट्ट, रोबोटिक जॉइंट सर्जन डा. राधा रमन, चेस्ट स्पेशलिस्ट डा. इशित कमल, हार्ट स्पेशलिस्ट डा. विक्रम, एनेस्थीसिया एवं आईसीयू स्पेशलिस्ट डा. पूनम चौहान तथा मुंह व गले के कैंसर- 'ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन डा. गौरव पोपली शामिल रहे। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, पीएफटी सहित अन्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

संयोजक सुमेश जैन, डा. राज. ेश जैन ने बताया कि शिविर में आए मरीजों को एक माह तक ओपीडी निशुल्क तथा सभी प्रकार के टेस्टों पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कार्यक्रम में राजेश जैन, अंकित जैन, राजकुमार जैन, नवीन जैन, पंकज जैन, अनुज जैन, डीके जैन, अमनेश जैन, रमेश चंद जैन, महेश जैन, सुनील जैन, प्रवीण जैन, विनय जैन, सलेक चंद जैन, सुशील जैन, लवलीन जैन आदि मौजूद रहे।



# कुत्तों का आतंक, महिलाओं-बच्चों पर लगातार हमले, कई घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन आवारा कुत्तों के झुंड महिला, पुरुष और बच्चों पर जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। हालात यह हैं कि आधा दर्जन से अधिक लोग सरकारी अस्पताल पहुंचकर एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाई और निस्तारण की मांग की है।नगर व ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों गलियों और सड़कों पर आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं, जो मौका मिलते ही लोगों पर हमला कर रहे हैं। इससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में कस्बा निवासी राजीव शर्मा तथा थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी किशोर त्रिदेव



की आवारा कुत्तों के काटने से मौत भी हो चुकी है। रविवार को कस्बा निवासी चार वर्षीय मासूम फैज, 35 वर्षीय महिला साइन, मुबैश, 11 वर्षीय किशोरी आजिया, 38 वर्षीय कादिर तथा गढ़ी रामकौर निवासी जयवीर पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को परिजनों द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई। हालत गंभीर होने पर एक किशोर और मासूम बच्चे को वैक्सीन देने के बाद दिल्ली रेफर किया गया।लगातार हो रहे आवारा कुत्तों के हमलों से परेशान नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर हाउस भेजा जाए तथा जल्द से जल्द इस समस्या से लोगों को राहत दिलाई जाए।

# नाले चॉक होने से क्षेत्रवासी हो रहे परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के कबाडी बाजार में नाले चॉक होने से लोगों को जलभराव की समस्या से परेशान होना पडा। गंदा पानी सडकों पर बहता रहा और नागरिक गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर दिखाई दिए। रविवार को शहर के कबाड़ी बाजार का नाला अचानक गंदगी अटने से चॉक हो गया। नाला चॉक होने से जल निकासी बाधित हो गई और गंदा पानी पूरे बाजार में भर गया। गंदा पानी भरने से सवेरे निकले लोगों को काफी दिक्कते हुई। लोग गंदे पानी से होकर गुजरे। इस दौरान दुकाने खोलने पहुंचे लोग भी परेशान दिखाई दिए और गंदे पानी से दोचार होते रहे। मामले की शिकायत लोगों ने नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल से की, जिसके बाद नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और नाले को साफ करने का अभियान शुरू किया गया। करीब दो घंटों के बाद सफाई कर्मचारियों ने अटे नाले को साफ किया, जिसके बाद जल निकासी बहाल हो सकी और धीरे धीरे जलभराव खत्म हुआ। कबाडी बाजार की सडक अन्य बाजारों के मुकाबले काफी नीचे चली गई है, जिससे आए दिन जलभराव की समस्या का सामना करना पडता है। इस पर नगर पालिका को ध्यान देने की जरूरत है।



## 63 पव्वे देशी शराब के साथ 3 व्यक्ति गिरफ्तार

**थानाभवन।** थानाभवन पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से कुल 63 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की है।यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्त ग्राम कुतुबगढ़ थाना थानाभवन के निवासी बताए गए हैं। अभियुक्त सपेटर पुत्र मीदा, सागर पुत्र नरेश,अतर सिंह पुत्र देशराज के रूप में हुई।

# माता रानी के जन्मोत्सव पर निमंत्राण पत्र भेंट

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी पूज्य सहजानंद महाराज का रविवार को शामली शहर में शुभ आगमन हुआ। इस अवसर पर माता रानी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए उन्हें श्रद्धापूर्वक निमंत्रण पत्र भेंट किया गया। सभी उपस्थितजनों ने महाराज का स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गौ सेवा एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण को लेकर उनके मार्गदर्शन पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर कान्हा काउ फीडिंग



फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनिल गर्ग, राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम गर्ग, राष्ट्रीय महासचिव आशीष गर्ग, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बसंत गर्ग, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग पूजा बंसल, जिला अध्यक्ष अनिल बंसल, संगठन मंत्री मुकेश वर्मा सहित योगेश गर्ग, अरविंद गर्ग, अमित मित्तल, प्रमोद गोयल, विकास गर्ग, कमल कुमार, विशाल गुप्ता, मती रश्मि मित्तल तथा अन्य गौ सेवक शामिल रहे।

# बीएलए ने एसआईआर प्रभारी रूद्रसेन को अभियान से अवगत कराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** एसआईआर अभियान को लेकर समाजवादी पार्टी की समीक्षा बैठक टाउन हाल थानाभवन में आयोजित की गई। बैठक में बीएलए ने एसआईआर प्रभारी व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसेन को बूथ स्तर पर अभियान की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के सभी बीएलए पूरी संवेदनशीलता के साथ एएमडी सूची पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपने-अपने बूथों पर गलत तरीके से अनुपस्थित अथवा स्थानांतरित दर्शाए गए मतदाताओं की



पहचान कर बीएलओ को इसकी जानकारी दे दी है। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि पार्टी द्वारा शामली एवं थानाभवन विधानसभा के सभी बीएलए को उनके बूथ से संबंधित अनुपस्थित, स्थानांतरित तथा मृत, डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची के साथ वर्ष 2025 की मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे बूथ स्तर पर हो रही गड़बड़ियों की जांच कर उन्हें बीएलओ से दुरुस्त करा सकें। राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर प्रभारी चौधरी रूद्रसेन ने आरोप लगाया कि भाजपा का उद्देश्य बूथ स्तर पर मतदाता सूची में नाम कटवाने अथवा जुड़वाने का है, ताकि चुनावी लाभ लिया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों का बीएलए सम्मेलन 25 दिसंबर को शामली में आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में जावेद जंग, राव तफरूज, डा. हामिद, तासीन मंसूरी, सलेक चंद, जाकिर राणा, वेद प्रकाश शर्मा, ठाकुर शांतनु, इमरान मलिक, तहसीन, मकसूद राणा मौजूद रहे।

## एक नजर

### मिशन शक्ति 5 के तहत कैराना में महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** थाना प्रभारी समयपाल अत्री के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति सजग किया।



मिशन शक्ति 5 अभियान के अंतर्गत टीम प्रभारी पिंकी गोस्वामी के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल व मीना बाजार कस्बा कैराना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर थाना कैराना की महिला बीट कांस्टेबल स्वाति ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण और विभिन्न सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में वे बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें।

### छेदीलाल विश्वकर्मा के निधन पर शोक जताया



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** विश्वकर्मा समाज के विश्वविख्यात मूर्तिकार एवं स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के डिजाइनर पद्मभूषण राम वनजी सुथार तथा अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष छेदीलाल विश्वकर्मा के निधन पर विश्वकर्मा परिवार सहायता ट्रस्ट द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के कार्यालय पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बताया गया कि महान शिल्पकार राम वनजी सुथार का लगभग 100 वर्ष की आयु में नोएडा सेक्टर-19 स्थित अपने आवास पर निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। राम वनजी सुथार जी को अपने बहुमुखी और ऐतिहासिक कला जीवन में पद्म , पद्मभूषण, टैगोर पुरस्कार सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। हाल ही में महाराष्ट्र सरकार द्वारा उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान महाराष्ट्र भूषण' प्रदान किया गया था। उनके निधन को कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। मौके पर अध्यक्ष मैनपाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रविंद्र आर्य, प्रदीप विश्वकर्मा, राजेन्द्र स्वामी, अशोक आर्य, कन्हैया लाल, रामपाल पांचाल, विकास धीमान, सतीश पांचाल, प्रवीण पांचाल आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सभासद की हृदय गति रुकने से निधन, सैकड़ों लोगों ने दी अंतिम विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बा निवासी नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद शमशाद बैग उर्फ भूरा (60) का रविवार को अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करने लगे। गमगीन माहौल में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया।कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी शमशाद बैग उर्फ भूरा नगर पालिका परिषद में दो बार सभासद रह चुके थे। उन्होंने वर्ष 1998 और 2005 में अपने वार्ड से चुनाव जीतकर सभासद पद की जिम्मेदारी निभाई थी। स्थानीय राजनीति में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती थी और वह सामाजिक रूप से भी काफी सक्रिय थे। उनके सरल स्वभाव और मिलनसार छवि के कारण हर वर्ग में उनकी पहचान थी। परिजनों के अनुसार रविवार की सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने आशंका जताई है कि उनकी मौत हृदय गति रुकने के कारण हुई है।जैसे ही उनके निधन की सूचना नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची, लोगों का उनके आवास पर तांता लग गया। जनाजे की नमाज में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। नम आंखों के साथ लोगों ने पूर्व सभासद को अंतिम विदाई दी। पूर्व सभासद के जनाजा नमाज में सैकड़ो लोगों शामिल हुए।



### समाधान दिवस में 20 शिकायतें दर्ज

**नगीना।** तहसील सभागार में वर्ष 2025 का अंतिम तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सीडीओ रण विजय सिंह की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। शेष अनिस्तारित 17 शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने समय सीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को गुणवत्ता के आधार पर शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शिकायत निस्तारण में कोई लापरवाही पाई गई, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मौजूद अधिकारियों, फरियादियों आदि को साइबर क्राइम पर जागरूक करते हुए कहा कि सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। धोखा मिलने पर बहुत कुछ खो जाता है।

# मल्टीस्पेशलिटी ट्रामा सेंटर का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** रविवार को शहर के कैराना रोड पर कृधा मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर का शुभारंभ किया गया। हॉस्पिटल में हर प्रकार के हडडी से संबंधित दूरबीन के ऑपरेशन हो सकेगे। रविवार को कृधा मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने फीता काटकर किया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर तथा सर्जन ओर्थो डा। अजय शर्मा, महिला रोग विशेषज्ञ डा. चकशू शर्मा, फिजियोथेरेपिस्ट डा. अमित सरोहा, बाल रोग विशेषज्ञ डा. सुधीर कुमार सेवाऐं प्रदान करेगे। विधायक प्रसन्न चौधरी ने बताया कि हॉस्पिटल में दो माह फी ओपीडी रहेगी साथ ही दवाईयों में भी छूट प्रदान की जाएगी। ऐसे हॉस्पिटल



शामली में खुलने से यहां के लोगों को फायदा पहुंचेगा और जो मेरठ, करनाल, पानीपत या दिल्ली जाते थे उन मरीजों को शहर में ही बेहतर उपचार मिल सकेगा। उनको तत्काल उपचार मिलेगा और समय भी कम लगेगा। हॉस्पिटल में स्पाईन की सर्जरी, कंधे बदलने का ऑपरेशन, कुल्हे का ऑपरेशन हो सकेगा। डा. तनवीर, माहल सिंह, सतीश कुमार, ललित कुमार, विजय कुमार, जुनैद, अफसर, कासिम आदि मौजूद रहे।

# सरकारी सड़क पर अवैध अतिक्रमण से परेशान व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर

**थाना भवन।** रविवार को कस्बे के मोहल्ला हाफिज दोस्त निवासी अर्जुन सिंह ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर सरकारी सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण से निजात दिलाने की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि उसी मोहल्ले के अजय उर्फ रिंकू पुत्र बीरू सिंह ने सरकारी सड़क पर लोहे के एंगल लगा रखे हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।अर्जुन सिंह ने बताया कि सड़क पर लगे लोहे के एंगल के कारण कई बार वाहन निकालना मुश्किल हो जाता है। एक बार तो उनकी गाड़ी का बंपर इन्हीं एंगल में फंसकर क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसके अलावा मोहल्ले के अन्य लोगों द्वारा भी सड़क पर बोगी, गाड़ियां और अन्य सामान खड़ा कर अवैध अतिक्रमण किया गया है, जिससे आम नागरिकों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित का कहना है कि यह सड़क सार्वजनिक है और इस पर किए गए अतिक्रमण से न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि किसी भी समय बड़ा हादसा भी हो सकता है। उन्होंने पुलिस से मामले का संज्ञान लेकर सरकारी सड़क से अवैध कब्जा हटवाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भाकियू की मासिक पंचायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिजनौर।** किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत आयोजित की गयी। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने किसान समस्याओं पर चर्चा और उनके समाधान के लिए आंदोलन तेज करने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जिले भर में शुगर मिल गेट और उनके क्रय केंद्रों पर घटतौली की जा रही है।

# शांति बहाली के लिए पुलिस ने किया पैदल मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जनपद शामली में हाल ही में हुई गौतस्कर और पुलिस की मुठभेड़ के बाद वंचित गौतस्करों की तलाश और शांति बहाली को जारी रखने के लिए एस एच ओ सचिन शर्मा के नेतृत्व में आज शामली में पैदल मार्च निकला गया हाल ही में गौतश्कर और पुलिस के बीच भयंकर मुठभेड में दो कुख्यात गौतस्कर गोली लगने से घायल हो गए थे वहीं इनके दो साथी मौके से फरार हो गए थे जिनकी तलाश में पुलिस ने शामली में शांति बहाली और वंचित व्यक्तियों के घर पर तलाश की दरसल जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार देर रात एस एच ओ सचिन शर्मा ने पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में पैदल गश्त की।गश्त के दौरान एस एच ओ सचिन शर्मा ने बाजार क्षेत्र, प्रमुख चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया और आमजन से संवाद कर उनको शांति बनाए रखने की अपील की ओर व्यापारियों, राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर भरोसा दिलाया कि जनपद पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। इस दौरान सचिन शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को आदेशित किया कि असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए, तथा कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। महिलाओं की सुरक्षा, को दुरुस्त रखने और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की दृश्यता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। और वांछित व्यक्तियो के जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए भी कहा गया।



# तेलीपुरा में क्रिकेट टूर्नामेंट

**राजा का ताजपुर।** ग्राम तेलीपुरा में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल ताजपुर व मुकरपुरी के बीच खेला गया। ताजपुर की टीम के कप्तान फुरकान अहमद अंसारी ने टॉस जीता और टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में सात विकेट पर अस्सी रन बनाए। मुकरपुरी की टीम ने रनों का पीछा करते हुए आठ ओवर में कुल पचास रन बनाए। ताजपुर के वरुण कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्हें मुख्य अतिथि पत्रकार मुजाहिद फारूकी ने पुरस्कार दिया।

# खोड़समा में हिंदू एकता को लेकर जनसभा, बांग्लादेश में अत्याचार का विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव खोडसमा में हिंदू एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से एक जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान समाज को संगठित रखने, आपसी भाईचारा बढ़ाने और वर्तमान में हिंदू समाज से जुड़े मुद्दों पर विचार रखे गए। इसके बाद सभा को संबोधित करते हुए हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष रोहित प्रधान ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधना है। उन्होंने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज दास सिंह के निर्देश पर सभी जिला अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में हिंदू एकता को लेकर जनसभाएं कर रहे हैं। इसी क्रम में खोडसमा में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोहित प्रधान ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों का जिक्र करते हुए इसका कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में धार्मिक आधार पर अत्याचार मानवता के खिलाफ है। बांग्लादेश में हिंदू समाज के साथ हो रही घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे समय में सभी हिंदुओं को एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज में जागरूकता फैलाने, आपसी सहयोग बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होता है तभी वह अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा कर सकता है। जनसभा के दौरान शुभम कुमार, आशीष कुमार, संदीप कोकर, दीपक कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन के उद्देश्यों का समर्थन करते हुए हिंदू एकता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।





# संत शिरोमणि नामदेव महाराज के 755वें जन्मोत्सव पर सम्मेलन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** रविवार को शहर के मंदिर हनुमान धाम स्थित अग्रसेन भवन में संत शिरोमणि नामदेव महाराज के 755वे जन्मोत्सव पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने सामाजिक एकता और धर्म की रक्षा का संदेश दिया। रविवार को शहर के मंदिर हनुमान धाम स्थित अग्रसेन भवन में नामदेव युवा जन कल्याण समिति द्वारा संत शिरोमणि नामदेव महाराज के 755वे जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, राजकुमार टांक, सतबीर वर्मा, ज्ञानेश्वर टांक व रजनीश नामदेव ने किया। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए समाज के प्रबुद्ध लोगों ने सामाजिक एकता का संदेश दिया। कहा कि समाज मे फैली बुराईयों को दूर करें। समाज में सहरानीय कार्य करने वालों को संस्था द्वारा मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात हनुमान धाम से एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। जो हनुमान धाम से प्रारंभ होकर बलभद्र मंदिर, अजंता चौक, फव्वारा चौक, कबाडी बाजार, बडा बाजार, गांधी चौक और शिव मूर्ति से होते हुए वापस मंदिर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान शोभायात्रा का अनेकां स्थानों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। वैभव नामदेव, मयंक नामदेव, दुर्गेश नामदेव, मुकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर गिरने से मची अफरा-तफरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** खेड़ामुगल में एचटी लाइन पर पेड़ टूटकर गिर गया। जिस कारण विद्युत पोल सहित तीन ट्रांसफार्मर गिरने से लोगों में अफरा तफरी मच गई। इसको लेकर ग्रामीणों ने हंगामा भी किया।



खेड़ामुगल में सड़क के किनारे रखे तीन ट्रांसफार्मर विद्युत पोल टूटने के कारण गिर गए। इसके चलते कई गांवों की विद्युत आपूर्ति करीब 18 तक घंटे बाधित रही। ग्रामीणों के हंगामा करने पर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और देर शाम नए पोल लगाकर लाइन को चालू किया। ग्रामीण अमित कुमार, रामेश्वर कुमार, सोनू, अमित, कुलदीप आदि ने बताया कि एक बाग में पेड़ों को काटने के लिए लाइन को बंद कराया गया था। इस दौरान यूके लिप्टिस का एक पेड़ एचटी लाइन पर टूटकर गिर गया। जिस कारण सड़क किनारे लगे विद्युत पोल टूट गए और उन पर रखे तीन ट्रांसफार्मर गिर गए। इससे ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। इस कारण खेड़ामुगल सहित कई गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जिस जगह ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, उसके पास ही सरकारी राशन की दुकान है जिस कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। अनेक बार निगम अधिकारियों से ट्रांसफार्मर किसी अन्य स्थान पर लगाने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। निगम के जेई सूर्यभान प्रजापति ने बताया कि नए पोल लगवाकर आपूर्ति को चालू करा दिया गया है। ट्रांसफार्मर दूसरी जगह लगाने की ग्रामीणों की मांग से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर रखे विचार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा रविवार को भगत मूलखराज मां वैष्णो देवी सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने जीवन में आदर्श स्थापित करने वाली महिलाओं की वेशभूषा में शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

रेलवे रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में बच्चों ने माता जीजाबाई, रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कल्पना चावला व रानी दुर्गावती आदि के जीवन कार्यों को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी के समक्ष रखा। इस दौरान मुख्य अतिथि ममता शर्मा ने कहा कि बच्चों की प्रथम गुरु मां होती है। इसलिए एक







बालक के सर्वांगीण विकास के लिए माता के प्रबोधन की अत्यधिक आवश्यकता है।

समाजसेवी सुमन सिंघल और मेपल्स एकेडमी की प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने वर्तमान परिपेक्ष्य में विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर विचार रखें।

भारती वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर विद्या भारती संगठन द्वारा प्रत्येक विद्यालय स्तर पर सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर डा. लीना गोयल, नीना गुप्ता, डा. कांता त्यागी, प्रधानाचार्य मनीष त्यागी, निर्जेश कुमार, सुनीता कंकरवाल, सरिता सिंह, प्रीति सैनी, शिखा त्यागी, वीना राणा आदि शामिल रहे।

# 'टैलेंट हंट' एक कदम सफलता की ओर प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयोजित 'टैलेंट हंट' एक कदम सफलता की ओर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें क्षेत्र के सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड के 50 इंटर कॉलेज के 1500 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।



इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन अजीमुल हक सिद्दीकी ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में छिपी प्रतिभा को खोजना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है। कहा कि वर्तमान दौर प्रतिभागी दौर है। इसलिए हमें अपने बच्चों को इसके लिए तैयार रखना चाहिए। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से बच्चों को अपनी प्रतिभा और कमी का पता चल जाता है जिस पर वह काम कर अपने आपको और बेहतर बना सकते हैं। सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि टैलेंट हंट प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र व आस पास के 50 से अधिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। जल्द ही प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

# बाल स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में आरएसएस ने बाल पथ संचलन का आयोजन किया। बाल स्वयं सेवकों ने हाथों में दंड लेकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर कदमताल कर एकता और अनुशासन का प्रदर्शन किया।

रेलवे रोड स्थित अशोक विहार पार्क से आरंभ हुआ बाल पथ संचलन विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर बाल स्वयं सेवकों का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य वक्ता जिला प्रचारक अरविंद कुमार ने बताया कि 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह का शहीदी दिवस वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।



बताया कि भारत सरकार ने साल 2022 में साहिबजादों के साहस और बलिदान को सम्मान देने के लिए हर साल 26 दिसंबर को आधिकारिक तौर पर वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। नगर संचालक योगेंद्र कुमार ने कहा कि इस पथ संचलन से बच्चों में सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव पैदा होता है। इस मौके पर आरएसएस के आशुतोष, जितेंद्र, धर्मेश, अभिनव, देवीदयाल, अंशुल, विपिन, राजेश व हिमांशु, मनोज सिंघल आदि शामिल रहे।

# आज के दौर में सूफीरिज्म आपसी सौहार्द की मिसालः प्रो. मजहर आसिफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** डा. रुखशंदा रूही मेहदी की पुस्तकें अलखदास और एक ख्वाब जागती आंखो का विमोचन नई दिल्ली स्थित जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्व विद्यालय के कुल. पति द्वारा किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सूफीवाद आज के दौर में आपसी सौहार्द के लिए एक मिसाल है।



देवबंद निवासी डा. रुखशंदा रुही जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षका के पद पर कार्यरत है। दिल्ली स्थित जामिया विश्वविद्यालय के यासिर अराफात हॉल में आयोजित कार्यक्रम में डा. रुखशंदा रूही की पुस्तकों का विमा. चान करते हुए कुलपति प्रोफेसर मजहर आसिफ ने कहा कि सूफीरिज्म में ईश्वर के निकट पहुंचने का मार्ग धर्म, आस्था और सच्चा प्रेम है। कार्यक्रम को जामिया के रजिस्ट्रार प्रोफेसर मेहताब आलम, प्रो. आसिफ हुसैन और पुस्तकों की लेखिका डा. रुखशंदा रूही ने अपने संबोधन में पुस्तकों का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन डा. जावेद हसन ने किया।

# मंडावली पुलिस पर गंभीर आरोप

**भागूवाला।** थाना मंडावली क्षेत्र में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अधिक ऊंचाई वाले डंपरों के संचालन को लेकर अब हालात बेहद गंभीर हो चुके हैं। ग्राम मोहनपुर मंदिर के पास, जटपुरा, मोटा महादेव मार्ग पर हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के बाद न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली, बल्कि हल्का नंबर तीन की पूरी व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। यह मामला इसलिए भी संवेदनशील है, क्योंकि इसी हल्का नंबर तीन क्षेत्र में बीते एक महीने के भीतर सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद अवैध खनन और ओवरलोड डंपरों पर प्रभावी कार्रवाई न होना, प्रशासनिक लापरवाही की ओर साफ इशारा करता है। बताया जाता है कि कल हुए हादसे में पुलिस ने मृतक की पहचान नितिन कुमार पुत्र देवेंद्र कुमार, निवासी आनंदपुरी, जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में की थी। उसे डंपर संख्या यूपी 12 सीटी 4883 का चालक बताया गया है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही पुलिस के इस दावे से मेल नहीं खाती। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि नितिन कुमार वास्तव में डंपर संख्या यूपी 12 सीटी 3931 का चालक था, न कि 4883 का। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों डंपर एक ही मालिक के बताए जा रहे हैं। हादसे के समय दोनों डंपरों के चालक करण मिस्त्री की दुकान के पास सड़क किनारे खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ओवरलोड डंपर यूके 15 सीटी 0909 ने यूपी 12 सीटी 4883 में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टक्कर मारने वाले वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरा चालक खतरा भांपकर मौके से हट गया। जबकि नितिन कुमार टक्कर की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।




## एक नजर

### राजस्व विभाग की टीम ने की पैमाईश



**नहटौर।** मौहल्ला धर्मशाला में खसरा नंबर 693 पर जमीनी विवाद को लेकर राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि मुकेश गुप्ता व रिंकू राठी के बीच इस जमीन को लेकर विवाद पैदा हुआ है। दोनों पक्ष उक्त जमीन को अपना अपना बताते हुए दावा कर रहे हैं। पूर्व में मुकेश गुप्ता का कब्जा चला आ रहा है। कुछ दिन पूर्व रिंकू राठी ने मौहल्ला हाथीवाला मंदिर निवासी शाहरुख से करीब ढाई बीघा भूमि का बैनामा कराया और दाखिल खारिज होने के बाद रिंकू राठी पक्ष ने उक्त जमीन पर अपना बताते हुए टेंट गाड़ दिया। इसके बाद विवाद और बढ़ गया। सूचना पर नायब तहस. ीलदार राजकमल सिंह, हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, कानूनगो ओमवीर सिंह, थाना अध्यक्ष धीरज नागर मौके पर पहुंचे और उक्त भूमि की पैमाईश शुरू की है। नायब तहसीलदार राजकमल सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल मौजूद है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**चांदपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर पंचायत सहायक एवं ग्राम सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकास खण्ड सभागार जलीलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम द्वारा फैमिली आईडी बनाने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय बना कर पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वाबलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम, जितेन्द्र कुमार, ममता सैनी, रजत व पंचायत सहायक एवं सचिव मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में 300 रोगियों की जांच

**चांदपुर।** विवेक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड वैलनेस सेंटर बिजनौर के



तत्वावधान में ग्राम खानपुर खादर में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 300 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया, जिनकी जांच कर परामर्श दिया गया। वहीं 65 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद की शिकायत होने पर ऑपरेशन के लिए चुना गया। डा. अर्चित ने बताया कि शिविर में लगभग 100 मोतियाबिंद रोगियों का चयन किया गया। मरीजों की सुविधा के लिए विवेक हॉस्पिटल की एक बस ग्राम खानपुर खादर से बिजनौर अस्पताल लेकर जायेगी। ऑपरेशन उपरांत मरीजों की ग्राम खानपुर खादर तक सकुशल वापसी कराई जाएगी। नेत्र चिकित्सा शिविर में मार्केटिंग मैनेजर संजीव शर्मा, ऑपरेशन मैनेजर अरुज रजा जैदी, डा. अर्चित कुमार, स्पर्श सोती, विनय शर्मा, लवकुश शर्मा, अभिषेक वालिया, आस्था चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार कौशिक, यशपाल सिंह, धर्मपाल सिंह यादव, राजकुमार, नीरज कुमार का सहयोग रहा।

# पानी की टंकी का निर्माण अधर में लटका

## पेयजल संकट गहराने से ग्रामीणों में आक्रोश, शीघ्र निर्माण की लगाई गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** ग्राम कोटरा में जल जीवन मिशन योजना धीमी गति से चल रही है। गांव में पानी की टंकी का निर्माण दो साल पहले शुरू हुआ था लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। टंकी का निर्माण कार्य एक साल से रुका होने के कारण गांव में पानी की किल्लत बनी हुई है और कोटरा निवासियों को खराब पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और उनमें काफी आक्रोश है। टंकी के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के लिए प्रयासरत ग्राम प्रधान आफताब अंसारी शनिवार को तहसील समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों के सामने भी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे जहां उन्हें समाधान का आश्वासन दिया गया।



जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना है। जिन ग्राम पंचायतों में पानी टंकी नहीं बनी वहां पर पानी टंकी बनाने के निर्देश हैं। ग्राम कोटरा में बजट जारी हुआ, निर्माण भी शुरू हुआ, लेकिन करीब दो वर्षों में इस योजना को पूरा नहीं किया जा सका। एक वर्ष से रुके निर्माण को लेकर गांव के लोगों में आक्रोश है।

तहसील समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम प्रधान आफताब अंसारी ने कहा कि ग्राम कस्बा कोटरा में वर्ष 2022-23 में पानी की टंकी का निर्माण का जीवन मिशन द्वारा शुरू किया गया था जो आज तक पूरा नही किया गया है। एक पर्ष से पानी की टंकी का निर्माण कार्य बन्द है। जो आज तक अधूरा पड़ा है। कई बार उनसे बात की गयी लेकिन उनके द्वारा आज तक न तो निर्माण कार्य पूरा किया गया और न ही पानी के कनेक्शन का कार्य पूरा किया गया। पानी की सप्लाई न होने से ग्राम वासियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके द्वारा टंकी के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की फरियाद को लेकर एसडीएम विजय शंकर का कहना है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता कर समय पर कार्य पूरा कराया जाएगा।

# ठंड में लापरवाही बन सकती है जानलेवा : डा. मनोज वर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समा. जसेवी एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने वाले डा. मनोज वर्मा ने बढ़ती ठंड को देखते हुए नगरवासियों से सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही भी बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।



डा. मनोज वर्मा ने कहा कि हृदय रोगियों और सांस से संबंधित बीमा. रियों जैसे अस्थमा, सीओपीडी आदि से पीड़ित लोगों के लिए सर्दी का मौसम अत्यंत संवेदनशील होता है। ठंड के कारण रक्त नलिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे हार्ट अटैक, सांस फूलना और सीने में जकड़न जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने ऐसे मरीजों को सुबह-शाम ठंडी हवा में बाहर निकलने से बचने, शरीर को पूरी तरह ढककर रखने और नियमित दवाइयों का सेवन करने की सलाह दी। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि डायबिटीज, शुगर, हाई ब्लड प्रेशर और अन्य पुरानी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। ठंड में शारीरिक गतिविधि कम हो जाने से शुगर और बीपी असंतुलित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समय समय पर जांच कराना, हल्का व्यायाम करना, संतुलित आहार लेना और गुनगुना पानी पीना बेहद जरूरी है। बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाइयों में बदलाव न करें। उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को लेकर कहा कि उन्हें ठंड से बचाना समाज और परिवार की जिम्मेदारी है।

बच्चों को ठंडे पानी और खुले में बिकने वाली ठंडी चीजों से दूर रखें। बुजुर्गों को पर्याप्त गर्म कपड़े पहनाएं और सर्दी जुकाम, खांसी या बुखार के शुरुआती लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# समाज सेवा और संवाद की राजनीति का नाम अरुण वर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** नगर के व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार वर्मा आज केवल एक राजनीतिक चेहरा नहीं, बल्कि समाज और व्यापार जगत के बीच सेतु के रूप में पहचाने जाते हैं। वे उन नेताओं में गिने जाते हैं जो पद और राजनीति से ऊपर उठकर जनसंवाद और जनसेवा को प्राथमिकता देते हैं। सादगी स्पष्ट विचार और सकारात्मक दृष्टिकोण उनकी पहचान बन चुकी है। अरुण कुमार वर्मा का मानना है कि किसी भी नगर का वास्तविक विकास तभी संभव है जब व्यापारी, युवा, महिला और वरिष्ठ नागरिक सभी वर्ग साथ चलें। इसी सोच के साथ वे समय-समय पर व्यापारियों की समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंच. ाने के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। चाहे वह स्वच्छता का विषय हो, सामाजिक एकता हो या जरूरतमंदों की मदद। वे हर जगह अपनी भागीदारी निभाते दिखाई देते हैं। राजनीति में रहते हुए भी अरुण कुमार वर्मा ने संवेदनशीलता और विनम्रता को कभी नहीं छोड़ा। आमजन से सीधा संवाद, फोन पर उपलब्धता और मौके पर पहुंचने की उनकी आदत ने उन्हें जनता के बीच भरोसेमंद बनाया है। यही कारण है कि व्यापारी वर्ग ही नहीं बल्कि आम नागरिक भी उन्हें अपनी बात कहने में सहज महसूस करते हैं। समाज के प्रति उनकी सोच केवल भाषणों तक सीमित नहीं है। वे मानते हैं कि सकारात्मक पहल छोटे स्तर से शुरू होकर बड़ा परिवर्तन ला सकती है। इसी विचार के साथ वे युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने, व्यापार में नैतिकता और सेवा भाव बनाए रखने तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने की बात लगातार करते रहे हैं। कुल मिलाकर अरुण कुमार वर्मा एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरते हैं जो राजनीति को सेवा का माध्यम मानते हैं। स्योहारा जैसे नगर के लिए ऐसे नेता समाज की वास्तविक आवश्यकता हैं जो न केवल विकास की बात करें, बल्कि विश्वास, सहयोग और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने का रास्ता भी दिखाएं है।



# अनाज मंडी में चोरी

**किरतपुर।** रात्रि में बढ़तअी ठंड के चलते सन्नाटे का फायदा उठाकर चोर सक्रिय हो गए हैं। अनाज मंडी में अमन गोयल व अनुपम गोयल की अनुपम ट्रेडर्स नाम से किराना दुकान है। दुकान स्वामी अमन गोयल ने बताया कि वह बीती रात करीब साढ़े आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो जीने का दरवाजा टूटा हुआ मिला तथा दीवार में कुंबल लगा पाया गया। चोरों ने दुकान के गल्ले से लगभग 25 हजार रुपये की नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी (एसएचओ) श्रीमती पुष्पा देवी ने बताया कि रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार चोरी की परिस्थितियों को देखते हुए इसे संदिग्ध माना जा रहा है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# पाक की अंडर-19 टीम ने भारत को 191 रनों से हराया

**● समीर ने 172 और अहमद हुसैन ने 56 रनों की शानदार पारी खेली, अली रजा ने 4 विकेट लिए**




**दुबई, वार्ता।** समीर मिन्हास (172) और अहमद हुसैन (56) की शानदार पारियों के बाद अली रजा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत को 191 रनों से हरा दिया। 348 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम शुरुआती विकेट गिराने के बाद दबाव को झेल नहीं पाई और ओवरों में रन पर सिमट गई।

बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम का पहला विकेट 32 के स्कोर कप्तान आयुष म्हात्र (दो) के रूप में गिरा। इसके बाद 49 के स्कोर पर भारत दो महत्वपूर्ण विकेट और गंवा दिए। ऐरन जॉर्ज (16) और वैभव सूर्यवंशी 10 गेंदों में (26) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और तू चल मैं आया की तर्ज पर विकेट गंवाते रहे। हालांकि भारत की आखिरी जोड़ी ने चौके, छक्के लगाते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया।

इस दौरान दीपेश देवेंद्रन ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (36) रनों की पारी खेली। उन्हें अली रजा ने आउट किया। भारतीय टीम 26-2 ओवर में 156 रन ही बना सकी और 191 रनों से खिताबी मुकाबला हार गई। किशन सिंह तीन रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए अली रजा ने चार विकेट लिए। मोहम्मद सय्याम, हुजैफा एहसान और अब्दुल सुभान को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 रन के स्कोर पर हम्जा जहूर (18) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये उस्मान खान ने समीर मिन्हास के साथ दूसरे विकेट के लिए 92रन जोड़े। 17वें ओवर में खिलन पटेल ने उस्मान खान (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चौथे बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे अहमद हुसैन ने समीर मिन्हास के साथ तीसरे विकेट के लिए 137 रन जोड़कर बड़े लक्ष्य की नींव रखी।

38वें ओवर में भारतीय गेंदबाजों ने वापसी की और खिलन पटेल ने अहमद हुसैन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अहमद हुसैन ने 72 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 56 रनों की पारी खेली। 43वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे समीर मिन्हास को कनिष्क चौहान के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। समीर मिन्हास ने 113 गेंदों में 17 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 172 रनों की पारी खेली।

इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के रनों पर लगाम लगाई और उसके बल्लेबाजों तो सस्ते में आउटकर पवेलियन भेज दिया। हुजैफा एहसान (शुन्य), कप्तान फरहान युसूफ (19), मोहम्मद शयान (सात) और अब्दुल सुभान (दो) रन बनाकर आउट हुये।

पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 347 रनों का स्कोर खड़ा किया। निकाब शफीक 12 रन बनाकर और मोहम्मद सय्याम 13 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन ने तीन विकेट लिए। हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने दो-दो विकेट झटके। कनिष्क चौहान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# घरेलू क्रिकेट ने खोले ईशान किशन के लिए विश्वकप टीम के दरवाजे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम में ईशान किशन की टी-20 विश्व कप 2026 के लिए वापसी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन का आधार सिर्फ आईपीएल नहीं, बल्कि घरेलू क्रिकेट में निरंतर प्रदर्शन होना चाहिए। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इशान के चयन को घरेलू क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का इनाम बताया है।

गावस्कर ने कहा कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ईशान किशन का शानदार प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लंबे समय तक टीम से बाहर रहने के बाद ईशान ने झारखंड को खिताब दिलाया और खुद बेहतरीन फॉर्म में नजर आए। गावस्कर के मुताबिक जब कोई खिलाड़ी प्रदर्शन करता है, हालांकि, गावस्कर ने शुभमन गिल को टी20 टीम से बाहर किए जाने को हैरान करने वाला फैसला बताया, लेकिन यह भी माना कि टी20 क्रिकेट में लय और तेज शुरुआत बेहद अहम होती है। उनके अनुसार, गिल का स्वाभाविक खेल टेस्ट क्रिकेट के ज्यादा अनुकूल है और टी20 में फॉर्म की कमी उनके खिलाफ गई। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने भी चयन समिति, खासकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर की खुलकर तारीफ की।

उन्होंने कहा कि टीम संयोजन को प्राथमिकता दी गई और गिल को बाहर करना भले ही मुश्किल फैसला रहा हो, लेकिन यह सही था। हरभजन ने इशान किशन और रिंकू सिंह की वापसी को सकारात्मक कदम बताया और अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाए जाने को भी शानदार फैसला करार दिया।

## खेल विशेष

### मेलबर्न टेस्ट में नहीं खेलेंगे कमिस

**एडिलेड, वार्ता।** अपनी चोट की परवाह किये बिना एडिलेड टेस्ट में खेलने वाले आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिस ने संकेत दिए हैं कि बॉक्सिग-डे टेस्ट और इसके बाद शायद अब वह इस सीरीज का कोई मैच खेलेंगे। मैच में छह विकेट लेने वाले कमिस ने बैक इंजरी से उबरते हुए लगभग साढ़े पांच महीने बाद कोई मैच खेला था और उनके लिए लगातार दो टेस्ट खेलना आसान नहीं मैच के बाद कमिस ने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं लेकिन बाकी बची सीरीज के लिए हमें इंतजार करके देखना होगा। हमें पता था कि ऐशेज जीतना है तो हमने काफी आक्रामक तैयारी की थी और हमें लगता है कि यह इसके लायक था। अब जबकि सीरीज जीती जा चुकी है तो ऐसा लग रहा है कि काम हो गया और अब खतरे के बारे में फिर से निरीक्षण की जरूरत है।अगले कुछ दिनों में हम इस पर काम कर लेंगे, लेकिन मुझे संदेह है कि मैं शायद ही मेलबर्न टेस्ट में खेलूं और फिर हम सिडनी के बारे में बात करेंगे। लेकिन निश्चित रूप से सीरीज शुरू होने से पहले, सीरीज के दौरान, हमने सोचा था कि चलो जोखिम उठाते हैं और प्रयास करते हैं, अब जब यह खत्म हो गई है, तो मुझे लगता है कि हमें इस बारे में बात करनी होगी। ये ऐसी सीरीज है जिसके बारे में हम लंबे समय से सोच रहे थे। आज ये आसान नहीं था, लेकिन हम काम पूरा करने में सफल रहे। हमारा चेंजिग रूम बेहद उत्सुक है। इंग्लैंड पर दबाव बनाए रखने को लेकर कमिस ने कहा कि मुझे लगता है कि यही वह समय होता है जब यह क्रिकेट टीम अपने सर्वश्रेष्ठ पर होती है। ऑस्ट्रेलिया में आप चीजो को अधिक जल्दबाजी में नहीं कर सकते। आप चाहेंगे कि सब कुछ फौरन हो जाए, लेकिन ऐसा हमेशा नहीं होता। यहां अधिकतर समय पुराने ढंग की मेहनत और लगातार जद्दोजहद करनी पड़ती है। आज सभी खिलाड़ियों की मेहनत मुझे बेहद पसंद आई। मैच थोड़ा सा मेरी उम्मीद से अधिक करीब आ गया था, लेकिन मैं बेहद खुश हूं। मुझे लगता है।

# डेवोन कॉन्वे ने दोहरा शतक और टेस्ट में शतक लगाकर इतिहास रचा

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और फिर शतक बनाकर अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया है। इसी के साथ वह यह कारनामा करने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बन गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार कॉनवे ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ओवल में तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे आखिरी दिन चाय से ठीक पहले शतक बनाकर यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एंडरसन फिलिप की गेंद पर कट शॉट लगाकर अपनी दूसरी पारी का शतक पूरा किया। यह उपलब्धि उनकी पहली पारी में शानदार 227 रन बनाने के बाद मिली, जिसने मैच में न्यूजीलैंड की मजबूत स्थिति की नींव रखी।

ऐसा करके 34 वर्षीय कॉन्वे एक ही मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले पहले न्यूजीलैंड और टेस्ट इतिहास में केवल 10वें खिलाड़ी बन गए। कॉन्वे ब्रायन लारा, ग्राहम गूच, कुमार संगकारा और हाल ही में मार्नस लाबुशेन और शुभमन गिल जैसे दिग्गजों की एलीट सूची में शामिल हो गए। चौथे दिन चाय के समय, न्यूजीलैंड अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 192 रन पर था और मैच में अभी चार सत्र बाकी रहते हुए 347 रनों की मजबूत बढ़त बनाए हुए था।

# मेसी का दौरा शानदार, लेकिन फुटबॉल को कोई ठोस फायदा नहीं

**● इसमें कोई शक नहीं कि मेसी अब तक के सबसे अच्छे फुटबॉलरों में से एक हैं और हमारे देश में ऐसी मशहूर हस्तीयों की मेजबानी यादगार रहेंगी: अनादि**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय फुटबाल के जाने माने खिलाघी रहे अनादि बरूआ का मानना है कि फुटबाल के अंतर्राष्ट्रीय सितारे लियोनेल मेसी के भारत दौरे ने भीघ्तो बहुत खींची लेकिन इससे देश में फुटबाल को बढ़ावा देने में कोई मदद नहीं मिली।

बरूआ ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि लियोनेल मेसी अब तक के सबसे अच्छे फुटबॉलरों में से एक हैं और हमारे देश में ऐसी मशहूर हस्तियों की मेजबानी करना हमेशा यादगार होता है। हालांकि, लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ उनके इस दौरे से भारत में आम तौर पर खेल और विशेषकर फुटबॉल को बढ़ावा देने में कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के लोगों द्वारा आयोजित मेसी का



यह दौरा फुटबॉल के लिहाज से तब अधिक सार्थक होता जब वह यहां की राष्ट्रीय टीम या कोई स्थानीय क्लब के खिलाफ मैच खेलते, जैसा कि पेले ने 1977 में मोहन बागान के खिलाफ खेला था। यह तब भी सार्थक हो सकता था जब वह किसी अकादमी का दौरा करते और उभरते हुए फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते। इसके अलावा अगर वह गरीब बच्चों से मुलाकात कर उनसे बातचीत करते तो इसका कुछ सामाजिक महत्व होता। हालांकि, यह दौरा मार्केटिंग को लेकर था। विदेश के लोग जानते हैं कि भारत एक बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए यह दौरा अधिकतर इंटर मियामी का विज्ञापन करने और अगले साल होने वाले विश्व कप के बारे में चर्चा पैदा करने के लिए था।

बरूआ ने कहा कि जिन लोंगों ने कभी यह खेल नहीं खेला और जिनका इस खेल से असल में कोई लेना-देना नहीं था, वे इस दौरे के दौरान अर्जेंटीना के इस दिग्गज के साथ फोटो खिचवाने के लिए सबसे अधिक उत्सुक दिखे। मेसी के दौरे के दौरान हमने कुछ अजीब हरकतें देखीं, उनमें से एक थी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह का उन्हें क्रिकेट बैट देना, जिस पर 2024 का आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों के खास साइन और ऑटोग्राफ थे। उन्होंने कहा कि यह भी देखना होगा कि दिग्गज फुटबॉलर का दौरा ऐसे समय में हुआ जब हमारा फुटबॉल अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है।

एक तरफ हमारी सीनियर पुरुष टीम दुनिया में 142वें नंबर पर है (19 नवंबर, 2025 की फीफा रैंकिंग) और दूसरी तरफ आईएसएल सीजन को लेकर अनिश्चितताएं हैं। जब हम फुटबॉल की बात करते हैं, तो हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि लगभग सभी देश यह खेल खेलते हैं, उनमें से अधिकतर लोग इस 'खूबसूरत खेल' को बहुत जुनून से फॉलो करते हैं। इसलिए अगर हमें एक महत्वपूर्ण फुटबॉलिंग देश बनना है।

# भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

**● यह दौरा भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप जीतने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को 19 दिसम्बर को मुख्यालय में गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए सम्मानित किया। बीसीसीआई की ओर से रविवार को बताया गया कि भारतीय ब्लाइंड महिला जो पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही।

बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष रघुराम भट्ट ने उन्हें सम्मानित किया, खिलाड़ियों से बातचीत की और बोर्ड की ओर से हार्दिक बधाई दी। यह दौरा



भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है। भारत ने नेपाल के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। भारतीय टीम ने 115 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 12-1 ओवर में सात विकेट से जीत दर्ज की। इस शानदार जीत ने भारतीय टीम के लिए एक यादगार अभियान का समापन किया। बीसीसीआई ने कप्तान दीपिका टीसी, उनकी टीम के साथियों और सहयोगी सदस्य को उनके शानदार प्रयास के लिए बधाई दी।

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने भी बातचीत के दौरान टीम को वर्चुअली संबोधित किया और बोर्ड की ओर से निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया, जिसमें भविष्य के दौरों के लिए प्लेइंग किट और यात्रा में सहायता शामिल है।

इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए बीसीसीआई ने टीम की सफलता को एक मील का पत्थर माना। बीसीसीआई के कई वरिष्ठ धिकारियों ने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और दृढ़ संकल्प के लिए उनकी सराहना की। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, ष्यह ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और एक ऐसा क्षण है जिस पर पूरा देश गर्व कर सकता है। ऊंचाइयों को छूते रहें।

# इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' नहीं झेल सका: बेन स्टोक्स

**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह कप्तानी के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यह भी स्वीकार करते है कि पहले तीन टेस्ट मैचों में उनकी टीम ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' को झेल नहीं सकी और रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए मात्र 11 दिनों में ही ऐशेज सीरीज गंवा बैठी। 2022 से इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान रहे स्टोक्स ने इस दौरे से पहले दो साल का नया केन्द्रीय अनुबंध साइन किया था, जो 2027 की गर्मियों के अंत तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि कप्तान बने रहने की उनकी इच्छा 'बिल्कुल' बरकरार है और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर दौरे की शुरुआत से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। इंग्लैंड इस उम्मीद के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचा था कि वह 2010-11 के बाद पहली बार ऐशेज सीरीज जीतने वाली टीम बनेगा, लेकिन उसे पूरी तरह मात मिली। पर्थ और ब्रिस्बेन में आठ विकेट से और एडिलेड में 85 रन से हार झेलनी पड़ी। स्टोक्स ने माना कि ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से 'बहुत अच्छा' साबित हुआ और विशेषकर अपने गेंदबाजो की अस्थिरता को बड़ी निराशा बताया। स्टोक्स ने कहा कि यह वाकई बहुत खराब लगता है। अब यह जानना कि हम यहां जो हासिल करने आए थे, वह नहीं कर सकते यह स्पष्ट तौर पर बहुत निराशाजनक है। मेरे लिए बात बिल्कुल साफ है



कि ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों में हमसे कहीं अधिक कहीं ज्यादा निरंतरता के साथ अमल किया है। उन्होंने हर चीज को हमसे कहीं बेहतर तरीके से और कहीं ज्यादा लंबे समय तक लगातार अंजाम दिया है। हमारे पास भी कुछ लम्हे ऐसे रहे हैं जब हम बहुत अच्छे थे, लेकिन इस सीरीज में अब तक ऑस्ट्रेलिया हमसे कहीं लंबे समय तक और कुल मिलाकर कहीं बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, ष्हमें पता है कि यहां कौन-सी योजनाएं काम करती हैं। हम बस उन योजनाओं को पर्याप्त समय तक सही ढंग से लागू नहीं कर पाए। हमने यह कुछ-कुछ लम्हों में और कुछ चरणों में किया।

## पीसीबी ने दो नई फ्रेंचाइजी के लिए पीएसएल बिड की तिथि आगे बढ़ाई

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तानं सुपर लीग (पीएसएल) के लिए दो नई फेंचाइजी के लिए बिड जमा कराने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दिया है। पीसीबी ने बताया कि बोली लगाने की 22 दिसम्बर तिथि को बढ़कर अब 24 दिसम्बर कर दिया गया है, क्योंकि इस दौरान दो छुट्टियां थीं और इच्छुक पार्टियों ने अतिरिक्त समय मांगा था। पहला विस्तार यूरोप, अमेरिका, मध्य पूर्व और अन्य जगहों के निवेशकों की 'बढ़ती रुचि' को देखते हुए किया गया था। पाकिस्तान क्रिकेट के अध्यक्ष मो. हसिन नकवी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यूरोप, अमेरिका, मध्य पूर्व और अन्य जगहों से नई एचबीएल पीएसएल टीमें खरीदने में बढ़ती रुचि को देखते हुए, हमने बिड जमा कराने की तिथि एक सप्ताह बढ़ाकर 22 दिसम्बर 2025 कर दी है।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर एशेज 3-0 से अपने नाम किया

**● मिशेल स्टार्क, पैट कमिस और नाथन लियोन ने तीन-तीन विकेट हासिल किए**

**एडिलेड, वार्ता।** मिशेल स्टार्क, पैट कमिस, नाथन लियोन (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन इंग्लैंड को दूसरी पारी में 352 के स्कोर पर समेट कर 82 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की निर्णायक बढ़त बना ली। आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 206 रनों क स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की दूसरी पारी में 352 रनों पर सिमट गई। हालांकि जेमी स्मिथ



(60) और विल जैक्स (47) ने जोरदार संघर्ष किया। सुबह के सत्र में मिचेल स्टार्क ने जेमी स्मिथ को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद 93वें ओवर में स्टार्क ने विल जैक्स को भी अपना शिकार बना लिया। जोफ्रा आर्चर तीन रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने तनावपूर्ण आखिरी सेशन में धैर्य बनाए रखा, जिसमें मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने निर्णायक वार किए। 103 वें ओवर की पहली गेंद पर स्कॉट बोलैंड ने जॉश टंग (एक) को आउटकर मेहमान टीम की दूसरी पारी का 352 के स्कोर पर अंत कर दिया। उन्होंने दो टेस्ट मैच बाकी रहते ही सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दोनों पारियों में 371 और 349 रन बनाए थे, जिससे इंग्लैंड के सामने एक मुश्किल चुनौती खड़ी हो गई थी। विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी को स्टंप के पीछे और बल्ले से अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, उन्होंने मैच के अहम चरणों में स्थिरता प्रदान की। स्टार्क आखिरी पारी में सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, उन्होंने अहम मौकों पर विकेट लेकर इंग्लैंड की लय को रोका, जबकि कप्तान पैट कमिस ने भी महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाईं।

# एसटीएफ से मुठभेड़ में एक लाख का इनामी सिराज ढेर

## सुल्तानपुर के चर्चित हत्यकांड में फरार चल रहा था सिराज अहमद, पूरी यूपी में करीब 30 मुकदमे दर्ज थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसएटीएफ) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक लाख रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी सिराज अहमद को मुठभेड़ में मार गिराया।

यह एनकाउंटर देर रात जिले के गंगोह थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिराज अहमद सुल्तानपुर जनपद के एक चर्चित हत्या मामले में मुख्य आरोपी था और लंबे समय से फरार चल रहा था। वह मूल रूप से सुल्तानपुर का निवासी था और उसके खिलाफ हत्या, लूट, हत्या के प्रयास सहित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत करीब 30 गंभीर मुकदमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में दर्ज थे। सिराज एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर था, जिस पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। एसटीएफ को खुफिया सूचना मिली थी कि सिराज अहमद पंजाब-हरियाणा बॉर्डर से सहारनपुर के गंगोह क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में पहुंचा है। सूचना





के आधार पर एसटीएम टीम ने इलाके में घेरा. बंदी की। खुद को घिरता देख सिराज ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एनकाउंटर स्थल से पुलिस ने हथियार और अन्य आपत्ति. जनक सामग्री बरामद की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सिराज अहमद लंबे समय से कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ था। उसकी मौत से कई पुराने आपराधिक मामलों का खुलासा और पटाक्षेप होने की संभावना है। एसटीएफ की इस कार्रवाई को प्रदेश सरकार की अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। घटना के बाद से क्षेत्र में अपराधियों में दहशत का माहौल है। पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है

# गर्व के साथ मनाई जाएगी किसान मसीहा की जयंती: चौ. नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोक. दल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि 23 दिसम्बर को किसान मसीहा स्व. चौ. चरण सिंह की जयन्ती गर्व से मनाई जायेगी।

नकुड़ क्षेत्र के गांव शुक्रताल में रालोद खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में बोलते हुए चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि 23 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस, समता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जिसके तहत 23 दिसम्बर को प्रात 11 बजे हसनपुर चुंगी पर एकत्रित होकर कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह चौक तक पदयात्रा करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट ने कहा कि चौधरी साहब देश के महान किसान नेता रहे। ऐसे महान पुरुष की जयंती मनाना किसानों के लिए गर्व की बात है। उनकी विचार धारा देश को मजबूत बनाती है।



इस अवसर कैप्टेन अरविन्द फौजी, सूबेदार धर्मवीर, बबलू चौधरी, विपिन चौधरी, अनुज चौधरी, संजय चौधरी, सुधीर चौधरी, अमित चौधरी, विशाल चौधरी, नवीन चौधरी, आशीष चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने एक आरोपी को नाजायज चाकू के साथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक कुलवंत सिंह के नेतृत्व संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चौकिंग के दौरान एक आरोपी योगेश उर्फ युवराज पुत्र हिम्मत सिंह निवासी मानकमऊ को अम्बाला रोड नहर की पटरी शमशान घाट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरा. पी के कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट की धारा-4/25 के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

# पार्षद नदीम के सहयोग से चलाया अभियान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस और वार्ड 59 के पार्षद नदीम अंसारी द्वारा संयुक्त अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक किया गया।

क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर के कुशल नेतृत्व में ऑपरेशन सवेरा 2.0 अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में वरिष्ठ उप निरीक्षक मानसिंह, नवाबगंज चौकी प्रभारी आजाद सिंह, एंटी रोमियो टीम की महिला उप निरीक्षक अंजू सिंह, महिला आरक्षी शिवानी, थाना कोतवाली नगर पुलिस बल तथा वार्ड नंबर 59 के पार्षद नदीम अहमद अंसारी मौजूद रहे।

अभियान के तहत कंपनी बाग में टहलने व खेलने के लिए आने वाले व्यक्तियों एवं नवयुवकों को एकत्र कर नशे से होने वाले शारीरिक व आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा सभी लोगों को नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित और जागरूक किया गया।

# मेयर डा.अजय ने की 1 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विकास कार्यों को नई गति देते हुए आज महापौर डॉ. अजय कुमार ने महानगर के तीन वार्डो- वार्ड संख्या 16, वार्ड 2 एवं वार्ड संख्या 40 में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यो का शुभारंभ किया। इन कार्यो में सड़क निर्माण, सीवर व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं जलापूर्ति हेतु 35 एचपी क्षमता के पंप की स्थापना सम्बंधी कार्य शामिल है। निर्माण कार्यो का शुभारंभ उन्होंने क्षेत्र के वृद्धजनों के साथ भूमि पर गेंती मारकर किया।



महापौर डॉ. अजय कुमार ने विकास कार्यो की शुरुआत करते हुए कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को प्रदान करते हुए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि सड़क, सीवर और जलापूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाएं किसी भी शहर के विकास की रीढ़ होती हैं और नगर निगम मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ के मार्गदर्शन में इन कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा कर रहा है। महापौर ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्रित्व काल में सहारनपुर ने विकास की एक नयी करवट ली है। विकास की यह यात्रा लगातार जारी रहेगी और शहर को एक आदर्श शहर बनाने में सहायक होगी।

उक्त वार्डो के स्थानीय नागरिकों ने महापौर डॉ.अजय कुमार का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। पार्षद सुनील पंवार, पार्षद सुलेख चंद व पार्षद राजेंद्र कोहली ने इन विकास कार्यो को क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विकास कार्यो का यह शुभारंभ महानगर को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर बनाने की दिशा में नगर निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रिंसिपल रोहतास सहित अनेक नागरिकों ने महापौर एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा तथा क्षेत्र में स्वच्छता, सुगम यातायात और निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय वशिष्ठ व हनी वर्मा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव धौलाहेड़ी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास श्यामसुंदर महाराज वृंदावन वाले ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला और गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि रासल. ीला आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है, जबकि गोवर्धन लीला मानव को अहंकार त्याग कर ईश्वर की शरण में जाने की प्रेरणा देती है। महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अभिमान को दूर करने के लिए गोवर्धन पर्वत धारण किया और ब्रजवासियों की रक्षा की। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कथा के अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कथा के दौरान एकता जन सेवा समिति सुल्तानपुर के सदस्यों ने कथा व्यास को पगड़ी एवं पटका पहनकर सम्मानित किया। कथा में श्याम कुमार सैनी, बालकृष्ण शर्मा, डॉ दीपक सैनी,महिपाल, धर्मपाल, रामकुमार, राजेश, ऋषि पाल, चरण सैनी, प्रमोद, सोनू, मुकेश, नाथीराम, हिमांशु, शुभम, रामनाथ सैनी, राजेंद्र सैनी, विनोद सैनी, कुलदीप तोमर, विकास सैनी आदि रहे।

# बूथ पर जाकर वोट बनवाएं कार्यकर्ता: नरेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के मुख्य मण्डल कोर्डिनेटर नरेश गौतम ने कहा कि पदाधिकारी बूथ पर जाकर वोट बनवाने का काम करें।

नरेश गौतम आज मण्डल कार्यालय पर आयोजित मीटिंग को सम्बोधित कर रहे थे। यह मीटिंग एसआईआर को लेकर थी जिसमें पदाधिकारियों को एसआईआर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा गया कि जितने भी वोट के फार्म वापस आ गये है उन पर सभी आईडी व प्रूफ लगाकर दोबारा भरने का काम करें। सभी बीएलए व सैक्टर अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष बूथ रहकर वोट बनवाने का काम करें।



बैठक में मण्डल प्रभारी प्रताप सिंह, जनेश्वर प्रसाद, मण्डल संयोजक रजनीश उजाला, जिला प्रभारी राजेश प्रधान, नफे सिंह, अजब सिंह सैनी, सुशील जयसवाल, महानगर अध्यक्ष आसिफ अली, जिशान गाडा, सोनेश प्रधान, अरूण प्रधान कपासी, केएल वाटला, लोक. ेश राणा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार बन्धु ने की।

## सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**गंगोह।** श्री रामबाग सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में स्वर्ण जयंती वर्ष संस्कार ध्येय प्रतीक के अंतर्गत सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मकसद कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, व क्षमा को उजागर करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षा मालती, मुख्य अतिथि नीरा शर्मा, मुख्य वक्ता नीना राणा, विशिष्ट अतिथि यशोदा रही। वक्ताओं ने मातृशक्ति को जागृत करने की सीख दी। अमिता ने प्रश्ना. ेतर विधि से ज्ञानार्जन किया। पारूल चौधरी, इनर व्हील क्लब गंगोह से रीना व अनीता, रश्मि, ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस से मोनिका ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सृष्टि, आयुषी, परी, वाणी, रक्षिता, ईशु, प्रियांशी, दिव्या, अंशिका ने प्रस्तुति दी।

# आईपी इन्टर कॉलेज इंडियन स्कूल अवार्ड से सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आई.पी इंटर कालेज खिड़का भटकव्वा को इंडियन स्कूल अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार विद्यालय को शैक्षिक गुणवत्ता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया है।



यह सम्मान इंडियन स्कूल अवार्ड समिति, मुंबई द्वारा 5 फरवरी को दिल्ली में प्रदान किया जायेगा। इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जाता है, जिनके निरंतर सहयोग और परिश्रम से यह सफलता संभव हो सकी।

विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मो.अबूजर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार विद्यालय को भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। विद्यालय परिवार इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करता है और सभी को हार्दिक धन्यवाद देता है।

इस अवसर पर फरहा खान, नाजमीन अब्बासी, फिरदोस सलमानी, मिस्बाह गौर , शाहीन, सविता, सलमान, सलोनी डाबर, सिमरन, शीतल, अरसला गौर, शीतल कोहली, अनीता, कवरपाल सिंह उपस्थित रहे।

# संकल्प के साथ संपन्न क्षेत्रीय महिला सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र संख्या 14 द्वारा आज क्षेत्रीय महिला सम्मेलन आयोजित किया गया।

जैन बाग स्थित जैन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर विमला वाई की उपस्थिति रही। मुंबई से मोटिवेशनल स्पीकर स्मिता रंजन अग्रवाल खासतौर पर इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई। अतिवीर अजय जैन एवं वीरांगना निशि जैन राष्ट्रीय महामंत्री, नरेश जैन एवं मंगलेश जैन राष्ट्रीय मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष, देहरादून मुख्य अतिथि के रूप में नीना जैन स्वागत अध्यक्ष, दीपाली जैन, ध्वजारोहणकर्ता मितुल जैन सुशीला जैन ममता जैन माधुरी जैन विशिष्ट अतिथि सरिता जैन पायल जैन क्षेत्रीय महिला चेयरपर्सन ऋचा जैन आभा जैन आयोजक जैन




मिलन शक्ति की अध्यक्षा अंकिता जैन मंत्री दीप्ती जैन कोषाध्यक्ष चारु जैन रही।

क्षेत्रीय अध्यक्ष अविनाष जैन व क्षत्रिय मंत्री संजय जैन संचालन शिल्पा जैन एवं वीरांगना स्वाति जैन द्वारा किया गया।

मंत्री विरांगदा दीप्ति जैन द्वारा जैन मिलन शक्ति की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई गई व अंत में अध्यक्षा वीरांगना अंकिता जैन द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया।

# पिता की इच्छा को पूरा कर मृत्यु के बाद की आंखें दान

**गंगोह।** हम दुनिया में रहें ना रहें, हमारी आंखें जीवित रहेंगी, हमने इस जग से अंधेरों को दूर करने की, ठान रखी है। मोहल्ला महलतला निवासी एक वृद्ध पुरुष ने अपनी आंखें दान कर वे दो नेत्रहीनों के जीवन में हमेशा के लिए उजाला भर गये।

पिता की इच्छा को पूरा करना पुत्रों ने स्मरण रखा और मृत्यु के बाद पिता की आंखे किन्ही दूसरों के लिए दान करा दी। ऐसे परिवार और पुत्रजनों को ईश्वर की ओर से एक अद्भुत और दिव्य शक्ति अवश्य मिलती है, जिनके परिवार में शोक होने के बावजूद भी अपने दुख की परवाह न करते हुए वें अपने प्रियजन के विछोह को सहन करके संसारवासियों को एक प्रेरक संदेश देते हैं। मोहल्ला महलतला निवासी सुरेश गर्ग के पुत्र सचिन गर्ग दृष्टि के नेत्रहीनों के जीवन में प्रकाश लाने की मुहिम को आगे बढ़ाया। सुरेश का देहावसान होने पर उनके बेटे सचिन आदि ने दृष्टि अध्यक्ष अमित गर्ग व सचिव गगन गर्ग को फोन के माध्यम से पिता जी के नेत्रदान करने की इच्छा जताई। सहारनपुर से रोशनी मानव सेवा ट्रस्ट से संबद्ध रोशनी आई बैंक के अध्यक्ष सूरज जैन, चीफ मेडिकल डायरेक्टर डा. श्वेता एवं मैनेजर सिया कश्यप ने गंगोह पहुंचकर दोनों नेत्रों के कार्निया ले लि जिनका प्रत्यारोपण दो नेत्रहीनों को करा दिया जायेगा। अभी तक दृष्टि एक प्रयास गंगोह की ओर से 45 नेत्रदान कराए जा चुके हैं और इससे 90 नेत्रहीन व्यक्तियों के आंखों की रोशनी लौटाई जा सकी है। दृष्टि अध्यक्ष अमित गर्ग, सचिव गगन गर्ग, पीयूष गोयल, डा महेश गर्ग आदि सदस्यों के साथ रमेश गर्ग, सचिन गर्ग, रचिन गर्ग, वैभव गर्ग, विभोर गर्ग उपस्थित रहे।

# मंगल कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत



**सहारनपुर।** श्री नर्मदेश्वर महाकाल महादेव मंदिर के श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के उपलक्ष में आज मंगल कलश यात्रा निकाली गई जिसका महानगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

ऑफीसर कॉलोनी स्थित श्री नंदेश्वर महाकाल महादेव मंदिर में श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में द्वितीय वार्षिक महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसके शुभारंभ आज भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने भागीदारी की और मंगल कलश यात्रा में सबसे आगे एक युवा धर्म ध्वज लिए चल रहा था। उसके साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा एक रथ पर विराजमान थी तथा नगर के बैंड धार्मिक दोनों के माध्यम से वातावरण को भक्ति में बने हुए थे। मंगल कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर विभिन्न स्थानों को होते हुए पुणे मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत भी किया। देर शाम श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास आचार्य पंडित प्रवेश कौशिक ने ज्ञान की अमृतवर्षा करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मानव का कल्याण हो जाता है और उसके जीवन में नया मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से मानव को सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है और उसका ध्यान सद्कार्यो में लगता है।

इस दौरान भारी संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालू मौजूद रहे।

## पुस्तक का विमोचन

**सहारनपुर।** कवियत्री रश्मि शर्मा की पुस्तक अंतर्मन की व्यथा का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर पुस्तक के लेखन की सभी प्रषांसा की गयी।

स्वामी रामतीर्थ केन्द्र के सभागार मे आयोजित समारोह में कवियत्री रश्मि शर्मा की न ई पुस्तक अंतर्मन की व्यथा का लोकार्पण संपन्न हुआ। कुलाधिपति,महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतीहारी (बिहार) डा महेश शर्मा ने मुख्य अधिकारी के रूप में अंतर्मन की व्यथा का विमोचन करते हुए कवियत्री रश्मि शर्मा के कृतित्व और व्यक्तित्व की प्रशंसा की। शुभारंभ मां सरस्वती के समुख मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य नागरिकों के दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कवियत्रि रश्मि शर्मा ने कहा कि उन्होंने पहली रचना अंतर्मन की व्यथा के माध्यम से रामायण और महाभारत के कुछ पात्रों के अंतर्मन की व्यथा का वर्णन किया है।

# एटीएम कार्ड बदल ठगी करने वाले 3 पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी व तीन अवैध चाकू बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार विगत एक नवम्बर को वादिया मनीष पत्नी अंकुर निवासी बहेड़ी गुर्जर थाना गागलहेड़ी ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने धोखे से उसका एटीएम बदलकर उसके खाते से 40 हजार रूपए की नगदी निकाल ली है। पुलिस ने धारा-318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक विकास चारण के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन आरो. पियों टीनू पुत्र चंद्रबॉस, सुमित पुत्र मित्रपाल व संजय पुत्र अमरसिंह निवासीगण निकट रविदास मंदिर ग्राम चंदपुर थाना बड़गांव को मंडी समिति में कूड़ाघर के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से 3 नाजायज चाकू व 3 हजार रूपए की नगदी बरामद कर ली। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि हम तीनों ने कस्बा गागलहेड़ी में भगवानपुर तिराहे पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से एक महिला से उसके एसबीआई बैंक के एटीएम कार्ड को चालाकी से बदलकर उसका एटीएम पिटन याद कराकर दूसरा एटीएम कार्ड दे दिया था तथा उस एटीएम कार्ड से 40 हजार रूपए की निकाल लिए थे। बरामद नगदी उसी लूट की है।



पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपी शातिर किस्म के आरोपी हैं जिनके खिलाफ विभिन्न थानों में अलग-अलग धाराओं में क्रमशः तीन, पांच व सात मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# जेब पर एक और बोझ

संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होते ही सरकार ने आम जनता की जेब पर एक और बोझ डाल दिया है। जी हां भारतीय रेलवे ने किराए में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है, जो 26 दिसंबर 2025 से लागू हो जाएगा। हालांकि कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट होल्डर्स के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन 215 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। संसद के शीतकालीन सत्र में लगभग आठ बिल पास हुए, जिनका खामियाजा जनता को अपनी जेब पर भारी पड़ गया। महंगाई घटने की बजाय और बढ़ती जा रही है, लेकिन आम जनता की आमदनी में अभी कोई वृद्धि नहीं हुई, जिसके परिणाम स्वरूप 250 किलोमीटर से ज्यादा यात्रा करने वालों को अतिरिक्त पैसे देने होंगे। इस बदलाव से भारतीय रेलवे को सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। रेलवे ने छोटे रूट और सीजन टिकट वालों को राहत रेलवे ने छोटे रूट पर यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों को राहत दी है। कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी। इस किराया बढ़ोतरी से मिली 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय का इस्तेमाल इन्हीं कामों में किया जाएगा। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है और इसके नेटवर्क को मेंटेन करने में भारी खर्च आता है। इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किराए में बढ़ोतरी की थी। तब नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की थी। हमारे देश के नेता अपने आप तो अच्छा खासा वेतन लेते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद अच्छी पेंशन भी लेते हैं, लेकिन उनके बारे में कुछ नहीं सोचते, जो इस देश के उन संस्थानों में काम कर रहे हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी कमाई में इजाफा करने के लिए भी कुछ प्रयास नहीं करती है। आजकल नौकरी की तलाश में युवा एक राज्य से दूसरे राज्य में जाते हैं, जिन्हें ट्रेन से ही सफर करना पड़ता है, ऐसे लोगों को अपनी जेब हल्की करनी होगी। हालांकि एक राहत भरी खबर यह भी है कि रेलवे ने सब-अर्बन (उपनगरीय) ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। संसद में जब विपक्ष के सांसद सत्ता पक्ष से प्रश्न पूछते हैं, तो उनका गोलमोल जवाब देकर इतिश्री कर लिया जाता है। उन पर कोई बहस भी नहीं होती। सरकार अपने प्रतिष्ठानों में घाटा दिखाकर जनता को लूटने का काम कर रही है। इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किरा, में बढ़ोतरी की थी। अब नए साल से पहले ही सरकार ने लोगों को झटका दे दिया है। भारतीय रेलवे बोर्ड की स्थापना मार्च 1905 में हुई थी। भारतीय रेलवे को गति प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे बोर्ड पहला अभिकरण था, जो भारत में स्थापित हुआ। यह भारतीय रेलवे बोर्ड एक्ट (1905) की धाराओं के अधीन स्थापित किया गया। रेलवे बोर्ड रेलवे में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च विभाग है। यह बोर्ड भारतीय रेलवे से जुड़े सभी प्रोजेक्ट और पॉलिसी का निर्धारण करता है। रेलवे बोर्ड के अधिकारी क्लास ए सिविल सर्विस के तहत आते हैं और इनकी नियुक्ति यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन के तहत होती है।


## आंदोलन से ही नतीजे निकलते हैं



धरना देना सीख लो, आंदोलन से ही नतीजे निकलते हैं, जमीन किसान की है और उस जमीन से निकली फसल का दाम तय करने की किसान के पास ताकत नहीं है, किसानों के पुराने ट्रैक्टर, तो प्रदूषण के कारण रोके जा रहे हैं लेकिन सरकार के ही ट्रक दिन रात शहर में आ जा रहे हैं। जो भी ट्रक अब मुजफ्फरनगर या अन्य शहर में आएगा, तो उसे वापस नहीं जाने दिया जाएगा, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो लखनऊ में आंदोलन होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी, अगर बात नहीं सुनी गई तो लखनऊ में ही आंदोलन होगा, इसके साथ ही अरनावली के पहाड़ बचाने के लिए भी आंदोलन किया जाएगा।

**-राकेश टिकैत, प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन**

# कागज के खाली पन्नों से विश्व मंच तक, रामानुजन की अद्भुत कहानी





योगेश कुमार गोयल

भारत में प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय गणित की गौरवशाली परंपरा और विश्वविख्यात गणितज्ञ निवास रामानुजन के अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। यह केवल एक स्मृति-दिवस नहीं बल्कि गणित जैसे बौद्धिक अनुशासन के प्रति समाज में सम्मान, जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टि को सुदृढ़ करने का राष्ट्रीय प्रयास है। राष्ट्रीय गणित दिवस की औपचारिक घोषणा वर्ष 2012 में रामानुजन की 125वीं जयंती के अवसर पर की गई थी। चेन्नई में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे विलक्षण प्रतिभावान और गूढ़ ज्ञान से युक्त व्यक्तित्वों का जन्म समाज में बहुत कम होता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि रामानुजन की प्रतिभा न केवल गणित के क्षेत्र में बल्कि मानव बौद्धिक क्षमता की सीमाओं को समझने में भी एक प्रेरक उदाहरण है। उसी अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि रामानुजन के जन्मदिवस को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के रूप में मनाया जाएगा ताकि देश की युवा पीढ़ी गणित से भय के बजाय आकर्षण और नवाचार का संबंध विकसित कर सके। इस दिवस का उद्देश्य गणितीय सोच को बढ़ावा देना, अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और यह संदेश देना है कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं बल्कि विज्ञान, तकनीक और राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे निवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों, लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्राय: सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था। गणित में अतुलनीय योगदान के लिए निवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई।

परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे। एक दिन एक ब्रिटिश की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जीएस हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यत: संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी। महान् गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक निवास रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया। बहरहाल, राष्ट्रीय गणित दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि सीमित संसाधनों और औपचारिक प्रशिक्षण के अभाव में भी भारतीय प्रतिभा विश्व को नई दिशा दे सकती है, जैसा कि रामानुजन ने अपने जीवन और कार्य से सिद्ध किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खुद ही मिट जाएंगे महात्मा गांधी को मिटाने वाले



तनवीर जाफरी

महात्मा गांधी के नाम से नफरत करने व इसे मिटाने की कोशिशों का एक और प्रयास पिछले दिनों संसद में उस समय देखने को मिला जबकि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अर्थात मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अथवा संक्षेप में वीबीजी राम जी कर दिया। हालांकि पहले यह खबरें थीं कि इसे पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना का नाम दिया जाएगा परन्तु आखिरकार इस योजना से सरकार ने महात्मा गांधी का नाम हटा ही दिया। गौरतलब है कि मनरेगा की शुरुआत 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार द्वारा की गई थी। प्रारंभ में इसका नाम जवाहर रोजगार योजना था परन्तु बाद में कांग्रेस ने ही इस योजना को महात्मा गांधी का नाम दे दिया था। अब विपक्ष इसे गांधी का नाम हटाने और मिटाने की भाजपाई कोशिश बता रहा है, जबकि सरकार के अनुसार वह गांधी के विचारों को और मजबूत कर रही है। हालांकि सरकार ने योजना का नाम बदलने के साथ ही इस योजना में कुछ सुधार और विस्तार करने का भी दावा किया है परन्तु कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल इसे गांधी का अपमान बता रहे हैं। कांग्रेस के अनुसार इससे योजना की मूल भावना ही बदल रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि जिस तरह अन्य कई योजनाओं, कानूनों, मार्गों, शहरों, स्टेशन आदि के नाम बदलना भाजपा की रणनीति का एक हिस्सा है उसी तरह महात्मा गांधी का नाम हटाना भी उसी मुहिम का एक हिस्सा है। भाजपा, गांधी का सम्मान करती है, सम्मान करने का दिखावा करती है या सम्मान करते हुए नजर आना उसकी मजबूरी है यह एक ऐसी वैचारिक बहस का मुद्दा है जो गांधी की हत्या के बाद से ही छिड़ा हुआ है। गांधी का हत्यारा कौन था, उसकी विचारधारा क्या थी? आज उस विचारधारा के अलंबरदार कौन लोग हैं? सत्ता से उनके क्या रिश्ते हैं यह बातें किसी से छुपी नहीं हैं। विगत दस वर्षों से तो खास तौर पर जिस तरह सत्ता समर्थित अनेक सांसदों द्वारा व इसी से जुड़े अनेक संगठनों के लोगों द्वारा जिसतरह गांधी का बार बार अपमान क्या गया, यहां तक कि उन्हें गोली मारने का दृश्य तक दोहराया गया, गांधी के हत्यारे आतंकी नाथू राम गोडसे का महिमामंडन किया गया, उसकी प्रतिमा लगाने तक के दुष्प्रयास किए गए यह सब इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी हैं कि वर्तमान सत्ता के साए तले महात्मा गांधी के प्रति नफरत खूब फली फूली है। आश्चर्य की बात तो यह है जिनके आदर्श नेताओं ने अंग्रेजों के तलवे चाटे थे, उनके रहम-ओ-करम पर जीने को मजबूर थे वही शक्तियां आज उस गांधी के अपमान पर उतारू हैं जिन्हें पूरी दुनिया, यहां तक कि खुद अंग्रेज भी झुककर सम्मान देते हैं? यह पहला मौका नहीं है जबकि मनरेगा से गांधी का नाम हटाया गया है। याद कीजिए 2017 में खादी ग्रामोद्योग आयोग ने हमेशा छपने वाले अपने कैलेंडर में महात्मा गांधी की चरखा घुमाती हुई तस्वीर की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समान मुद्रा वाली फोटो लगा दी थी। उस समय खादी ग्रामोद्योग के कर्मचारियों और विपक्ष ने भी इसे गांधी जी की विरासत का अपमान बताया था। उस समय सोशल मीडिया पर भी खूब फोटोशॉप्ड मीम्स व ट्रोलिंग हुई। भाजपा नेताओं को तो शायद गांधी का नाम भी सम्मान से लेने में परेशानी होती है। तभी अमित शाह ने महात्मा गांधी को जून 2017 को छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि गांधी एक चतुर बनिया था। उस समय भी कांग्रेस ने अमित शाह पर राष्ट्रपिता के लिए चतुर बनिया शब्द का इस्तेमाल कर गांधी का अपमान करने का आरोप लगाया था। उस समय भी कांग्रेस ने कहा था कि आजादी के बाद, बीजेपी ऐसा कर रही है, जैसा अंग्रेजों ने किया था। 31 अक्टूबर 2013 को गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का शिलान्यास गुजरात के नर्मदा जिले में केवड़िया के पास नर्मदा नदी के किनारे किया था। बाद में जब इसका निर्माण 2018 में पूरा हुआ तो नरेंद्र मोदी ने ही प्रधानमंत्री के रूप में इसका उद्घाटन भी किया। मूर्ति की ऊंचाई 182 मीटर है, जो आधार सहित कुल 240 मीटर बनती है।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी लोकतंत्र की पारदर्शिता और भारतीय संसद



विनीत नारायण

अमेरिकी राजनीति में हाल ही में एक बार फिर एक ऐसी घटना घटी जब एफबीआई निदेशक काश पटेल को कांग्रेस की हाउस ज्यूडिशियरी कमिटी के समक्ष सुनवाई के लिए बुलाया गया। यह सुनवाई दिसंबर 2025 में हुई, जहां पटेल को जेफरी एपस्टीन फाइलों, एफबीआई की पारदर्शिता और अन्य विवादास्पद मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ा। सुनवाई के दौरान एक एपस्टीन वीडियो चलाया गया, जिसने सदन में हंगामा मचा दिया। पटेल ने दावा किया कि एपस्टीन की फाइलों में कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है कि उन्होंने अन्य लोगों को ट्रैफिकिंग की गई पीड़िताएं प्रदान की थीं और जांच पुराने गैर-अभियोजन समझौतों से बंधी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने ही एपस्टीन के खिलाफ मामले को फिर से खोला था, जबकि पहले के प्रशासन द्धओबामा और बाइडेनऋ ने फाइलें जारी नहीं कीं। डेमोक्रेट सांसदों ने पटेल पर ट्रंप को बचाने का आरोप लगाया, जबकि पटेल ने इनकार किया और कहा कि सभी कानूनी रूप से जारी करने योग्य जानकारी साझा की जा रही है। सुनवाई में एजेंटों की पुनर्नियुक्ति, चार्ली किर्क की हत्या की जांच और एफबीआई के राजनीतिकरण जैसे मुद्दे भी उठे, जहां पटेल ने अपराध दर में कमी और गिरफ्तारियों में वृद्धि का हवाला दिया।

**पटेल ने इनकार किया कि संसाधनों का दुरुपयोग हुआ और कहा कि जांच चल रही है, लेकिन अदालती आदेशों से बंधे हैं। इस तरह की सुनवाई लाइव प्रसारित होती हैं, जो जनता को सीधे देखने का अवसर देती हैं और यह अमेरिकी संविधान की जांच और संतुलन की व्यवस्था का हिस्सा है। यदि तुलना की जाए तो भारत में भी संसद द्वारा किसी अधिकारी को बुलाने की प्रक्रिया है। लेकिन यह अमेरिकी कांग्रेस की तरह सार्वजनिक और नाटकीय नहीं होती। भारतीय संसद की स्थाई समितियां, जैसे लोक लेखा समिति ( पीएसी ), अनुमान समिति या संयुक्त संसदीय समिति ( जेपीसी ), अधिकारियों को बुला सकती हैं और पूछताछ कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में जेपीसी ने अधिकारियों को समन किया था, लेकिन यह कार्यवाहियां बंद दरवाजों के पीछे होती हैं, मीडिया को अनुमति नहीं होती और कोई लाइव ब्रॉडकास्ट भी नहीं होता। अमेरिका में जहां सुनवाई टीवी पर लाइव होती है और सांसद अधिकारियों को कड़े सवाल भी कर सकते हैं।**

यह सुनवाई अमेरिकी लोकतंत्र की एक प्रमुख विशेषता को दर्शाती है। कांग्रेस द्वारा कार्यकारी अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से जवाबदेह ठहराना एक परंपरा रही है। काश पटेल, जो ट्रंप के करीबी सहयोगी हैं और एफबीआई निदेशक के रूप में नियुक्त हुए, को सितंबर 2025 में भी सीनेट और हाउस कमिटियों के समक्ष पेश होना पड़ा था, लेकिन दिसंबर की सुनवाई अधिक विवादास्पद रही क्योंकि इसमें एपस्टीन स्कैंडल पर फोकस था। सुनवाई के दौरान सांसदों ने पटेल से सीधे सवाल किए, जैसे एपस्टीन फाइलों में ट्रंप का नाम कितनी बार आया और क्यों रेडैक्शन के लिए लगभग 1,000 एजेंटों को लगाया गया। पटेल ने इनकार किया कि संसाधनों का दुरुपयोग हुआ और कहा कि जांच चल रही है, लेकिन अदालती आदेशों से बंधे हैं। इस तरह की सुनवाई लाइव प्रसारित होती हैं, जो जनता को सीधे देखने का अवसर देती हैं और यह अमेरिकी संविधान की जांच और संतुलन की व्यवस्था का हिस्सा है। यदि तुलना की जाए तो भारत में भी संसद द्वारा किसी अधिकारी को बुलाने की प्रक्रिया है। लेकिन यह अमेरिकी कांग्रेस की तरह सार्वजनिक और नाटकीय नहीं होती। भारतीय संसद की स्थाई समितियां, जैसे लोक लेखा समिति (पीएसी), अनुमान समिति या संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी), अधिकारियों को बुला सकती हैं और पूछताछ कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में जेपीसी ने अधिकारियों को समन किया था, लेकिन यह कार्यवाहियां बंद दरवाजों के पीछे होती हैं, मीडिया को अनुमति नहीं होती और कोई लाइव ब्रॉडकास्ट भी नहीं होता। अमेरिका में जहां सुनवाई टीवी पर लाइव होती है और सांसद अधिकारियों को कड़े सवाल भी कर सकते हैं, भारत में यह गोपनीय रहती है ताकि जांच प्रभावित न हो। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 और 118 के तहत समितियां स्वतंत्र हैं, लेकिन सार्वजनिक सुनवाई की परंपरा नहीं है। क्या भारत में कभी ऐसी सुनवाई हो सकती है? यह संभव है, लेकिन राजनीतिक घोटालों के बावजूद मुश्किल। भारत संसदीय प्रणाली पर आधारित है, जहां कार्यकारी और विधायिका में फ्यूजन है, जबकि अमेरिका राष्ट्रपति प्रणाली में पृथक्करण है। जबकि यहां प्रधानमंत्री और मंत्री संसद के सदस्य होते हैं, इसलिए अधिकारी को बुलाना मंत्री की जिम्मेदारी पर सवाल उठा सकता है, जो राजनीतिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। यदि कोई बड़ा घोटाला हो, जैसे राफेल डील या कोयला घोटाला आदि, तो जेपीसी तो अवश्य बन सकती है, लेकिन सार्वजनिक सुनवाई से राजनीतिक पार्टियां डरती हैं क्योंकि इससे संसद में हंगामा, इस्तीफे या सरकार गिरने का खतरा होता है। हालांकि, डिजिटल युग में पारदर्शिता की मांग बढ़ रही है। यदि संसद नियमों में संशोधन करे, जैसे सुनवाई को लाइव प्रसारित करने का प्रावधान, तो यह संभव हो सकता है, लेकिन वर्तमान राजनीतिक संस्कृति में, जहां विपक्ष और सत्ता पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं, ऐसी सुनवाई से घोटाला ही फूट सकता है, जैसे संसद में अवरोध या मीडिया ट्रायल। फिर भी, लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह विचारणीय है। किसी भी लोकतंत्र में, सत्ता में कोई भी पार्टी क्यों न हो, ऐसे अधिकारियों को बुलाने के कई लाभ हैं। सबसे पहले, यह जवाबदेही सुनिश्चित करता है। चुने हुए प्रतिनिधि कार्यकारी अधिकारियों से सवाल कर सकते हैं, जो जनता की ओर से होता है। इससे भ्रष्टाचार, दुरुपयोग या नीतिगत असफलताओं पर रोशनी पड़ती है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में पटेल की सुनवाई से एपस्टीन फाइलों पर जनता को जानकारी मिली, जो अन्यथा छिपी रह सकती थी। भारत में यदि ऐसा हो, तो सरकारी योजनाओं या जांचों की पारदर्शिता अवश्य बढ़ेगी। दूसरा, यह जांच और संतुलन की व्यवस्था को मजबूत करता है। लोकतंत्र में कोई भी शाखा निरंकुश नहीं होनी चाहिए। विधायिका द्वारा कार्यकारी को बुलाना सत्ता के दुरूपयोग को रोकता है। सत्ता मेंचाहे भाजपा हो या कांग्रेस, यह प्रक्रिया नीतियों को जनहित में रखती है। तीसरा, जनता की भागीदारी बढ़ती है। सार्वजनिक सुनवाई से लोग सूचित होते हैं, जो मतदान और सक्रिय नागरिकता को प्रोत्साहित करता है। चौथा, यह राजनीतिक पार्टियों को पारदर्शी बनाता है, क्योंकि सत्ता पक्ष को अपनी नीतियों का बचाव करना पड़ता है, जबकि विपक्ष को रचनात्मक सवाल करने पड़ते हैं। इससे लोकतंत्र की गुणवत्ता सुधरती है। हालांकि, इस सब के नुकसान भी हो सकते हैं, जैसे राजनीतिकरण या मीडिया ट्रायल, लेकिन देखा जाए तो लाभ अधिक हैं। पटेल की सुनवाई से अमेरिका में एफबीआई की विश्वसनीयता पर बहस हुई, जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है। भारत में यदि ऐसी व्यवस्था आए, तो घोटालों के बावजूद, यह देश को मजबूत बनाएगा और जवाबदेही व पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन ने टेक्नोलॉजी के दम पर जीती प्रदूषण से जंग

## चीन के शहरों में भी स्मॉग की चादर बिछी रहती थी और लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत होती थी

**बीजिंग।** उत्तर भारत के कई शहर जिस दमघोंटू हवा से जूझ रहे हैं, करीब एक दशक पहले चीन के हालात भी कुछ ऐसे ही थे। वहां के शहरों में भी स्मॉग की चादर बिछी रहती थी और लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत होती थी। लेकिन चीन ने हार नहीं मानी और तकनीक के सही तालमेल से अपनी आबोहवा को पूरी तरह बदल दिया।

आज चीन के कई शहरों में वायु गुणवत्ता में जो सुधार आया है, वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गया है। आइए जानते हैं चीन ने तकनीक की मदद से कैसे प्रदूषण को मात दी और शहरों की हवा को सांस लेने लायक बनाया। चीन में प्रदूषण की यह समस्या 1978 के आर्थिक उदारीकरण के बाद शुरू हुई, जब वहां फैक्ट्रियों, बिजली घरों और गाड़ियों की तादाद अचानक बढ़ गई। कोयले पर निर्भरता और खेतों में जलती पराली ने हवा को जहरीला बना दिया था। इस समस्या ने पूरी दुनिया का ध्यान तब खींचा जब 2008 में बीजिंग ओलंपिक हुए। अंतर्राष्ट्रीय दबाव और देश के भीतर बढ़ते गुस्से को देखते हुए चीन सरकार ने समझ लिया कि अब हाथ पर हाथ धरे बैठने का समय निकल चुका है। चीन ने अपनी हवा सुधारने के लिए सबसे पहले उन रास्तों को चुना जो सबसे ज्यादा धुआं उगल रहे थे। सरकार ने कोयले के इस्तेमाल को धीरे-धीरे कम करना शुरू किया और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया। इसका सबसे बेहत. रीन उदाहरण शेन्जेन शहर है, जिसने अपनी हजारों बसों के पूरे बेड़े को रातों-रात इलेक्ट्रिक में बदल दिया। इन फैसलों ने न केवल सड़कों से धुआं कम किया, बल्कि शहरों में शोर और प्रदूषण के स्तर को भी काफी हद तक नीचे गिरा दिया। चीन की इस लड़ाई में आधुनिक तकनीक सबसे बड़ा हथियार साबित हुई। पूरे देश में हजारों की संख्या में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाए गए, जो चौबीसों घंटे हवा की शुद्धता पर नजर रखते हैं। प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों की सही पहचान के लिए सैटेलाइट और हाई-टेक ड्रोन्स का सहारा लिया गया। इतना ही नहीं, चीन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डेटा का इस्तेमाल करके एक ऐसा सिस्टम बनाया जो पहले ही बता देता है कि मौसम की स्थिति के हिसाब से प्रदूषण कब और कहां बढ़ सकता है।



■ कोयले पर निर्भरता और खेतों में जलती पराली ने हवा को जहरीला बना दिया था

# कंबोडिया-थाइलैंड संघर्ष में अब तक 19 कंबोडियाई नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच फिर से शुरू हुए सीमा संघर्ष में 15 दिनों में मरने वाले कंबोडियाई नागरिकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय की राज्य उप-सचिव और प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 दिसम्बर को स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे तक मरने वाले 19 लोगों में एक शिशु भी शामिल है। अब तक 79 नागरिक घायल भी हुए हैं। कंबोडिया-थाईलैंड सीमा संघर्ष 7 दिसम्बर से फिर से भड़क उठा है, जिससे दोनों पक्षों को काफी नुकसान पहुंचा है।




रांची। शीत ऋतु की सुबह कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने के बीच यात्री रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंचते हुए।

# 'वर्क वीजा' वाले कर्मचारियों को अमेरिका छोड़ने से रोक रहे गूगल, ऐप्पल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल और ऐप्पल नौकरी वाले वीज़ा पर अमेरिका आए कर्मचारियों को देश छोड़ने से रोक रहे हैं। बिजनेस इनसाइडर ने एक ईमेल का हवाला देते हुए यह दावा किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, गूगल और ऐप्पल कुछ 'वर्क वीजा' वाले कर्मचारियों को दूतावास में देरी के कारण अमेरिका से बाहर यात्रा न करने की सलाह दे रहे हैं। दोनों कंपनियों के बाहरी कानूनी सलाहकारों ने उन कर्मचारियों को ईमेल भेजे हैं जिन्हें अमेरिका में फिर से प्रवेश के लिए वीजा स्टैंप की ज़रूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरीकी सेना ने वेनेजुएला के तट से दूसरा तेल टैंकर पकड़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि सेना ने वेनेजुएला के तट से एक और तेल टैंकर पकड़ा है। नोएम ने शनिवार को एक्स पर कहा कि आज सुबह 20 दिसम्बर को एक कार्रवाई में, अमरीकी तटीय गार्ड ने युद्ध विभाग की मदद से एक तेल टैंकर पकड़ा जो आखिरी बार वेनेजुएला में खड़ा किया गया था। इससे पहले अमरीकी सेना ने 10 दिसम्बर को वेनेजुएला के तट से एक तेल टैंकर पकड़ा। वेनेजुएला सरकार ने इस कदम की 'एक खुली चोरी और अंतर्राष्ट्रीय लूट' कहकर निंदा की है।

### जापान राष्ट्रीय एआई परियोजना शुरू करेगा

**टोक्यो।** जापान निजी क्षेत्र के साथ मिलकर लगभग तीन ट्रिलियन येन (लगभग 19 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की लागत से एक राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रणाली परियोजना शुरू करेगा। 'योमिउरी' समाच. ार पत्र ने बताया कि सॉफ्टबैंक और दस से अधिक अन्य जापानी कंपनियों द्वारा अगले वसंत में देश का सबसे बड़ा 'एआई बेसलाइन मॉडल' विकसित करने के लिए एक नया उद्यम स्थापित करने की उम्मीद है। इस परियोजना का उद्देश्य जापान, अमेरिका और चीन के बीच एआई के मामले में बढती खाई को पाटना है।

### जापान के अमोरी प्रांत में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** उत्तरी जापान के अमोरी प्रान्त के तट पर रविवार को 5.5 की तीव्रता वाला भूकंप आया। जापान मौसम एजेंसी (जेएमए) ने यह जानकारी दी है। जेएमए के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10:29 बजे अमोरी के प्रशांत तट पर 50 किमी की गहराई में आया। भूकंपीय पैमाने' पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई। भूकंप का केंद्र 40.7 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142.3 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इसे लेकर सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## उस्मान हादी हत्या मामला: न्याय की मांग तेज हुई

# बांग्लादेश सरकार को 24 घंट का अल्टीमेटम

■ आक्रोशित छात्र नेता बोले: हत्यारों को गिरफ्तार करो, अनिश्चितकालीन धरने की धमकी, होम एडवाइजर से इस्तीफा देने की मांग

**ढाका।** भारत और शेख हसीना के विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इंकलाब मंच के सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने कहा कि अगर सरकार आज शाम तक हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार नहीं करती, तो शाहबाग चौराहे पर रविवार शाम से अनिश्चितक. ालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। कल हादी के अंतिम संस्कार के बाद दोपहर 3 तीन बजे शाहबाग चौराहे पर हुए रैली में यह अल्टीमेटम जारी किया गया।

रैली मे इंकलाब मंच ने करीब दो घंटे तक इलाके को ब्लॉक रखा। जाबेर ने होम एडवाइजर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी और मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक खुदा बख्श चौधरी से 24 घंटे के अंदर इस्तीफा देने की मांग की। जाबेर ने सरकार के सामने दो मुख्य मांगें रखीं है, जिसमें पहली, हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी, और दूसरी अवामी लीग से जुड़े कथित सिविल-मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंटों की गिरफ्तारी है। इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को हादी के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। जाबेर ने सरकार से पूछा कि आपने उस्मान हादी के हत्यारों को पकड़ने के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि यह हत्या एक व्यक्ति का काम नहीं है, बल्कि इसके पीछे पूरा एक सिडिकेट है। जाबेर ने किसी राजनीतिक दल पर सीधे शक नहीं जताया, लेकिन कहा कि कोई भी दल संदेह से ऊपर नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हादी सिर्फ अवामी लीग के लिए ही नहीं, बल्कि कई अन्य राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या था। उन्होंने चेतावनी दी कि हत्यारों का बचाव करने वालों और उनका सार्वजनिक समर्थन करने वालों को भी न्याय के दायरे में लाया जाए। भारत ने बांग्लादेश के चटगांव शहर में भारतीय वीजा सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी हैं। यह फैसला वहां की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और हाल की हिंसक घटनाओं के बाद लिया गया है। चटगांव स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने 21 दिसम्बर से सभी तरह की वीजा सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित कर दी हैं। वीजा आवेदन केंद्र की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि सुरक्षा हालात की समीक्षा के बाद ही वीजा सेवाएं दोबारा शुरू करने पर फैसला लिया जाएगा। तब तक चटगांव में भारतीय वीजा से जुड़ी सभी सेवाएं बंद रहेंगी। जाबेर ने आगे आरोप लगाया कि आगामी चुनावों को बाधित करने और शेख हसीना की अवामी लीग को फिर से सत्ता में लाने की साजिश चल रही है। उन्होंने हादी को 'जनता की आवाज' और 'बांग्लादेश की स्वतंत्रता और संप्रभुता का प्रतीक' बताया। साथ ही, समर्थकों से शांत रहने और तोड़फोड़ से बचने की अपील की। हादी के जनाजे में शनिवार को लाखों लोग शामिल हुए। हादी को बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। इससे पहले दोपहर 2:30 बजे संसद भवन के साउथ प्लाजा में जनाजे की नमाज अदा की गई।



■ भारत ने चटगांव में वीजा सेवाएं अनिश्चितकाल को बंद कीं, सुरक्षा हालात की समीक्षा के बाद सेवाएं शुरू करने पर फैसला होगा

### बंगबंध शेख मुजीब हॉल का नाम रखा गया उस्मान हादी हॉल

**ढाका।** छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता लगातार बढ़ती जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राजधानी ढाका सहित कई इलाकों में असंतोष का माहौल है। लोग अभी भी सड़कों पर हैं। इस बीच ढाका यूनिवर्सिटी ने अपने एक हॉल का नाम बदलकर शरीफ उस्मान हादी कर दिया है। इस हॉल का नाम बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नाम पर था। हादी एक युवा नेता थे और जुलाई के विद्रोह में शामिल थे, जिसमें शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। बता दें कि सिर में गोली लगने के छह दिन बाद गुरुवार को हदी की मौत हो गई थी। उन्हें 12 दिसम्बर को सेंट्रल ढाका में एक चुनावी अभियान के दौरान नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मार दी थी, जिसके बाद सिगापुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद पूरे बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसक घटनाएं हुईं। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, हॉल यूनियन ने शनिवार को मुख्य गेट पर लगी शेख मुजीबुर रहमान के नाम की नेमप्लेट हटाकर उसकी जगह 'शहीद शरीफ उस्मान हादी हॉल' नाम की नेमप्लेट लगा दी।

# अमेरिकी घेराबंदी के चलते वेनेजुएला का व्यापार ठप

■ दूसरा व्यापारिक जहाज भी जब्त किया तेल टैंकर को भी जब्त कर लिया था, मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ा
■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ाते ही जा रहे हैं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है और अब यह इस कदर बढ़ गया है कि अमेरिका ने वेनेजुएला का पूरा विदेशी व्यापार ही ठप कर दिया है। दरअसल अमेरिका ने वेनेजुएला के दूसरे व्यापारिक जहाज को भी जब्त कर लिया है। इससे पहले भी अमेरिका ने वेनेजुएला के एक तेल टैंकर को भी जब्त कर लिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ाते ही जा रहे हैं। अमेरिकी अधिका. रियों ने इस घटनाक्रम की जानकारी दी। यह कदम ट्रम्प के उस एलान के बाद सामने आया है, जिसमें ट्रम्प ने वेनेजुएला की घेराबंदी करने और सभी तेल टैंकरों को वेनेजुएला से लाने-ले जाने पर रोक लगाने का एलान किया था। इस एलान के बाद बीती 10 दिसम्बर को भी अमे. रिकी सुरक्षा बलों ने वेनेजुएला के तट पर उसके एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया था। अधिका. रियों ने बताया कि व्यापारिक जहाज को जब्त करने की ताजा कार्रवाई आपसी सहमति से हुई। जिसमें अमेरिकी अधिकारी जहाज पर चढ़े और उन्होंने जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। ट्रम्प, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोसल मादुरो को कह चुके हैं कि अब उनके सत्ता में रहने के गिने-चुने ही दिन बचे हैं। ट्रम्प ने हाल ही में मांग की थी कि वेनेजुएला ने जो वर्षों पहले अमेरिकी तेल कंपनियों की जो संपत्तियां जब्त की थी, अब वे उन्हें वापस करें। यही वजह है कि वेनेजुएला पर दबाव बनाने के लिए ट्रम्प ने वेनेजुएला की घेराबंदी की है। अमेरिकी सेना के युद्धक जहाज और युद्धपोत प्रशांत महासागर में तैनात हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को भी डर है कि अमेरिका उनके देश पर हमला कर सकता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो संयुक्त राष्ट्र से अमेरिकी घेराबंदी खत्म कराने की अपील कर चुके हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने भी दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

# मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पत्ति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए है। फोर्ब्स मैगज़ीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोर्ब्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल सम्पति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से जयादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी। हाल ही में मार्च 2020 तक मस्क की कुल सम्पति 24.6 अरब अमरीकी डॉलर आंकी गई थी। जनवरी 2021 में वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उसी साल उन्होंने 300 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया और 2024 में मस्क की कुल सम्पति बढ़कर 500 अरब डॉलर से जयादा हो गई।

# अमेरिकी विधि विभाग की वेबसाइट से 16 एप्स्टीन केस फाइल गायब

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध होने का संदेह

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विधि विभाग की वेबसाइट के उस विभाग से कम से कम 16 फाइलें गायब हो गई हैं, जहाँ फाइनेंसर जेफरी एप्स्टीन के मामले से संबंधित दस्तावेज प्रकाशित किए गए थे। अमेरिकी विधि विभाग ने शनिवार को कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी और कई रिपब्लिकन सांसदों के समर्थन से पारित एक कानून के तहत एप्स्टीन मामले की कुछ सामग्री जारी की थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध होने का संदेह है, हालांकि अभी तक कोई विशिष्ट सबूत पेश नहीं किया गया है कि अमेरिकी नेता बच्चों के यौन शोषण में शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, गायब फाइलों में नग्न महिलाओं की पेंटिंग की तस्वीरें शामिल थीं। साथ ही एक ऐसी तस्वीर भी गायब है जिसमें एक ड्रेसर और दराजों पर रखी तस्वीरों की एक श्रृंखला दिखाई गई थी, जिसमें एप्स्टीन, मेलानिया ट्रंप और एपस्टीन की लंबे समय तक सहयोगी रही घिसलेन मैक्सवेल के साथ ट्रंप की एक तस्वीर भी शामिल थी। गौरतलब है कि एप्स्टीन पर 2019 में संयुक्त राज्य अमेरिका में 'सेक्स ट्रैफिकिंग' और अपराध करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, जिसमें उसे 40 वर्षों से अधिक की जेल का सामना करना पड़ सकता था। अभियोजकों के अनुसार, 2002 और 2005 के बीच एपस्टीन ने दर्जनों नाबालिग लड़कियों के साथ यौन संबंध बनाए, जिन्हें उसने न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा में अपने आवासों पर बुलाया था। वह उन्हें नकद भुगतान करता था और फिर कुछ पीड़ितों को और लड़कियों को लाने के लिए 'रिक्रूटर्स' के रूप में नियुक्त करता था। कुछ पीड़ितों की उम्र मात्र 14 वर्ष थी। जुलाई 2019 की शुरुआत में न्यूयॉर्क शहर की एक मैनहट्टन अदालत ने एप्स्टीन की पेशी के बाद उसे हिरासत में रखने का आदेश दिया और जमानत देने से इनकार कर दिया था। उसी वर्ष जुलाई के अंत में यह बताया गया कि एप्स्टीन जेल की एक सेल में आधी-बेहोशी की हालत में पाया गया था और बाद में उसकी मौत हो गई थी। जांच में निष्कर्ष निकाला गया कि उसने आत्महत्या की थी। एप्स्टीन मामले में जनता की दिलचस्पी तब फिर से बढ़ गई जब ट्रंप प्रशासन वादे के मुता. बिक फाइलों को सार्वजनिक करने में विफल रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति की आलोचना तब और तेज हो गई जब फेडरल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) और विधि विभाग ने कहा कि एप्स्टीन ने प्रभावशाली व्यक्तियों को ब्लैकमेल नहीं किया था और न ही कोई क्लाइंट लिस्ट रखी थी, जबकि अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने इसके विपरीत दावा किया था।



■ गायब फाइलों में नग्न महिलाओं की पेंटिंग की तस्वीरें शामिल थीं

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी
शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर

# जोहानिसबर्ग के शराबखाने में अंधाधुंध फायरिंग

## नौ लोगों की मौत, पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में रविवार को भीषण गोलीकांड की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक जोहानिसबर्ग के पश्चिम में स्थित बेकर्सडाल टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में नौ लोगों के मारे जाने की आशंका हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है।

गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। रविवार को जोहानिसबर्ग में हुई सामूहिक गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने एक अवैध शराबखाने में घुसकर बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे दहशत और अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पहले इस गोलीबारी में 10 लोगों के मारे जाने की बात कही जा रही थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो गाड़ियों में सवार हमलावरों ने शराबखाने में मौजूद लोगों पर गोलियां चलाईं और घटनास्थल से भागते समय भी अंधाधुंध फायरिंग करते रहे। प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन से कहा कि मृतकों में एक ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर मौजूद था। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने हमले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी संदिग्ध या मकसद का पता नहीं चल पाया है। माना जा रहा है कि गोलीबारी में मरने वालों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। दक्षिण अफ्रीका में यह इस महीने की दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। हालिया घटना के बाद से ही देश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। बेकर्सडाल टाउनशिप में अवैध रूप से शराब परा. 'से जाने की बात सामने आई है। गौरतलब है कि दिसम्बर महीने की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के पास गोलीबारी की घटना हुई थी। यहां एक हॉस्टल में बंदूकधारियों के हमले में तीन साल के एक बच्चे समेत 12 लोगों की मौत हो गई थी।




■ घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया

# संयुक्त राष्ट्र में गूंजा शांति का मंत्र

■ श्रीश्री रवि शंकर के सानिध्य में मना दूसरा विश्व ध्यान दिवस

**न्यूयॉर्क।** विश्व के सबसे बड़े कूटनीतिक मंच, संयुक्त राष्ट्र के गलियारे अनूठी शांति और गहन मौन के साक्षी बने। गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर के सानिध्य में मनाए गए दूसरे विश्व ध्यान दिवस में प्राचीन भारतीय विरासत और आधुनिक कूटनीति का संगम देखने को मिला।

यूक्रेन के सैनिकों से लेकर वैश्विक राजदूतों तक सभी के लिए ध्यान मानसिक शांति का सेतु बना। कार्यक्रम के दौरान वैश्विक नेताओं, राजदूतों और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने एक सुर में स्वीकार किया कि युद्ध, मानसिक तनाव और अशांति से जूझती दुनिया के लिए ध्यान अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। आर्ट ऑफ लिविग के संस्थापक और वैश्विक आध्यात्मिक गुरु, गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर ने न सिर्फ ध्यान के दर्शन को समझाया, बल्कि वहां उपस्थित दुनिया भर के प्रति. निधियों को 20 मिनट के मार्गदर्शित ध्यान सत्र के जरिये एक सूत्र में पिरो दिया। दर्शन और ध्यान का अंतर, खाली कटोरे की कहानी: संबोधन की शुरुआत गुरुदेव ने एक मर्मस्पर्शी कथा से की। उन्होंने बताया कि कैसे विभिन्न दार्शनिकों के भरे हुए कटोरे (विचारों) को खाली कर शिक्षक ने एकता का संदेश दिया। गुरुदेव ने कहा दर्शन शास्त्र मन को विचारों से भरते हैं, लेकिन ध्यान व्यक्ति को विचारों के पार ले जाकर उस साझा शांति के क्षेत्र में पहुंचाता है जहां से स्पष्टता का जन्म होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108